CMYK

अधिकतम :27°C
न्यूनतम : 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 13 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 89 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 21 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

उप्र में किराएदारों और मकान मालिकों को बड़ी राहत

पेज 2

वनडे बैटर्स रैंकिंग में कोहली ने बाबर को पीछे छोड़ा

खेल टाइम्स

कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन भयावह

सम्पादकीय

एच-1बी वीजा पर नरम पड़े ट्रम्प के तेवर

पेज 12

जनवरी में रची गई ब्लास्ट की साजिश

दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी लेडी टेररिस्ट, देशभर में रेलवे स्टेशन व मॉल में थी धमाकों की योजना

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली धमाका करने वाले आतंकियों का ग्रुप फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से संचालित हो रहा था। सूत्रों के मुताबिक धमाकों की साजिश जनवरी से की जा रही थी। फरीदाबाद से गिरफ्तार डा. शाहीन शाहिद ने बताया कि वह पिछले दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी। शाहीन और उसके साथियों को मिलाकर एक व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल बनाया गया था। यानी इसमें पेशेवर लोगों को शामिल किया गया था। इसमें शामिल आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद नाम के संगठनों जुड़े थे।

इधर पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। लाल रंग की इस फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का नंबर डीएल10- सीके-0458 है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था। अलर्ट जारी होने के बाद बुधवार शाम को ही कार को हरियाणा के खंदावली गांव के पास से बरामद किया गया है। यह कार डा. उमर उन नबी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस सूत्रों ने आशंका जताई थी कि इसमें भी विस्फोटक हो सकता है। दिल्ली ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आतंकियों ने देशभर में 200 बम (आईईडी) से 26/11 जैसे हमले करने की साजिश रची थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली के लाल किला, इंडिया गेट, कॉन्स्टीट्यूशन क्लब और गौरी शंकर मंदिर जैसी जगह धमाके किए जाने थे। आतंकियों के टारगेट पर गुरुग्राम और फरीदाबाद के साथ देशभर के रेलवे स्टेशनों और बड़े मॉल्स भी थे। जांच एजेंसियों का कहना है कि वे धार्मिक स्थलों पर हमला कर देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और अनंतनाग के डाक्टरों को चुना, ताकि वे बिना रोकटोक कहीं भी जा सकें। वहीं दिल्ली में लालकिला के पास 10 नवम्बर को हुए धमाके के पीछे जैश-ए-मोहम्मद का नया व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल (आतंकियों का ग्रुप) उजागर हुआ है। इस मॉड्यूल में डाक्टर, प्रोफेसर और महिला सदस्य शामिल थे, जो पाकिस्तानी हैंडलर्स के सीधे संपर्क में थे।

बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश: हमलावरों ने गणतंत्र दिवस पर लाल किले पर हमले की रची थी साजिश

नई दिल्ली। दिल्ली विस्फोट के आरोपी डा. मुज़म्मिल और डा. उमर ने एक बड़ी आतंकी साजिश के तहत लालकिले की रेकी की थी और इस मॉड्यूल की साजिश गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को लालकिले को निशाना बनाने की थी। शीर्ष सूत्र ने यह भी खुलासा किया है कि यह मॉड्यूल दिवाली के दौरान भी भीड़भाड़ वाली जगह पर हमले की भी साजिश रच रहा था। हमने खुलासा किया है कि उसने कथित आत्मघाती हमलावर डा. मुज़म्मिल ने डा. उमर के साथ मिलकर जनवरी के पहले हफ्ते में लालकिले की रेकी की थी। यह जानकारी डा. मुज़म्मिल के फोन के डंप डेटा से प्राप्त की गई थी। यह खुलासा तब हुआ जब सुरक्षा एजेंसियों को डाक्टर आतंकी मॉड्यूल मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली। 10 नवम्बर को शाम 6:52 बजे लालकिले के बाहर हुए विस्फोट के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

चार अक्टूबर को सहारनपुर में एक शादी में बना था आतंकियों का ग्रुप

अब तक 15 गिरफ्तार, तीन लिए हिरासत में

56 डाक्टरों से पूछताछ, फरीदाबाद के खंदावली गांव से बरामद हुई लाल रंग की इको स्पोर्ट कार

एनआईए ने कार विस्फोट की जांच के लिए बनाई 10 सदस्यीय टीम

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली कार विस्फोट की जांच के लिए अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) विजय साखरे के नेतृत्व में दस सदस्यीय विशेष टीम गठित की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली कार विस्फोट की जांच की जिम्मेदारी मंगलवार को एनआईए को सौंपी थी। जांच एजेंसी ने एक दिन बाद ही इसके लिए टीम का गठन कर दिया। इस टीम में एक महानिरीक्षक (आईजी), दो उप महानिरीक्षक (डीआईजी), तीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शामिल हैं। एनआईए की जांच में दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि दिल्ली कार विस्फोट के तार पाकिस्तान से जुड़े होने के सबूत मिले हैं। डा. मुज़म्मिल शकील और अन्य संदिग्धों से पूछताछ में प्राप्त जानकारी के आधार पर विस्फोट का पाकिस्तान से संबंध जुड़ रहा है।

दिल्ली की तरह बंगाल को भी थी दहलाने की साजिश!

कोलकाता। देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार शाम को लालकिला के पास हुए एक कार धमाके के बाद पूरे देश में गहमागहमी बढ़ गई है। इतना ही नहीं, इस कार विस्फोट की घटना को लेकर अब नए-नए खुलासे भी हो रहे हैं। इस बीच, पश्चिम बंगाल पुलिस ने बीरभूम जिले से 20 हजार जिलेटिन छड़ें बरामद की हैं। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक मिलने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या इन दोनों घटनाओं में कोई कनेक्शन है और क्या आतंकी दिल्ली की तरह ही बंगाल को भी दहलाने की साजिश रच रहे थे? पुलिस ने बताया कि 50 बैग में भरकर 20 हजार जिलेटिन छड़ों को एक पिकअप वैन से जब्त किया गया। यह वैन पड़ोसी राज्य झारखंड के पाकुड़ से बंगाल जा रही थी। मंगलवार की रात बीरभूम में सुल्तानपुर नलहाटी रोड पर पुलिस ने जांच के दौरान इस पिकअप वैन को पकड़ा। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

विमान को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग, अलर्ट

वाराणसी। मुंबई से वाराणसी जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को बीच उड़ान के दौरान बम की धमकी मिलने की सूचना है। इसके बाद वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि विमान की पूरी जांच कर ली गई है। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। विमान को सुरक्षित घोषित किया गया है और अब एयरपोर्ट का संचालन सामान्य हो गया है। जानकारी के अनुसार, सूचना के बाद विमान की तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद उसे आइसोलेशन में भी ले जाया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि बम निरोधक दस्ते द्वारा विमान की विस्तृत जांच की जा रही है। अधिकारी धमकी के स्रोत की जांच शुरू कर चुके हैं। मुंबई से वाराणसी पहुंचे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना से हड़कंप गया था। यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया। सीआईएसएफ के साथ स्थानीय पुलिस भी सर्च ऑपरेशन में शामिल रही। विमान में 182 यात्री सवार थे। वाराणसी जाने वाली हमारी एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार, सरकार द्वारा नियुक्त बम खतरा आकलन समिति को तुरंत सूचित किया गया और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय तुरंत शुरू किए गए।

संक्षिप्त समाचार

राहुल ने जेन-जी को दिखाई 2047 के अपने विजन के भारत की तस्वीर

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह देश की आजादी के सौ साल पूरा होने पर ऐसे भारत की कल्पना करते हैं, जहां कम हिंसा हो, लोगों में गुस्सा या नफरत हो और सबको अपने हिसाब से जीने की आजादी रहे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया फेसबुक पर अपने एक पोस्ट में कहा कि उनकी सोच का 2047 का ऐसा भारत होना चाहिए, जहां न हिंसा हो, न नफरत हो और न लोगों में किसी तरह का भय और गुस्सा हो। उन्होंने दो दिन पहले यहां जेन-जी के साथ बातचीत में 2047 के अपने विजन के भारत को लेकर उनके सवालों का जवाब दिया और बुधवार को इसे फेसबुक पर शेयर किया। फेसबुक पोस्ट पर उन्होंने लिखा कि देश के जेन-जी की बातें और उनके विचारों की गहराई देखकर उन्हें इन बच्चों से बहुत उम्मीद है।

राजधानी दिल्ली के वजीरपुर में एक्यूआई 459 पर पहुंचा

नई दिल्ली। देशभर में ठंड का असर दिखने लगा है। मध्य प्रदेश बर्फीली हवाओं से नवम्बर में ही ठिठुर गया है। मंगलवार रात 11 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। वहीं, अगले 4 दिन तक कोल्ड वेव का अलर्ट है। राजस्थान में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार रात कई शहरों में रात का टेम्प्रेचर 10 डिग्री से नीचे आ गया। मौसम विभाग ने सीकर में चार दिन और टोंक में एक दिन कोल्ड वेव चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इधर, दिल्ली की हवा बेहद खराब हो गई है। बुधवार सुबह औसत एक्यूआई 413 दर्ज हुआ, जो 'गंभीर' श्रेणी में है। वजीरपुर में सबसे ज्यादा 459 रहा। आनंद विहार, चांदनी चौक, बवाना, रोहिणी और आईटीओ समेत ज्यादातर इलाकों में भी हवा खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 लागू कर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कक्षा-5 तक के छात्रों की ऑनलाइन (हाईब्रिड) तरीके से पढ़ाई और दिल्ली में निर्माण कार्यों पर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए। इसके अलावा बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार-पहिया वाहनों को बैन कर दिया गया है।

सोने की तस्करी करने वाले गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने ऑपरेशन बुलियन ब्लेज़ के तहत मुंबई में सोने की तस्करी कर उसे पिघलाने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 11.88 किलोग्राम सोना ज़ब्त किया है। डीआरआई ने बुधवार को बताया कि ऑपरेशन बुलियन ब्लेज़ के तहत मुंबई में सोने की तस्करी, उसे गुप्त भट्टियों में पिघलाने और परिष्कृत सोने को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में बेचने में शामिल एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर दस नवम्बर को मुंबई में चार गुप्त स्थानों पर सोने को पिघलाने वाली दो अवैध इकाइयों और सोने को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में बेचने से जुड़ी दो अपंजीकृत दुकानों की तलाशी ली।

मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की ली बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमित शाह, एनएसए डोभाल और राजनाथ भी मौजूद रहे
दिल्ली विस्फोट के घायलों से मिले पीएम

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

दिल्ली लाल किला धमाके के बाद मोदी ने यह बैठक ली है। आपॅरेशन सिंदूर के पहले भी मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक ली थी। बैठक में दिल्ली लाल किला धमाके की अब तक की जांच, सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट और आगे की रणनीति पर बात हो सकती है। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी मौजूद हैं। मोदी ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की थी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान यात्रा से लौटते ही बुधवार को यहां लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल जाकर दिल्ली विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। श्री मोदी विस्फोट के एक दिन बाद मंगलवार को भूटान की दो दिन की यात्रा पर गए थे और बुधवार दोपहर वहां से लौटते ही वह हवाई अड्डे से सीधे अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिले। डाक्टरों और अधिकारियों ने उन्हें उपचार से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने विस्फोट में घायल लोगों से बातचीत कर उनकी तबियत के बारे में पूछा और डाक्टरों से उनके उपचार के बारे में जानकारी ली।

भाजपा सांसद कंगना रणौत केस में फिर होगी सुनवाई

आगरा। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत के खिलाफ दायर रिवीजन में बुधवार को सुनवाई हुई। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए लोकेश कुमार ने रिवीजन स्वीकार कर 6 मई 2025 को परिवाद में पारित हुए आदेश को निरस्त कर दिया है। अवर न्यायालय को निर्देश दिए हैं कि बीएनएसएस की धारा 225 के प्रावधानों के अनुपालन बाद पत्रावली पर मौजूद तथ्य व साक्ष्यों के आधार पर फिर से सुनवाई करें। 29 नवम्बर को अगली सुनवाई होगी। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने 11 सितम्बर 2024 को कंगना रणौत के खिलाफ अदालत में वाद दायर किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब व हरियाणा से पराली जलाने पर मांगी रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर में वायु गुणवत्ता में लगातार गिरावट के मद्देनजर पंजाब और हरियाणा सरकारों को पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने बुधवार को यह आदेश तब दिया जब पीठ को इस बात से अवगत कराया गया कि दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण को लागू कर दिया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 17 नवम्बर को होगी। न्यायालय ने निर्देश दिया कि पंजाब और हरियाणा सरकारें पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों पर प्रतिक्रिया दें। गौरतलब है कि दिवाली के बाद से राजधानी में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया था और वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई थी। पिछले न्यायिक हस्तक्षेपों और नियामक तंत्रों के बावजूद स्थिति हर साल बदतर होती जा रही है। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान उन मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान दिया, जिनमें आरोप लगाया गया था कि दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों पर प्रदूषण के आंकड़ों को -**शेष पृष्ठ दो पर**

पूछा: पराली जलाने से रोकने को अब तक क्या किया, ग्रैप-3 लागू, लेकिन कोर्ट के बाहर खुदाई

अक्टूबर में 14 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई दर

शाह टाइम्स ब्यूरो

जीएसटी की दरों में कमी के बीच मुद्रास्फीति अक्टूबर में और घटकर 0.25 प्रतिशत के स्तर पर आई

नई दिल्ली। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर भारी गिरावट और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कमी के बाजार प्रभाव के बीच उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में और घटकर 0.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी अक्टूबर के सीपीआई आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2011-12 की कीमतों को आधार बनाकर जारी की जा रही सीपीआई श्रृंखला में यह खुदरा मुद्रास्फीति का न्यूनतम स्तर है। अक्टूबर में खाद्य वर्ग में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर शून्य से 5.02 प्रतिशत नीचे रही। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर में कमी का असर अक्टूबर में हर क्षेत्र के खुदरा मूल्यों पर परिलक्षित हुआ है। जीएसटी की दरों में कमी का फैसला 22 सितम्बर से लागू हुआ था। अक्टूबर में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति शून्य से 0. 25 प्रतिशत नीचे रही, जबकि शहरी इलाकों में खुदरा मूल्य सालाना आधार पर 0.88 प्रतिशत ऊपर थे। सितम्बर में खुदरा मुद्रास्फीति 1.44 प्रतिशत थी और माह के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में खुदरा मुद्रास्फीति क्रमश: 1.07 प्रतिशत और 1.83 प्रतिशत दर्ज की गई थी। पिछले साल अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 6.21 प्रतिशत थी। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि अक्टूबर 2025 के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से जीएसटी में गिरावट, अनुकूल आधार प्रभाव और तेल एवं वसा, सब्जियां, फल, अंडे, जूते, अनाज और उत्पाद, परिवहन और संचार आदि की मुद्रास्फीति में गिरावट के पूरे महीने के प्रभाव के कारण है। अक्टूबर में सब्जियों की खुदरा कीमतें सालाना आधार पर 27.57 प्रतिशत नीचे थीं, जबकि दालों और उसके उत्पादों के भाव 16.15 प्रतिशत तथा मसालों के भाव औसतन 3.29 प्रतिशत नीचे थे। इसके विपरीत माह के दौरान खाद्य तेलों का औसत खुदरा भाव 11.17 प्रतिशत ऊंचा था जबकि फलों की कीमतें 6.69 प्रतिशत ऊंची चल रही थीं। इस दौरान पर्सनल केयर और स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों की खुदरा मुद्रास्फीति क्रमश: 23.88 प्रतिशत और 3.86 प्रतिशत दर्ज की गई।

हम एक देश हैं, हिंदी बोलने को मजबूर करना, लुंगी का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं: सुप्रीम कोर्ट

केरल के छात्रों से मारपीट का मामला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में केरल के दो छात्रों से मारपीट की घटना पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि हम एक देश हैं। हिंदी बोलने को मजबूर करना , लुंगी का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हाल ही में दिल्ली में एक व्यक्ति के साथ हुई उस घटना का जिक्र किया, जिसमें छात्रों को हिंदी बोलने के लिए मजबूर किया गया। पारंपरिक पोशाक लुंगी पहनने पर उनका मजाक उड़ाया गया। यह घटना लालकिले के पास हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को ऐसे सांस्कृतिक और नस्लीय भेदभाव के मामलों को लेकर गंभीर होना चाहिए। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि देश में सांस्कृतिक और नस्लीय भेदभाव से लोगों को निशाना बनाना दुखद है। दोनों छात्र दिल्ली यूनिवर्सिटी के जाकिर हुसैन कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र हैं। उन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों ने पीटा।

संक्षिप्त समाचार

सपा के 'विज़न इंडिया' को रफ्तार देंगे राजीव-अभिषेक

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के महत्त्वाकांक्षी राष्ट्रीय कार्यक्रम 'विज़न इंडिया: प्लान, डेवलप एंड एसेंट' को नया नेतृत्व मिल गया है। बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसकी औपचारिक घोषणा सोशल मीडिया मंच एक्स पर करते हुए कहा कि सपा सांसद राजीव राय को कार्यक्रम का चीफ कॉर्डिनेटर और पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्र को कोर कन्वेनर नियुक्त किया गया है। यह निर्णय कार्यक्रम के अगले चरण को और अधिक प्रभावी तथा व्यापक स्वरूप देने के उद्देश्य से लिया गया है।

लखनऊ में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

लखनऊ। लखनऊ के थाना नगराम क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। एक के बाद एक कई विस्फोटों से आसपास का इलाका दहल उठा। नगराम के छतौनी रोड पर खेतों में स्थित इस फैक्ट्री में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही थाना नगराम की पुलिस टीम, फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां और अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

आरपीएफ टीम ने 15 बच्चों को बचाया

वाराणसी। वाराणसी की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर जंक्शन पहुंचकर ट्रेन की बोगी में सवार 15 बच्चों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया और तीन को गिरफ्तार भी किया। बताया जा रहा है कि इन बच्चों को तस्कर राजकोट में बाल श्रम के लिए ले जा रहे थे। सभी बच्चों को कैंट रेलवे स्टेशन पर उतारा गया।

कश्मीर पुलिस ने जमात-ए-इस्लामी के ठिकानों पर मारे छापे

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के खिलाफ प्रदेश के कई जिलों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया और प्रतिबंधित समूह के सदस्यों और सहयोगियों के ठिकानों की तलाशी ली।

पुलिस ने समन्वित अभियानों में कुलगाम में 200 से अधिक स्थानों पर छापे मारे, जबकि अन्य सुरक्षा बलों के सहयोग से सोपोर, जैंगीर और राफियाबाद में 25 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। गौरतलब है कि 28 फरवरी, 2019 को जेईआई को एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था और 2024 में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गति. विधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 के तहत प्रतिबंध को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि कुलगाम में छापेमारी के दौरान जेईआई सदस्यों और सहयोगियों के घरों और परिसरों को निशाना बनाया। यह छापेमारी जमीनी स्तर पर समर्थन और आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि कुलगाम में छापे जेईआई सदस्यों और उनके सहयोगियों के घरों और परिसरों पर मारे गए। यह जमीनी स्तर पर आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र और उसके समर्थन ढांचे को खत्म करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। उत्तरी कश्मीर के सोपोर उप-जिले में पुलिस ने आज कई तलाशी अभियान चलाए। अन्य सुरक्षा बलों की सहायता से सोपोर, जैंगीर और राफियाबाद क्षेत्रों में 25 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापे मारे गए। पुलिस ने कहा कि यह तलाशी विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर आधारित थी, जिसमें ऐसे संकेत मिले थे कि जेईआई से जुड़े तत्व विभिन्न मोर्चों पर अपनी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं सोपोर में अभियान के दौरान प्रतिबंधित संगठन से जुड़े दस्तावेजों, डिजिटल गैजेट्स और मुद्रित सामग्री सहित बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई और विस्तृत जांच के लिए जब्त कर ली गई।

जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसआईए जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टरों की करेगी जांच

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) पिछले महीने श्रीनगर के नौगाम में सुरक्षा बलों को धमकी देने वाले जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के पोस्टरों की जांच करेगी। इस मामले में पहले ही जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिद (एजीयूएच) से जुड़े एक बड़े अंतर्राज्यीय आतंकी नेटवर्क का खुलासा हो चुका है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अब तक की जांच में तीन डॉक्टरों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और हरियाणा के फरीदाबाद से लगभग 3,000 किलोग्राम इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) निर्माण सामग्री बरामद की गई है।

इंटेलिजेंस को ही खत्म कर देना चाहिए

दिल्ली विस्फोट पर अखिलेश ने सरकार को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कुर्सी हिलने के डर से सीएम दे रहे हेट स्पीच

लखनऊ। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दिल्ली धमाके को लेकर इंटेलीजेंस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बार-बार विफलता के कारण इंटेलीजेंसी विभाग को ही खत्म कर देना चाहिए। वह समा. जवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बोल रहे थे।

बैठक में 8 हजार से अधिक कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। बैठक में आगामी पंचायत चुनावों और 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा हुई। पार्टी ने अपने नेताओं और पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं, ताकि संगठन बूथ स्तर तक पूरी मजबूती से सक्रिय रहे। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी एसआईआर को लेकर पूरी तरह सजग है। हम एसआईआर से घबराने वाले नहीं हैं। हमारे पीडीए प्रहरी लगातार काम में जुटे हैं, ताकि किसी समाजवादी का वोट कट न जाए। जिनका नाम सूची में नहीं है, उनका नाम जुड़वाने का काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है। समय-समय पर हमें जानकारी देंगे। हमार एसआईआर पीडीए प्रहरी और हम लोग इलेक्शन कमीशन से शिकायत करेंगे। यह भारतीय जनता पार्टी की साजिश है कि आप कन्फ्यूज रहे और आप वोट बनवाने में ही व्यस्त हो जाए और जो सवाल है वो ना कर पाएं। एसआईआर पीडीए प्रहरी बनाने का हमारा मकसद यह था कि एक भी जगह समाजवादी पार्टी का वोट कट न पाए। दिल्ली लाल किले के पास हुए धमाके को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि हमने भूटान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान सुना, जिसमें उन्होंने आश्वा. सन दिया था कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गायत्री प्रजापति पर हमले की न्यायिक जांच की मांग खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। जिला जेल कारागार लखनऊ में बंद पूर्व मंत्री व बंदी गायत्री प्रसाद प्रजापति पर हुए हमले की जांच सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराए जाने की मांग कारागार प्रशासन ने खारिज कर दी है।

प्रकरण में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित समन्वित निवारण प्रणाली पर शिकायत करते हुए जांच की मांग की थी। इस बाबत पुलिस उपमहानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं सुभाष चन्द्र शाक्य ने अपनी रिपोर्ट विशेष सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पोर्टल संख्या 60000250235301 के अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर शासन स्तर से जांच पूरी कर ली गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 सितम्बर 2025 की सायंकाल कारागार चिकित्सालय वार्ड में दवा वितरण के दौरान बंदी विश्वास राजपूत और बंदी गायत्री प्रजापति के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान आवेश में आकर विश्वास राजपूत ने अलमारी की लोहे की पटरी से हमला किया, जिससे गायत्री प्रजापति के सिर और दाहिने हाथ में चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित किया और घायल बंदी को उपचार हेतु केजीएमयू, लखनऊ भेजा गया, जहां उसका इलाज किया गया। चिकित्सकों के अनुसार अब उनकी स्थिति में सुधार है। वहीं बंदी विश्वास राजपूत को घटना के बाद तत्काल हाई सिक्योरिटी अहाते में स्थानांतरित कर उसके विरुद्ध थाना गोसाईगंज, लखनऊ में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

किराया अनुबंध पर स्टांप ड्यूटी आठ हजार से घटाकर 500 करने का प्रस्ताव

यूपी में किराएदारों व मकान मालिकों को राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ ये नया सिस्टम राज्य के सम्पत्ति पंजीकरण पोर्टल से जोड़ा जाएगा, लोग घर बैठे कर सकेंगे ऑनलाइन अनुबंध

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने किराएदारों और मकान मालिकों को बड़ी राहत देते हुए किराया अनुबंधों पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क में भारी कटौती करने का निर्णय लिया है। इस कदम का उद्देश्य किराए के समझौतों को कानूनी रूप से पंजीकृत कराने को बढ़ावा देना और अनौपचारिक व्यवस्थाओं से उत्पन्न विवादों को कम करना है।

सरकार इसके साथ ही एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है, जिसके माध्यम से किराएदार और मकान मालिक आधार सत्यापन के जरिए डिजिटल रूप से किराया अनुबंध तैयार और हस्ताक्षर कर सकेंगे। इससे उप-पंजीयक कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। यह नया सिस्टम राज्य के संपत्ति पंजीकरण पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे लोग अपने घर बैठे ही किराया अनुबंध पंजीकृत करा सकेंगे।

स्टांप एवं पंजीयन विभाग की ओर से राज्य मंत्रिमंडल को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों में किराया अनुबंधों पर स्टांप ड्यूटी में भारी कमी की जाएगी। वर्तमान में एक वर्ष की अवधि और सालाना किराया दो लाख रुपए तक वाले अनुबंध पर चार प्रतिशत यानी लगभग 8,000 रुपए की स्टांप ड्यूटी लगती है। प्रस्ताव के अनुसार अब यह घटकर सिर्फ 500 रुपए रह जाएगी। अधिका. रियों के मुताबिक यह सुधार राज्य के किराया बाजार को औपचारिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम है। अभी अधिकांश मकान मालिक और किराएदार 11 माह के अनुबंध करते हैं ताकि उन्हें रजिस्ट्री की झंझट और भारी शुल्क से बचा जा सके, मगर ऐसे अनुबंध कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होते और विवाद की स्थिति में अदालतों में टिक नहीं पाते। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य में केवल 36,000 किराया अनुबंध पंजीकृत हुए थे, जबकि वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक मानी जाती है। अधिकारियों का मानना है कि शुल्क में कटौती के बाद पंजीकरणों में कई गुना वृद्धि होगी। अधिकारियों की मानें तो वर्तमान नियमों के तहत किराया अनुबंध अधिकतम 30 वर्ष तक किए जा सकते हैं। 30 वर्ष तक के अनुबंधों पर स्टांप ड्यूटी किराए के मूल्य पर लगती है, जबकि इससे अधिक अवधि वाले अनुबंधों पर भूमि मूल्य के आधार पर शुल्क तय होता है, जिससे ऐसे दीर्घकालिक अनुबंध अत्यंत महंगे और दुर्लभ हो जाते हैं।

महिलाएं बेफिक्र कर सकेंगी नाइट ड्यूटी

लखनऊ। अब यूपी में कामकाजी महिलाओं को घर से लेकर दफ्तर तक योगी सरकार ने सबसे बड़ा सुरक्षा कवच दिया है। नाइट शिफ्ट में महिलाओं को काम करने का अधिकार कई मायनों में एक सकारात्मक और ठोस पहल है। योगी सरकार के फैसले के मुताबिक अब नाइट शि.ट में शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक काम करने के लिए यूपी की महिलाओं की सहमति लेना अनिवार्य है। यानी महिलाएं जब अपनी सहमति देंगी, तभी उन्से नाइट शिफ्ट में काम कराया जा सकेगा। इसके अलावा कारखानों में सुरक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन सुविधाएं, साथ ही सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा गार्डों की तैनाती अनिवार्य की गई है। इस फैसले से महिलाओं और बेटियों में वर्कप्लेस पर सुरक्षा का भाव प्रभावी होगा। महिला कर्मचारी अपनी सहमति से लगातार 6 घंटे तक बिना किसी अंतराल के कार्य कर सकती हैं। महिलाओं के लिए ओवरटाइम की सीमा 75 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे प्रति तिमाही की गई है, जिसका भुगतान दोगुनी मजदूरी दर से किया जाएगा।

सेंसेक्स 84466.51
निफ्टी 25875.80

सोना रु. 125980
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

अर्थ व्यापार

चांदी रु. 160100
प्रति किलो

शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 595 अंक उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद और विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय बाजार में पूंजी लगाने से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 595.19 अंक (0. 71 प्रतिशत) चढ़कर 84,466.51 अंक पर पहुंच गया जो 29 अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 180.85 अंक यानी 0.70 फीसदी बढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। यह 30 अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद में बाजार में निवेश धारणा मजबूत बनी हुई है। इसकेसाथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज शुद्ध रूप से इक्विटी तथा दूसरे इस्ट्रूमेंट्स में लिवाली की। इससे शेयर बाजार को बढ़त मिली। आईटी सेक्टर में सबसे अधिक तेजी देखी गई। इसके बाद ऑटो, फार्मा और मीडिया सेक्टरों का योगदान रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य क्षेत्रों में भी अच्छी तेजी देखने को मिली। रियलिटी और धातु क्षेत्रों में गिरावट रही। पीएल कैपिटल के मुख्य सलाहकार विक्रम कसाट ने बताया कि निकट भविष्य में निफ्टी की परीक्षा 26,000 अंक के आसपास होगी, हालांकि कुछ बड़ी कंपनियों के वित्तीय परिणामों और आर्थिक आंकड़ों से पहले बाजार में उतार.चढ़ाव देखा जा सकता है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशक लिवाल रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। एनएसई में कुल 3,200 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,927 के शेयर बढ़त में और 1,178 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं अन्य 95 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयरों में तेजी और अन्य आठ में गिरावट रही। मजबूत तिमाही परिणाम और अंतरिम लाभांश की घोषणा के बाद एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 4.46 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा का शेयर 3.34 फीसदी, टीसीएस का 2.73, बजाज फिनसर्व का 2.42 और अडानी पोर्ट्स का 2.14 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.54 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 1.52, इंफोसिस में 1.36, ट्रेंट में 1.34, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.19 और इटरनल में 1.03 प्रतिशत की तेजी रही।

सोने की कीमत और चढ़ी, चांदी भी तेज

नई दिल्ली। देश में 12 नवंबर को सोने की कीमत में तेजी देखी गई है। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव बढ़कर 125980 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। चांदी भी 160100 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के गवर्नर स्टीफन मिरान ने बढ़ती बेरोजगारी और सुस्त महंगाई से निपटने के लिए हाल ही में ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती का संकेत दिया है।

वर्तमान में मुंबई, चेन्नई और कोलक. ाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 115360 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 125850 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बैंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 125880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 115410 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अहमदाबाद में 125880, हैदराबाद में 125850, जयपुर में 125980, भोपाल में 125880, लखनऊ में 125980 और चंडीगढ़ में 125980 रुपये प्रति 10 ग्राम है। सोने की तरह ही चांदी में भी तेजी है।

तीन साल में 17 करोड़ टन बढ़ सकती है सीमेंट उत्पादन क्षमता : क्रिसिल

■ बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल ने जारी की रिपोर्ट

मुंबई। देश में सीमेंट उत्पादन क्षमता में वित्त वर्ष 2027-28 तक तीन साल में 16.17 करोड़ टन की वृद्धि की संभावना है, जो पिछले तीन वित्त वर्ष के 9.5 करोड़ टन की क्षमता वृद्धि के मुकाबले 75 प्रतिशत अधिक है। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही। उसने बताया कि मजबूत मांग और उच्च क्षमता दोहन को देखते हुए उम्मीद है कि सीमेंट कंपनियां अपनी क्षमता बढ़ाएंगी। हालांकि इसके लिए बड़ी पूंजी आवश्यकता होगी।

साथ ही अधिकतर मामलों में मौजूदा कंपनियों के ही क्षमता विस्तार में उम्मीद दिख रही है। क्रिसिल ने 17 सीमेंट कंपनियों की योजनाओं और बैलेंसशीट के अध्ययन के आधार पर यह बात कही है। इन 17 सीमेंट कंपनियों की संयुक्त उत्पादन क्षमता देश के कुल 66.8 करोड़ टन सालाना क्षमता का 85 प्रतिशत है। मजबूत मांग के कारण रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन साल में देश में सीमेंट का उत्पादन 9.5 प्रतिशत वार्षिक औसत दर से बढ़ा है। इसमें बुनियादी ढांचा और आवास क्षेत्र की मुख्य भूमिका रही है। इसके परिणाम स्वरूप पिछले वित्त वर्ष में क्षमता दोहन एक दशक के 65 प्रतिशत की औसत के मुकाबले बढ़कर 70 प्रतिशत पर पहुंच गया। क्रिसिल रेटिंग्स के आनंद कुलकर्णी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 से 2026-28 के बीच हर साल सीमेंट की मांग में तीन-चार करोड़ टन की वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे क्षमता में भी मजबूत वृद्धि देखने के लिए मिलेगी, हालांकि यह हर साल एक जैसी नहीं होगी। मौजूदा वित्त वर्ष में सात से 7.5 करोड़ टन अतिरिक्त उत्पादन शुरू होगा, जिससे निकट भविष्य में क्षमता दोहन के अनुपात में कमी आएगी, लेकिन तीन साल में उत्पादन क्षमता विस्तार के अनुरूप हो जाएगा। क्रिसिल रेटिंग्स के एसोसिएट डॉयरेक्टर पार्थ शाह ने कहा कि सीमेंट कंपनियों के अगले तीन साल में 1.2 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत निवेश की संभावना है। यह पिछले तीन वित्त वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पूंजीगत निवेश में 10. 15 प्रतिशत हरित ऊर्जा और लागत की तुलना में दक्षता में सुधार की परियोजनाओं पर खर्च होंगे।

अपराधी को सजा मिले, रिश्तेदारों के साथ सही सलूक हो

■ दिल्ली ब्लास्ट पर बोलीं महबू. बा मुफ्ती

श्रीनगर। दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट पर जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि इससे हमारी कौम फिर दागदार होगी। हमारे पढ़े लिखे नौजवान और डॉक्टर अगर इसमें शामिल हैं, तो ये हमारी कौम के लिए बड़ी परेशानी की बात है।

श्रीनगर में पीडीपी चीफ ने कहा कि जो दिल्ली में हुआ, हम आपसे ज्यादा उस तकलीफ को समझते हैं, क्योंकि हमने ये खून खराबा बहुत नजदीक से देखा है, बहुत सालों से देखा है। उन्होंने सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की। मुफ्ती ने कहा कि मैं अनुरोध करती हूं कि इस जांच को जल्द और निष्पक्ष रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों से ये ताल्लुक रखते हैं, वो परिवार अपराधी नहीं हैं, उन्हें अपराधी न समझें, ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा मैं जानती हूं कि दिल्ली में हमारे जो लोग इस त्रासदी के शिकार हुए हैं, उनके परिवारों पर क्या गुजर रही होगी। सरकार को इसमें बदलाव लाना चाहिए, इसमें शामिल जो भी अपराधी हैं उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन उनके रिश्तेदारों को बिना किसी शक के गिरफ्तार किया जा रहा है, उनके साथ सही सलूक होना चाहिए। मुफ्ती ने कहा कि मैंने खुद टीवी पर देखा है कि जिस तरह से एक डॉक्टर का बाप उसका क्या कसूर है। उसके मुंह पर काला कपड़ा डालकर घसीटा जा रहा था।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सुप्रीम कोर्ट ने... कृत्रिम रूप से दबाने के लिए पानी के टैंकर तैनात किए थे। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी खबरें सच हैं, तो ये गंभीर हैं और अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। न्यायमित्र ने न्यायालय को बताया कि वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है और तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया। उन्होंने निगरानी प्रक्रिया में विसंगतियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि दिवाली के दौरान कई केंद्र बंद रहे, जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के आंकड़ों की सटीकता पर असर पड़ा है। इस मामले में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने ग्रैप के चौथे चरण को लागू करने का आग्रह किया और कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 450 को पार कर गया है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय परिसर में हो रहे निर्माण और उत्खनन कार्यों की ओर भी ध्यान दिलाया और कहा कि मौजूदा प्रदूषण आपात स्थिति को देखते हुए ऐसी गतिविधियों को रोका जाना चाहिए। इस पर मुख्य न्यायाधीश गवई ने आश्वासन दिया कि न्यायालय परिसर में निर्माण गतिविधियों के संबंध में उचित कार्रवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामले को सोमवार को सूचीबद्ध करें।

नोएडा-गाजियाबाद की हवा प्रदूषित

सुबह की शुरुआत धुंध के साथ, कई जगह एक्यूआई 400 के पार

लखनऊ। यूपी में ठंड बढ़ने के साथ ही कई शहरों की हवा बेहद खराब हो गई हैं। बीते कई कई दिनों से दिल्ली से सटे कई जिलों की हवा जहरीली बनी हुई हैं। सुबह की शुरुआत ही धुंध और प्रदूषण के स्मॉग के साथ हो रही हैं। नोएडा, गाजियाबाद जैसे शहरों की हालत तो बेहद खराब है। यहां एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता ह। अब ये हवा साँस लेने के लायक नहीं है।

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है, जिसकी वजह से सुबह और शाम के समय में सर्दी में इजाफा हुआ है। सर्दी बढ़ने के साथ ही हवा में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ गया है, जिसकी वजह से लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। प्रदूषण की वजह से लोगों को आंखों में जलन, गले में खराब और बुखार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, मेरठ जैसे शहरों में हवा दमघोंटू हो गई हैं। बुधवार सुबह गई जगहों पर एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रूदषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक आज सुबह 6 बजे नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 415, सेक्टर-116 में 414, सेक्टर-1 404 एक्यूआई दर्ज किया गया। ये हवा गंभीर श्रेणी में आती हैं। वहीं नोएडा सेक्टर-62 में एक्यूआई 367 रिकॉर्ड किया गया। प्रदूषण के मामले में गाजियाबाद भी पीछे नहीं है। यहां की हवा भी आज गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। गाजियाबाद के लोनी इलाके में बुधवार सुबह एक्यूआई 405 दर्ज किया गया, जबकि संजय नगर इलाके में 359 और वसुंधरा में एक्यूआई 344 रिकॉर्ड किया गया। ग्रेटर नोएडा में भी एक्यूआई लेवल 400 के करीब पहुंच गया है। यहां के नॉलेज पार्क-5 में आज एक्यूआई 394 रिकॉर्ड किया गया, जो बेहद खराब की श्रेणी में आता है। हापुड़ में 339, बुलंदशहर में 337 और मेरठ के पल्लवपुरम में 316 एक्यूआई दर्ज किया गया। जानकारों का कहना है कि तापमान गिरने की वजह से हवा भारी हो जाती है, जिसकी वजह से हवा की गति में धीमी हो जाती है, जिसके चलते प्रदूषित कण सतह के पास जमे रहते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

एक नजर

अभियान के बावजूद रुक नहीं रहे सड़क हादसे

नगीना। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत व आसपास विभिन्न भागों में लगातार यातायात सुरक्षा अभियान के बावजूद हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस परिस्थिति से नागरिकों में गहरी चिंता व्याप्त हो गई है। बता दें कि पुलिस प्रशासन पिछले कई दिनों से यातायात जागरूकता माह अभियान चला रहा है। इसके तहत थाना स्तर पर रैली, गोष्ठी व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नुक्कड़ सभा के जरिए भी लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए उनसे इनके पालन की अपील की जा रही है। पिछले कुछ दिनों के भीतर पुलिस महकमे की ओर से भीड़भाड़ वाले चौराहों पर यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को ट्रैफिक ड्यूटी पर लगाया गया। इसके बावजूद हादसों का क्रम जारी रहने से लोगों में चिंता व्याप्त है। खास तौर से उच्च पथ और राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे थाना क्षेत्रों में दुर्घटनाएं अनवरत हो रही है। बुधवार की शाम नगीना-धामपुर मार्ग पर स्वस्तिक गार्डन बैंकट हॉल के पास एक बाइक व मालवाहक अज्ञात वाहन के आपस में भिड़ जाने के कारण जहां बाइक चालक प्रदीप कुमार (27 वर्ष) पुत्र करण सिंह निवासी ग्राम गंगाधरपुर थाना स्योहारा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक पर बैठी सोनम (35 वर्ष) पत्नी कोमल की इस हादसे में मौत हो गई। थाना स्योहारा निवासी सोनम अपने भतीजे की बाइक पर ग्राम समसपुर सद्दो थाना नगीना देहात से लगन रिश्ता कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वापस अपने घर जा रही थी। जैसे ही बाइक स्वस्तिक गार्डन के पास पहुंची तभी अचानक एक अज्ञात मालवाहक वाहन से टक्कर होने के कारण दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना नगीना पुलिस ने दोनों घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने सोनम को मृत घोषित कर दिया। जबकि बाइक चालक प्रदीप की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पर बुधवार की शाम आए चार अन्य सड़क हादसों में अधिकतर घायलों को हायर सेंटर रैफर किया गया, जबकि कुछ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

चेयरमैन की वालिदा का इंतकाल

नजीबाबाद। नगर पालिका चेयरमैन इंजी. मुअज्जम की वालिदा नफीसा बेगम (80 वर्ष) का इंतकाल हो गया है। उनके जनाजे की नमाज कल (आज) दोपहर जौहर की नमाज के बाद हौज वाली मस्जिद में अदा की जाएगी।

पुलिस ने वारंटी दबोचा

अफजलगढ़। थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त बब्बू खान पुत्र मौहम्मद शाबिर निवासी ग्राम मेघपुर, थाना अफजलगढ़ को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की उम्र लगभग 42 वर्ष बताई जा रही है। अभियुक्त के खिलाफ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर-1, बिजनौर में वाद संख्या 871/2020 धारा 459/411 भादवि के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

छह करोड़ का माल बरामद

नजीबाबाद में योगेश लाला के बर्तनों की दुकान में चोरी का खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। नजीबाबाद पुलिस, स्वाट टीम व सर्विलांस सैल ने योगेश लाला के बर्तनों की दुकान में हुई करोड़ों की चोरी का खुलासा करते हुए लगभग छह करोड़ रुपए के सोने व चांदी के जेवरात एवं नकदी बरामद की है। इस मामले में चार महिलाओं सहित सात को गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक युवती सहित दो फरार है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज स्थानीय पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी अभिषेक ने इस वारदात के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 27/28 सितम्बर की रात को नजीबाबाद के चौक बाजार स्थित योगेश कुमार पुत्र शान्ति प्रसाद की बर्तनों की दुकान से करोड़ों रुपये का सोने व चांदी के जेवरात एवं ढाई लाख रुपये नकद चोरी हो गए थे। एसपी अभिषेक ने बताया कि वारदात के खुलासे के लिए स्वाट एवं सर्विलांस टीम सहित पुलिस की कई टीमों का गठन किया गया था। पुलिस दिन रात खुलासे के लिए मेहनत कर रही थी। एसपी अभिषेक के अनुसार आज सुबह स्वाट/ सर्विलांस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि चौक बाजार में बर्तनों की दुकान में हुई चोरी की घटना में शामिल बदमाश पूरनपुर रोड के पास नवनिर्मित कॉलोनी के एक खाली प्लॉट में छिपा बैठा है। उसने अपने साथियों से अपने हिस्से का सामान लिया है और वह देहरादून की जाने की फिराक में है। एसपी के अनुसार स्वाट टीम, सर्विलास टीम व नजीबाबाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। खुद को पुलिस से घिरा देख उसने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के बायें पैर में गोली लग गई और घायल अवस्था में दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम शुऐब पुत्र जफर खां निवासी मौहल्ला मछली बाजार, नजीबाबाद बताया। पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने चोरी की घटना में शामिल होना स्वीकार कर लिया। पुलिस को उसके पास से एक सोने की ईंट, तीन सोने के टुकड़े, पासपोर्ट, 800 रुपये व एक तमंचा भी मिला। शुऐब ने पुलिस को चोरी की वारदात में शामिल फराज पुत्र जफर अली, राबिया उर्फ चांदो पत्नी जफर अली, जफर अली पुत्र हशमत अली निवासीगण मौहल्ला सबनीग्रान नजीबाबाद, शहाना पत्नी मौहम्मद सलीम निवासी भगत सिंह, कॉलोनी देहरादून, रावेद पुत्र शौकत अली निवासी नई बस्ती नजीबाबाद, आसिया पत्नी फुरकान निवासी मौहल्ला काजीपाड़ा, बिजनौर खुर्शीदा पुत्री जफर खां निवासी मछली बाजार नजीबाबाद, जैबा पुत्री इकबाल निवासी मछली बाजार नजीबाबाद के नाम बताये। पुलिस ने इनमें से राबिया, जफर अली, शहाना, रावेद, आसिया व खुर्शीदा को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि फराज पुत्र जफर अली निवासी मौहल्ला सब्नीग्रान एवं जैबा पुत्री इकबाल निवासी मौहल्ला मछली बाजार, नजीबाबाद अभी फरार है। पुलिस इन्हें भी तलाश कर रही है। एसपी अभिषेक ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों से बरामद सोने-चांदी के निर्मित अर्द्धनिमित जेवरातों व सामान कीमत करीब छह करोड़ रुपए है बरामद हुआ है। फरार अभियुक्तों के पकड़े जाने पर भी रिकवरी होने की संभावना है।

एसपी अभिषेक ने बताया कि चोरी में शामिल सभी आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। वारदात के बाद इन आरोपियों ने चुराया गया माल आपस में बांट लिया था। सबके हिस्से फिक्स हो गये थे। धीरे-धीरे ये लोग चुराये गये माल को ठिकाने लगा रहे थे। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि पकड़े गए शुऐब ने पूछताछ में खुलासा किया किया है कि उसकी मौसी राबिया उर्फ चांदो व मौसा जफर खान निवासी सबनीग्रान, नजीबाबाद अक्सर चौक बाजार में योगेश लाला की दुकान पर बर्तन खरीदने एवं गहने गिरवी रखने जाया करते थे। उन्होंने ही उसे तथा उसके मौसरे भाई फराज पुत्र जफर अली को उक्त दुकान में काफी माल व जेवरात होने की जानकारी दी थी। बाद में चोरी में शामिल सब लोगों ने बैठ कर चोरी की योजना बनाई थी।

शुएब व जफर अली का आपराधिक इतिहास

बिजनौर। करोड़ों की चोरी की सनसनीखेज वारदात में शामिल शुएब जफर अली का आपराधिक अतिहास है। जबकि अन्य अभियुक्तों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

डीजीपी ने की 50 हजार के पुरस्कार की घोषणा

बिजनौर। पुलिस के द्वारा इस वारदात का खुलासा करने एवं माल की बरामगी पर पुलिस महानिदेशक ने टीम के उत्साहवर्धन के लिए 50 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

शाह टाइम्स की खबर सही साबित

बिजनौर। योगेश लाला की बर्तनों की दुकान में चोरी की खबर शाह टाइम्स में विस्तार से प्रकाशित हुई थी। जिसमें साफ कहा गया था कि करोड़ों की चोरी हुई है। लेकिन मीडिया व पुलिस के द्वारा उस समय इस वारदात को दबाया जा रहा था। लेकिन अब माल बरामद होने से साबित हो गया है कि शाह टाइम्स की खबर बिल्कुल सही थी।

बर्तनों की दुकान में कहा से आए जेवरात

बिजनौर। सवाल यह उठता है कि नजीबाबाद के चौक बाजार में जिस योगेश की बर्तनों की दुकान में चोरी की वारदात हुई है, वहां पर करोड़ों रुपए के जेवरात व इतनी बड़ी नकदी कहा से आई थी। आयकर विभाग व जीएसटी विभाग को इसकी जांच करनी चाहिए। योगेश से पूछा जाना चाहिए कि बर्तनों की दुकान में मौजूद करोड़ों के माल की आमद कैसे हुई। कोई भी व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों के जेवरात न तो दुकान में इस तरह से रखता है और न किसी के पास करोड़ों के जेवरात इस तरह के होते है।

नजीबाबाद में चल रहा ब्याज का कारोबार

बिजनौर। नजीबाबाद में भी ब्याज का अवैध कारोबार चल रहा है। दुकान किसी सामान की बिक्री की होती है और उसकी आड़ में ब्याज का अवैध कारोबार किया जाता है। ब्याज के कारोबारी हर माह करोड़ों रुपए कमा रहे है। वह जरूरतमंदों का खून चूस रहे है। इनके पास बेशूमार दौलत है। पीड़ित इनसे परेशान है। लेकिन न तो प्रशासन और न ही पुलिस इनके खिलाफ कार्यवाही करती है। पुलिस छोटे चोरों को पकड़ती है, लेकिन बड़े डकैतों की तरफ आंख उठा कर देखने की भी उसकी हिम्मत नहीं होती है।

एक नजर

पूर्व इमाम के बेटे की हादसे में मौत

नगीना। ईदगाह नगीना के पूर्व इमाम मौलाना महमूदुल हसन के बेटे मौ. नौमान का 11 नवम्बर की दोपहर मुंबई के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी उम्र सिर्फ 28 साल थी। मौलाना डा. खलीक अहमद कासमी ने कहा कि मौ. नौमान बहुत नेक, सच्चे, नम्र, परहेजगार और आदर करने वाले नौजवान थे। उनकी जिंदगी सादगी, ईमानदारी और लोगों की सेवा के जज्बे से भरी हुई थी। इस दुखद मौके पर मौलाना अकील, हाफिज जमील, हाफिज शकील, मौलाना असअद, मौलाना वकील, मौलाना मजहर, मुफ्ती कफील, मुफ्ती नबील, हाफिज हसीब, मौलवी जैद, कारी अकदस आदि ने भी गहरा दुख प्रकट किया। इस अवसर पर मदरसा जामिया अरबिया राशिदिया नगीना और मदरसा नाबीनान नगीना में कुरआन खानी और मगफिरत की दुआ का विशेष आयोजन किया गया। मरहूम को जन्नत में ऊंचे दर्जे व मगफिरत और उनके परिवार को सब्र-ए-जमील अता करने की दुआ की गई। मुफ्ती नबील अहमद राशिदी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगीना के मूल निवासी व वर्तमान में मुंबई में सपरिवार रह रहे मौलाना महमूदुल हसन के सुपुत्र मौ. नौमान 21 अक्टूबर को मौलाना डा. खलीक अहमद कासमी की भांजी की शादी में शामिल होने के लिए नगीना आ रहे थे, लेकिन गुजरात में रास्ते में गंभीर सड़क दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं और तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई दिनों तक इलाज चला, लेकिन 11 नवम्बर को उनका देहांत हो गया।

हल्दौर में नवाजिश गिरफ्तार

बिजनौर। थाना हल्दौर में कल वादी ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त नवाजिश पुत्र नासिर निवासी ग्राम अम्हेड़ा ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गाली-गलौच करते हुए छेड़छाड़ की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धारा 74, 351 (3), 352 बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने नवाजिश को गिरफ्तार कर लिया है।

सैकड़ों वाहनों के काटे चालान

बिजनौर। यातायात माह के अंतर्गत आज जनपद में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर सैकड़ों वाहनों के चालान किए गए। बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने पर 423 चालान किए गए। सीट बेल्ट न लगाने पर 38 चालान किए गए। वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करने पर 21 चालान किए गए। रांग साइड वाहन चलाने पर 19 चालान किए गए। दुपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने पर 85 चालान किए गए। बिना बीमा के 24 वाहनों के चालान किए। बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के 28 वाहनों के चालान किए गए। बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर 44 चालान किए गए। नौ पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर 38 चालान किए गए। मोडिफाइड साइलेंसर वाले 20 वाहनों के चालान किए गए। जबकि सात वाहन सीज किए गए।

मुजफ्फरनगर का शाहनवाज गिरफ्तार

बिजनौर। नहटौर थाने में वादी ने 19 सितम्बर को तहरीर दी थी शाहनवाज पुत्र मौहम्मद रफीक निवासी मकान नम्बर 542 मौहल्ला चमारान, थाना खालापार, जनपद मुजफ्फरनगर उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने धारा 137 (2)/87बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है।

बीएलओ ने चलाया जागरूकता अभियान

अफजलगढ़। मौहल्ला जैनुल आबेदीन निवासी बीएलओ विकार अहमद ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने आवश्यक दस्तावेज पूरे कर शीघ्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान से वंचित न रह जाए। विकार अहमद ने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है और हर नागरिक को इस अधिकार का सही उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनेगी, जिससे फर्जी मतदान की संभावनाएं समाप्त होंगी। वहीं बूथ नंबर 240 के मतदाताओं ने बीएलओ विकार अहमद के कार्य की प्रशंसा की।

कब्र से निकले शव ने उगला विवाहिता की मौत का राज

मृतका के पति सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। थाना क्षेत्र के मौहल्ला छिप्पीपाड़ा निवासी शाजिया के शव को कब्र से निकाले जाने के बाद पोस्मार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने मृतका की बहन की शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई करते हुए ससुरालियों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मुकदमे को अमरोहा पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

गत तीन सितंबर को नगर के पहाड़ी दरवाजा स्थित कब्रिस्तान में दफनाए गए एक महिला के शव को जिलाधिकारी के आदेश पर 16 अक्तूबर को यानि 43 दिन पूर्व कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया गया था। मृतका की बड़ी बहन नाजिया ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया था कि उसकी छोटी बहन शाजिया (31 वर्ष) पुत्री नूर मौहम्मद की हत्या उसके ससुरालियों द्वारा की गई है। डीएम के आदेश पर शाजिया के शव को कब्र से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। शाजिया के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद उसकी बहन की तहरीर के आधार पर पति अजहरुद्दीन पुत्र निसार, सास शकील, रजिया पत्नी मुनव्वर मुनव्वर पुत्र अनवर, तबस्सुम, वसीम और दाऊद कुल 07 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर केस अमरोहा पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

बाघ के सामने से निकल गया बाइक सवार

शांत भाव से खड़ा देखता रहा बाघ

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो पर्यटन जोन से एक ऐसा रोमांचक दृश्य सामने आया। जिसने वहां मौजूद हर पर्यटक की सांसें थाम दीं। यह नजारा किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं था। जब एक वन गुज्जर अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर सीधे एक विशालकाय बाघ के सामने से गुजर गया, और बाघ शांत भाव से उसे देखता रह गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पर्यटक अपने नेचर गाइड के साथ जंगल सफारी पर निकले थे। सभी जिप्सियां एक खुले क्षेत्र में खड़ी थीं, जहां घास के बीच एक बाघ आराम से बैठा हुआ था। अचानक दूर से बाइक की आवाज सुनाई दी। सबकी निगाहें उस दिशा में उठीं, तो दिखाई दिया कि एक वन गुज्जर अपनी मोटरसाइकिल लेकर जंगल के रास्ते आ रहा है। जैसे-जैसे बाइक बाघ के करीब आती गई, पर्यटकों के दिलों की धड़कनें तेज हो गईं। कुछ क्षणों के लिए पूरा माहौल तनावपूर्ण हो गया। हर कोई सोच रहा था कि अब कुछ अनहोनी घट सकती है। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि वह वन गुज्जर बिना किसी डर के, बाघ से कुछ ही फीट की दूरी पर बाइक लेकर गुजर गया और बाघ ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह दृश्य कुछ सैकंड का था। लेकिन उसमें छिपा रोमांच हर किसी के मन में बस गया। जिप्सियों में बैठे पर्यटक अवाक रह गए, किसी ने मोबाइल कैमरे में यह पल कैद किया, तो कोई भय और आश्चर्य के मिश्रण में जड़वत सा रह गया। बाद में नेचर गाइड ने बताया कि यह घटना फाटो जोन के भीतर हुई, जहां अक्सर वन गुज्जर अपने दैनिक कार्यों के लिए जंगल के रास्तों से गुजरते हैं। हालांकि, इस तरह का दृश्य बहुत दुर्लभ होता है। जब एक इंसान इतनी नजदीकी से बाघ के सामने से निकल जाए और बाघ शांत बना रहे। इस घटना ने एक बार फिर कॉर्बेट के जंगलों की रोमांचक दुनिया को उजागर किया है। जहां हर मोड़ पर प्रकृति, साहस और जोखिम का अद्‌भुत संगम देखने को मिलता रहा है।

दलित पर जानलेवा हमला करने पर आजीवन कारावास

किरतपुर के राजन को सुनाई सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट ने अनुसूचित जाति के व्यक्ति पर तमंचे से वार करते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने पर राजन को आजीवन कारावास एवं 62 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार किरतपुर थाने में स्थानीय ग्राम शादीपुर जौना निवासी राजवीर सिंह पुत्र किशन ने छह अगस्त 2020 को तहरीर दी थी कि ग्राम के ही निवासी राजन पुत्र नरपाल ने उसके बड़े भाई महावीर के साथ गाली-गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया और वादी के भाई के द्वारा इसका विरोध करने पर राजन ने तमंचे से फायर कर दिया। जिससे महावीर घायल हो गया। तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 209/20 धारा 307 व 504 आईपीसी एवं धारा 3 (2)(वी) एससी/एसटी एक्ट में पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद किरतपुर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट ने आज इस मामले में फैसला सुनाया। अभियुक्त के विरूद्ध आयुद्ध अधिनियम का मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। न्यायालय ने राजन को आजीवन कारावास एवं 62 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। बताया जाता है कि राजन किरतपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। उसके विरूद्ध जनपद के विभिन्न थानों में गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत है।

गैंग रेप में सहसपुर का शाहनवाज गिरफ्तार

पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। हल्दौर पुलिस ने गैंग रेप के आरोपी सहसपुर के शाहनवाज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर पीड़िता के साथ गैंग रेप किया था।

थाना हल्दौर में वादिनी ने एक अक्टूबर को तहरीर दी थी कि शाहनवाज पुत्र महबूब निवासी सहसपुर, थाना स्योहारा, सरताज, हनीफ, नफीस व भूरा ने उसको कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर पिलाया और उसके साथ गैंग रेप किया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए उसको ब्लैकमेल करते हुए 27 लाख रुपए भी ले लिए। थाना हल्दौर पर मुकदमा अपराध संख्या 228/2025 धारा 376 डी, 328, 506 व 386 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने धारा 376 डी को हटा कर धारा 306 की वृद्धि कर दी थी।

इस मामले में पुलिस ने सहसपुर (स्योहारा) के मौहल्ला अफगानान निवासी शाहनवाज पुत्र महबूब को गिरफ्तार कर लिया है। वह वर्तमान में खुरैजी खास, थाना जगतपुरी, जिला पूर्वी दिल्ली में रह रहा था। इस मामले में अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

अफजलगढ़ में धर्म परिवर्तन के मामले में पांच गिरफ्तार

महिला को भी पकड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाने के मामले में अफजलगढ़ पुलिस ने महिला सहित पांच को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 19 सितम्बर को वादिनी ने थाना अफजलगढ़ में तहरीर दी थी कि ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी सैफ अली पुत्र इस्लाम उसकी पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया था। साथ ही अभियुक्त व उसके परिजनों ने वादी की पुत्री पर धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बनाया। इस संबंध में थाना अफजलगढ़ पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 291/25 धारा 137 (2), 318 (4), 142 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में बलात्कार की धारा 64 बीएनएस एवं पीड़िता के किशोरी होने की वजह से 3/4 पॉक्सो अधिनियम तथा 3/5 (1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म सपरिर्वतन प्रतिषेध अधिनियम की वृद्धि की गई। पुलिस ने सैफ अली खान पुत्र इस्लाम को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान अभियोग में धारा 64 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो अधिनियम को हटा कर धारा 65 (1) बीएनएस व 16/17 पॉक्सो एक्ट एवं 3(2) (वी)एससी/एसटी एक्ट की वृद्धि कर दी। पुलिस ने आज इस मामले में ग्राम शीरवासुचंद निवासी मौहम्मद लईक पुत्र मौहम्मद हनीफ, दानिश पुत्र इस्लाम हुसैन, नबील अहमद पुत्र नजीर अहमद, जाहिदा खातून पत्नी इस्लामुद्‌दीन निवासीगण ग्राम हिदायतपुर तथा लियाकत हुसैन उर्फ इसरार पुत्र छोटे उर्फ जुम्मा वार्ड संख्या 12 मौहल्ला नई बस्ती, जसपुर, उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक श्रीपाल सिंह आदि शामिल थे।

क्लास शो में छात्र-छात्राओं ने मचाई धूम

नई शिक्षा नीति के तहत कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के valley of flowers विंग में क्लास शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा IV नंदादेवी, त्रिशूल, विंध्याचल और केदारनाथ के समस्त छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना था।

इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए इन कक्षाओं के समस्त अभिभावकों को आमंत्रित किया गया और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपना पूरा सहयोग किया। सबसे पहले विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने सभी अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। फिर कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर प्रिंसिपल ने अभिभावकों के साथ दीप प्रज्वलन करके की। उसके बाद स्वर्ग से सुंदर देश हमारा ग्रुप सॉन्ग, जिगरा रे ग्रुप डांस, सोलो डांस राम आयेंगे, बैंड टीम का प्रदर्शन, सोलो सॉन्ग तेरी उंगली पकड़कर चला, ग्रुप सॉन्ग गीत गा रहे हैं आज, फैंसी ड्रेस शो, गढ़वाली डांस तथा हिंदी लघु नाटिका सोशल मीडिया, कविता पाठ, स्केटिंग और ताइक्वांडो आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों में से ही कुछ अभिभावकों को जजों के रूप में स्थान दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान पाएंगे और अपनी प्रतिभा के बल पर अपने माता-पिता और अपने विद्यालय का ही नहीं अपितु अपने जिले और देश का नाम भी रोशन करेंगे। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की खूब सराहना की और डायरेक्टर प्रिंसिपल मैम को कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और उनसे अनुरोध किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय द्वारा किया जाना चाहिए।

समस्त कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी शर्मा, शालिनी तुली, रेनू सिंह, हिना, सीमा नाहिद, इकरा, मदीहा, गीता खन्ना, फरहीन, संजना, निधि एवं पारुल का पूर्ण सहयोग रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

एक नजर

थाना परिसर में जागरूकता गोष्ठी

नगीना। यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी नगीना डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा थाना नगीना परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में सरकारी एवं प्राइवेट बस, ट्रक यूनियन के प्रबंधकगण, वाहन स्वामी तथा चालकगण सम्मिलित हुए। क्षेत्राधिकारी द्वारा उपस्थित सभी व्यक्तियों को सड़क सुरक्षा के महत्व, यातायात नियमों के पालन, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन न चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी चालकों एवं वाहन स्वामियों से अपील की गई कि वे अपने वाहनों को निर्धारित नियमों के अनुसार संचालित करें तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को प्रशिक्षण

नूरपुर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर ग्राम प्रधान एवं सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकासखण्ड नूरपुर पर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये मंथन करना था। जिसमें सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए राज्य प्रशिक्षक कुलवीर सिंह व प्रीति के द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम सत्येन्द्र शर्मा सीनियर फैकल्टी कम मैनजर डीपीआरसी गजरौला अमरोहा के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा ,पार्कों में ओपनें जीम बनाकर, पुस्तकालय कर, जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क, सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायतें अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम व ममता सैनी द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 220 से 233 पर विस्तार से प्रकाश डाला पंचायती किस प्रकार से नया कर लगा सकती है एवं कर को किस प्रकार वसूल किया जा सकता है पर आपके द्वारा बताया गया। इस अवसर पर पूरे जनपद बिजनौर के विभिन्न विकास खंडों के 110 ग्राम प्रधान एवं सचिव मौजूद रहे।

पीएम के बाद हाथी के बच्चे का शव दफनाया

बढ़ापुर। बढ़ापुर वन रेंज के वन कर्मियों को गश्त के दौरान ढकरिया बीट में एक पांच वर्षीय हाथी के नर बच्चे का शव पड़ा मिला था। सूचना मिलने पर डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज व एसडीओ अंशुमान मौके पर पहुंचे थे और घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की थी। प्रथम दृष्टया बीमारी व आपसी संघर्ष में हाथी के बच्चे की मौत होना प्रतीत हो रहा था। आज वन अफसर दोबारा घटना स्थल पर पहुंचे और तीन पशु चिकित्सक डॉ. रजनीश नगीना, डॉ. कासिम अली किरतपुर व डॉ. सी.पी सिंह कासमपुर ने शव का पोस्टमार्टम किया। डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज ने बताया कि हाथी के बच्चे के शव का पशुचिकित्सक टीम द्वारा पोस्टमार्टम करवाकर जेसीबी मशीन से गड्ढ़ा खुदवाकर वहीं दबा दिया गया है।

हादसे में चालक-परिचालक घायल

बढ़ापुर। आज सुबह सवेरे चालक अमनदीप सिंह अपने साथी के साथ महिंद्रा पिकअप वाहन से दूध की सप्लाई करते हुए हरेवली से नगीना आ रहा था। रास्ते में जाफरपुर के पास गहरे गड्ढ़ों में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के चालक और परिचालक घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया है। वाहन चालक अमनदीप ने बताया कि अंधेरा होने के कारण गाड़ी का टायर गड्ढ़े में पहुंच गया और अनियंत्रित होकर गाड़ी पलट गई। वहीं ग्राम प्रधान जाफरपुर हरगा. पाल सिंह व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि हरेवली से लेकर ग्राम बूढ़ावाला तक सड़क जगह-जगह टूटी हुई है जिस कारण आए दिन हादसे हो रहे है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की है।

किरतपुर में इस्लाहे-मुआशरा

किरतपुर। जमीयत उलमा ब्लॉक किरतपुर के तत्वावधान में बीती शाम मगरिब की नमाज के बाद, मंडावर रोड स्थित मरकजी मस्जिद छप्पर वाली में इस्लाहे-मुआशरा के नाम से जलसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता काजी हारिस अली अध्यक्ष जमीयत उलमा ब्लॉक बसी किरतपुर ने की, जबकि मौलाना सलीम अहमद कघसमी अध्यक्ष जमीयत उलमा भनेड़ा ने कार्यक्रम का संचालन बखूबी किया मुख्य अतिथि हजरत मौलाना मुफ्ती सैय्यद मौहम्मद मासूम साकिब नाजिम उमुमि जमीयत उलमा-ए-हिंद ने अपने प्रभावशाली और सुधारात्मक संबोधन में कहा कि बच्चों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता की सेवा और आज्ञा का पालन करें तथा नमाज की पाबंदी करें। उन्होंने कहा कि सुबह जल्दी उठकर व्यायाम करना चाहिए, क्योंकि जो लोग सुबह जल्दी उठते हैं, उनकी रोजी में बरकत होती है। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशा, सट्टा और जुए जैसी बुराइयों से दूर रहने की हिदायत दी और उलेमाओं तथा जमीयत उलमा से जुड़े रहने की सलाह दी। कार्यक्रम की शुरुआत कारी महबूब आलम की तिलावत-ए-कुरआन से हुई और कारी इम्तियाज अजहर बिजनौरी ने नात-ए-पाक पेश की। दिल्ली से आए जमीयत उलमा-ए-हिंद, सूबा दिल्ली के नाजिम-ए-आला मुफ्ती अब्दुर रज्जाक साहब ने जमीयत के बुजुर्गों की कुर्बानियों पर रोशनी डाली और वक्फ उम्मीद पोर्टल एवं एस. आई.आर. से जुड़ी जागरूकता मुहिम के तहत भाषण दिया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि की दुआ पर हुआ। इस अवसर पर जमीयत के सदस्यों ने मुख्य अतिथि मुफ्ती मौहम्मद मासूम साकिब को सपाशनामा पेश किया और समाजसेवी मौहम्मद कैफ भनेड़ा ने अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कारी मौहम्मद साजिद फैजी सचिव जमीयत उलमा सूबा दिल्ली, मौलाना मुफ्ती इंतजार हुसैन अध्यक्ष जमीयत उलमा चांदनी चौक दिल्ली, हाजी वकील अहमद अध्यक्ष जमीयत उलमा जनपद बिजनौर, मौलाना मुफ्ती मौहम्मद अरशद नाजिम जमीयत उलमा जनपद बिजनौर, मुफ्ती मौहम्मद इफ्तिखार कासमी, मोहतमिम मदरसा जिया-उल-उलूम किरतपुर, मुफ्ती मौहम्मद अहमद मुंढाला, मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैनपुर, मौलाना नोमान खुशियाकी, मौलाना सरफराज भनेड़ा, मौलाना मौहम्मद अकबर भनेड़ा, कारी मौहम्मद मेहरबान, कारी मनीर अहमद रंगढ़पुरा, कारी मौहम्मद शहजाद किथोड़ा, कारी मौहम्मद यहया अंसारी जोगीरमपुरी, मुफ्ती मौहम्मद आसिम, मुफ्ती मौहम्मद आफाक, हाफिज मौहम्मद शाहिद, मौलाना मोहम्मद राशिद, मुफ्ती मोहम्मद जुबैर आदि मौजूद रहे।

चार साल का प्यार धामपुर बस स्टैंड पर टूटा!

प्रेमिका ने कहा 'अब और नहीं', तो प्रेमी गजरौला से दौड़ा चला आया, फिर हुआ हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। कहते हैं, प्यार जब टूटता है तो अक्सर हंगामा जरूर होता है। ऐसा ही नजारा बुधवार की देर रात धामपुर रोडवेज बस स्टैंड पर देखने को मिला, जब चार साल से साथ रह रहे प्रेमी-प्रेमिका के बीच प्यार से शुरू हुआ रिश्ता झगड़े में बदल गया। बात इतनी बढ़ी कि हाथापाई, चीख-पुकार और गाली-गलौज से बस स्टैंड गूंज उठा।

सूत्रों के मुताबिक तहसील क्षेत्र के गांव बुढ़नपुर निवासी एक युवती पिछले चार साल से गजरौला निवासी कपिल गोस्वामी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दोनों की मुलाकात नौकरी के दौरान हुई थी और फिर धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई। कपिल और युवती ने मिलकर एक साथ जिंदगी बिताने के सपने भी देखे थे। लेकिन, बीते कुछ दिनों से दोनों के बीच तनाव और अनबन शुरू हो गई। बताया जाता है कि युवती अपने घर धामपुर आ गई और चार दिन से कपिल का फोन तक उठाना बंद कर दिया।

प्यार में बेचैन कपिल बुधवार को सीधे गजरौला से धामपुर आ पहुंचा, ताकि अपनी प्रेमिका से बात कर सके और रिश्ते को फिर से जोड़ सके। रात करीब आठ बजे रोडवेज बस स्टैंड पर जब दोनों आमने-सामने हुए तो माहौल अचानक बदल गया। कपिल ने जब साथ चलने की बात कही, तो युवती ने साफ इंकार कर दिया। बस फिर क्या था कहासुनी, आरोप-प्रत्यारोप और झगड़ा शुरू हो गया। इसी बीच युवती की मां भी मौके पर पहुंच गईं, जिन्होंने कपिल को डांट लगाई। देखते ही देखते मामला इतना गर्म हो गया कि तीनों के बीच मारपीट और गाली-गलौज शुरू हो गई।

रोडवेज पर लोगों की भीड़ लग गई कोई वीडियो बना रहा था, कोई तमाशा देख रहा था। हंगामा इतना बढ़ा कि सूचना पर कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी को शांत कराया। पुलिस ने कपिल और युवती दोनों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले जाया। देर रात तक ड्रामा चलता रहा। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है, शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि 'प्यार का मामला था, लेकिन बात इतनी बिगड़ जाएगी, किसी ने सोचा भी नहीं था।' देर रात हुए इस रोमांटिक-ड्रामा जैसे घटनाक्रम ने धामपुर की रात को चर्चा में ला दिया।

पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष में शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद : चंद्रहास सिंह

सिंचाई विभाग के सभी संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। दिल्ली में पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 25 नवंबर को होने वाली महारैली की सफलता के लिए इरिगेशन मिनिस्ट्रियल संगठन सिंचाई एवं भंडार कर्मचारी संघ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ (सिंचाई) की संयुक्त बैठक डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 25 नवंबर की महारैली पुरानी पेंशन बहाली कि संघर्ष में मिल का पत्थर साबित होगी और संघर्ष को सफलता के आयाम पर पहुंचाएगी। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा एवं जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा ये श्रेय और अस्तित्व का नहीं भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा का है। इरिगेशन मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, भंडार कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार दिवाकर एवं सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, जिला मंत्री ब्रह्मपाल सिंह आगामी 25 नवंबर को दिल्ली हमारे संगठन के अधिक से अधिक साथी प्रतिभाग करेंगे, क्योंकि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है।

बैठक में अटेवा आईटी सेल जिला प्रभारी आकाश दीप, दीपक कुमार, वीरपाल सिंह, पवन कुमार, अवधेश कुमार, विनय कुमार, हेमेंद्र कुमार, संजय कुमार, मुनेंद्र सिंह, राहुल कुमार, दिलीप सिंह, सुनील कुमार, जागेश, नितिन कुमार आदि ने महारैली की सफलता का आह्वान किया।

पेड़ काटने का विरोध करने पर मारपीट

रेहड़। ग्राम केहरीपुर जंगल निवासी स्वर्ण कौर पत्नी देवेंद्र सिंह ने थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी भूमि खसरा नंबर 244 रकबई 0.152 हेक्टेयर गांव केहरीपुर जंगल में स्थित है, जिसका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। मंगलवार की प्रात: लखवेंद्र सिंह पुत्र निछत्तर सिंह, लखवेंद्र सिंह का चाचा व चाचा के दो लड़के निवासीगण गांव किरतपुर थाना रेहड़ इस भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों को कटवा रहे थे। जब उसने व उसके पति देवेंद्र सिंह ने पेड़ काटने का विरोध किया तो आरोपी उनके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान उसके पति देवेंद्र सिंह के सिर में पाठल मारकर उनको गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। उसका पुत्र जरनैल सिंह उन्हें बचाने आया तो आरोपियों ने उसे भी बुरी तरह से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

सरकारी शिक्षक ट्यूशन पढ़ाने में मस्त

प्रशासन चैन की नींद में क्यों?

शाह टाइम्स विशेष संवाददाता

बिजनौर। झालू कस्बे में सरकारी शिक्षक जहां स्कूलों में बच्चों को शिक्षित करने के लिए वेतन पाते हैं। वहीं कई शिक्षक अब अपनी जिम्मेदारी भूलकर निजी ट्यूशन के धंधे में मस्त नजर आ रहे हैं। शिक्षा विभाग के कड़े निर्देशों और सरकारी नियमों के बावजूद भी यह अवैध ट्यूशन व्यापार खुलेआम फल-फूल रहा है और प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है।

सरकारी शिक्षकों को ट्यूशन पढ़ाने की अनुमति नहीं है। शिक्षा विभाग ने बार-बार निर्देश जारी किए हैं कि सरकारी शिक्षक किसी भी प्रकार की निजी कोचिंग या ट्यूशन गतिविधि में शामिल नहीं होंगे, परंतु हकीकत इसके विपरीत है।

नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में कई सरकारी शिक्षक अपने ही घरों या किराए के कमरों में ट्यूशन सेंटर चला रहे हैं और विभागीय अधिकारी साफ आँखों से देखकर भी अंजान बने हुए हैं।

जहां एक ओर सरकार बच्चों को मुफ्त शिक्षा, किताबें और यूनिफॉर्म देने की योजना चला रही है। वहीं दूसरी ओर यही सरकारी शिक्षक बच्चों से ट्यूशन के नाम पर पैसे वसूल रहे हैं। इससे गरीब अभिभावक परेशान हैं और सरकारी स्कूलों की छवि पर भी सवाल उठने लगे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मुद्दे की जानकारी शिक्षा विभाग व प्रशासन को कई बार दी गई, परंतु किसी भी स्तर पर जांच या कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि जब तक ऐसे शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक सरकारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद बेमानी है।

अभिभावकों का कहना है कि शिक्षकों का यह रवैया शिक्षा की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है। लोगों ने मांग की है कि दोषी शिक्षकों की पहचान कर तुरंत निलंबन और जांच की जाए। कुछ शिक्षकों की गलत हरकतों से पूरे शिक्षक समुदाय की छवि धूमिल हो रही है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो बच्चों और समाज दोनों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है।

नगर के प्रबुद्ध लोगों और सामाजिक संगठनों में गहरा रोष है। सबका कहना है कि यदि पुलिस ने इस बार भी नरमी बरती तो यह दरिंदा भविष्य में किसी और मासूम की जिंदगी तबाह कर सकता है। लोगों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर मांग करते हुए कहा है कि ऐसे हैवान शिक्षक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो, ताकि समाज में डर और न्याय दोनों कायम रह सकें।

योगी सरकार की सख्ती के बावजूद ढीली रही हल्दौर पुलिस

बिजनौर। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमेशा बेटियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और स्पष्ट कहा है कि 'जो बहन-बेटी की ओर बुरी नजर उठाएगा, उसे अगले चौक पर यमराज मिलेंगे।' इसके बावजूद झालू में हुई इस घटना पर हल्दौर पुलिस की कार्रवाई सुस्त और संदिग्ध दिखाई दे रही है। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर हर बार 'दबिश दी जा रही है, आरोपी हाथ नहीं लग पाया'। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी शिक्षक इससे पहले भी इसी तरह की शर्मनाक हरकतें कर चुका है, लेकिन सामाजिक बदनामी के डर से पीड़ित परिवारों ने समझौता कर मामले दबा दिए थे।

पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज, आरोपी ने किया कोर्ट में आत्मसमर्पण

बिजनौर। हल्दौर थाना क्षेत्र के कस्बा झालू के मौहल्ला इस्लामाबाद निवासी एक शिक्षक ने अपनी नाबालिग छात्रा को हवस का शिकार बना डाला। मासूम के साथ हुई इस दरिंदगी से पूरे नगर में आक्रोश की लहर दौड़ गई है। घटना का खुलासा तब हुआ जब डरी-सहमी पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर अपने परिवार को पूरी बात बताई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने तत्काल थाने पहुंचकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ तहरीर दी। तेजतर्रार प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने मामला संज्ञान में लेते हुए पॉक्सो एक्ट व अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि, घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी शिक्षक ने पुलिस से बचकर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया ।

सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में अनाथ व गरीब बच्चों को जर्सी वितरित

30 वर्षों से की जा रही विद्यालय की सामाजिक सेवा

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में अनाथ एवं गरीब बच्चों को जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय में लगातार 30 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जो विद्यालय की सामाजिक सेवा भावना का प्रतीक बन चुका है।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज में ऐसे प्रयास ही सच्चे मानवता के उदाहरण हैं, जो शिक्षा और सहयोग के माध्यम से कमजोर वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक मौहम्मद शाहिद ने व संचालन मोहम्मद शारिक ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, पदाधिकारी एवं संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बच्चों को जर्सी वितरित की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा इस अवसर पर यह संकल्प भी लिया गया कि संस्था आगे भी समाज के बेसहारा और अनाथ बच्चों को निशुल्क शिक्षा, पाठ्य पुस्तकें एवं आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान करती रहेगी, ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न रह जाए। विद्यालय प्रबंधक मौहम्मद शाहिद ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि शिक्षा ही समाज सुधार का सबसे प्रभावी साधन है और विद्यालय सदैव इस दिशा में कार्यरत रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में प्रबंध समिति के जनरल सेक्रेटरी डा. एहतेशाम नोमानी, कोषाध्यक्ष मौहम्मद शारिक ने अतिथियों को सम्मानित किया तथा सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय व्यवस्थापक खालिद नोमानी ने बताया कि अब तक इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर व शिक्षक बनकर देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने जनता से शिक्षण संस्था को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए सहयोग की अपील की।

न्यायालय अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं. 6 गैंगेस्टर कोर्ट, बिजनौर

दीवानी निगरानी सं. 31/2025

डॉ. वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल बनाम विकास अग्रवाल आदि

डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप निवासी मौहल्ला बालकराम, निकट जैन मंदिर, कस्बा, परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर-246763

मो.नं.-9410400494

-निगरानी कर्ता

बनाम

विकास अग्रवाल पुत्र विरेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासी मौहल्ला नई बस्ती, कस्बा, परगना व तहसील व जिला बिजनौर-246701

-प्रतिउत्तरदाता

इत्तिला हो कि बनाराजा डिगरी 14/11/25 मुकदमा मुन्दजां बाला में पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ अदालत से बतारीख वास्ते समाअत इस अपील में मुकर्रर की हैं। अगर खुद आप या कोई और शख्स जो कानून अपनी तरफ से अपने हाजा में सवाल करने का मजाज हो हाजिर न होवेगा, तो उसकी समाअत और तनबीज आपकी गैर हाजरी में की जायेगी।

नियत दिनांक:- 14/11/2025

प्रबंधक

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं.-6/गैंगेस्टर कोर्ट, बिजनौर

एक नजर

अभिनेता धर्मेंद्र के स्वास्थ्य लाभ की कामना

बिजनौर। गोविंदा मॉर्निंग क्लब के सदस्यों द्वारा आज प्रात: भ्रमण एवं योगा के पश्चात 7:30 बजे स्टेडियम में एक प्रार्थना सभा का आयोजन कर शोले, धर्मवीर जैसी फिल्मों के द्वारा दर्शकों के दिल में अपनी जगह बना लेने वाले फिल्म अभिनेता एवं पूर्व सांसद धर्मेंद्र के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की गई। साथ ही साथ ही ऐसे न्यूज चैनल जिन्होंने बिना किसी प्रमाणित साक्ष्यों के धर्मेंद्र जी के स्वर्गवास का झूठा समाचार चलाकर जनता को भ्रमित करने का काम किया है, उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की गई। इस अवसर पर सेवानिवृत पुलिस क्षेत्राधिकारी एमपी सिंह, कर्मचारी नेता राकेश शर्मा, राकेश रस्तोगी, प्रकाश वीर रस्तोगी, विदित सक्सेना, दिनेश चौहान, राम मूर्ति गौतम, कमल वीर सिंह, आशाराम सिंह, एडवोकेट राजीव चौहान, चरण सिंह, राम मूर्ति गौतम, संजीव विश्नोई, व्यापारी नेता देवेश कुमार, अवनीश ठाकुर, इंद्रदेव, रामपाल सिंह, विपिन अग्रवाल, राकेश कुमार, गणेश ठाकुर, अशोक कुमार यादव, डा. प्रमोद कुमार, अशोक कुमार अग्रवाल आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

किशोरी को भगाने का आरोपी दबोचा

नहटौर। नहटौर क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी नजर अब्बास ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री नसरीन को मुजफ्फरनगर के थाना खालापार के मौहल्ला चमारान का शाहनवाज पुत्र मौहम्मद रफीक बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर शाहनवाज को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि आरोपी शाहनवाज को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया है।

श्रद्धा और उत्साह से मनाया प्रकाश पर्व

नूरपुर। श्री गुरुनानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व नौ वें पातशाही श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी शताब्दी वर्ष को समर्पित भाव से श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में श्री गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में संगत के सहयोग से चल रहे दस दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का खालसा इंटर कालेज के मैदान में सुसज्जित भव्य विशाल पंडाल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में आयोजित महान कीर्तन समागम के आयोजन के बीच श्रद्धा और उत्साह पूर्वक माहौल में समापन हो गया। गुरु नानकदेव जी का जीवन प्रेरणादायक है। समागम के दौरान गुरुघर के सेवकों को श्री साहिब (तलवार), सरोपा व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। स्टेज सेकेट्री अजीत सिंह व जनरल सेकेट्री राजन सिंह मुंशी के संयुक्त संचालन में समूचे समागम के आयोजन में कमेटी के संचालक जोगेंद्र सिंह टाईगर, हरपाल सिंह, प्रधान गुरनाम सिंह चिंटू, हरदीप सिंह टंडन, परमजीत सिंह गुन्नू, मैनेजर सिंह राजू, बलविंद्र सिंह विशाल, जितेंद्र सिंह विशाल, बलदेव सिंह, खजांची गुरनाम सिंह, मलकीत सिंह, हितेंद्र सिंह, हरजीत सिंह, मीडिया प्रभारी गुणवंत सिंह राठौर, सलाहकार जरनैल सिंह, रविंद्र सिंह मिक्की, रोहित सिंह मुंशी, गुरमीत सिंह, गुरज्ञान सिंह, मनी सिंह, सचिन सिंह, तेजवीर सिंह, रवि सिंह आदि पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के निर्देश पर यह नोटिस दे रहा हूं कि मेरे मुवक्किल के यहां श्रीमती शबनम पत्नी अजीमुद्दीन ने अपने भवन क्षेत्रफल 71.46 वर्ग मीटर स्थित खसरा नं. 103 ग्राम कामराजपुर, परगना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ग्रह ऋण हेतु आवेदन किया है। जिसे अजीमुद्दीन पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम कामराजपुर, परगना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने श्रीमती शबनम पत्नी अजीमुद्दीन निवासी के हक में दान पत्र दिनांक 12.08.2025 को क्रमांक 12227 पर नजीबाबाद उप निबंधक कार्यालय पर दर्ज है। जिस किसी बैंक/ वित्तीय संस्था/ उत्तराधिकारीगण व अन्य किसी व्यक्ति को यदि उपरोक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई आपत्ति/दाबा हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिन के भीतर निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर सम्पर्क करें।

अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर

मोबाइल नम्बर:- 8445429323, 8958840567

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के निर्देश पर यह नोटिस दे रहा हूं कि मेरे मुवक्किल के यहां संजीव कुमार पुत्र करन सिंह व सुमनतरा पत्नी करन सिंह निवासी ग्राम ढयोटी, तहसील धनौरा, जिला अमरोहा ने अपने भवन स्थित खसरा न. 672 ग्राम ढयोटी, तहसील धनौरा, जिला अमरोहा के सापेक्ष में गृह ऋण हेतु आवेदन किया है, जो कि फर्द में करन सिंह पुत्र डालचंद निवासी ग्राम ढयोटी, तहसील धनौरा, जिला अमरोहा के नाम पर दर्ज है। यदि किसी बैंक/वित्तीय संस्था/उत्तराधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को आपत्ति है। तो इस सूचना को प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर निम्न पते या सम्पर्क सूत्र पर सम्पर्क करें।

अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर

मोबाइल नम्बर:- 8445429323, 8958840567

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री सीताराम निवासी ग्राम- लाडपुर, जनपद बिजनौर के पुत्र के जन्म का रजिस्ट्रेशन नगर पालिका परिषद बिजनौर के जन्म पंजीकरण रजिस्टर वर्ष 2016 के रजिस्ट्रेशन संख्या B-2016:9-90036-000642 पंजीकरण दिनांक 04.07.2016 पर अंकित है। इस रजिस्ट्रेशन में जन्म दिनांक- 15.01.2010 अंकित है। उक्त में अपनी जन्म दिनांक सही कराने हेतु प्रार्थी द्वारा उक्त जन्म प्रमाण को निरस्त कराने का अनुरोध किया गया है।

अत: समस्त सम्बन्धित एवं असम्बन्धित से अपेक्षा की जाती है कि यदि उक्त जन्म प्रमाण पत्र के निरस्तिकरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना चाहे, तो वह स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के द्वारा इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिन के अंदर अपनी आपत्ति अथवा प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। तदोपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा निरस्त करने की अनुमति प्रदान कर दी जायेगी।

नोडल अधिकारी (जन्म मृत्यु)

कार्या. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिजनौर

सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर

शाह टाइम्स संवाददाता

शेरकोट। ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली में आमने सामने की टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गई। आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे स्थित रामगंगा पुल पर हाईवे पर मरम्मत कार्य चलने के कारण वन वे व्यवस्था लागू थी। बीती देर रात्रि एक ट्रक धामपुर से अफजलगढ़ की ओर जा रहा था। जब वह मुबारकपुर कुंडा के निकट पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली से उसकी जबरदस्त टक्कर हो गई। ट्रक चालक अंकुर विश्नोई पुत्र ओमवीर सिंह निवासी रसूलपुर आबाद उर्फ चक फेरी थाना अफजलगढ़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पंहुचे थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने घायल को 108 एम्बुलेंस से तुरन्त सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हाईवे से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक की तलाश की जा रही है। वहीं मृतक चालक के परिजनों में कोहराम मच गया।

फोरलेन हाईवे पर धीमी गति से चल रहे कार्य से बढ़ रहे हादसे

शेरकोट। चंद दिनों पूर्व बना फोरलेन हाईवे जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने के कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा धीमी गति से कार्य किये जाने के कारण जगह-जगह वनवे होने की वजह से लगातार हादसे बढ़ते जा रहे है। कुछ दिन पूर्व भी नेशनल हाईवे पर निर्माण होने की वजह से दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। शायद फोरलेन वनवे न होता तो बीती रात ट्रक व ट्राली की टक्कर में ट्रक चालक की मौत न होती।

कैरियर गाइडेंस एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

अफजलगढ़। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव ने विद्यालय पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने की। मंच संचालन कक्षा 11 की छात्रा गरिमा ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विज्ञान शिक्षक नितिन सिंह चौहान द्वारा तथा गणित प्रदर्शनी का आयोजन अनिल कुमार द्वारा किया गया। छात्रों द्वारा तैयार विभिन्न वैज्ञानिक एवं गणितीय मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, नाटक और गीत शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य संजय कुमार, सत्यदेव शर्मा, प्रदीप कुमार, सलमान, निशात, उजमा, समाजसेवी बबीता रुहेला, श्रीमती ऋषिका तथा नेहा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एक नजर

राणा सिंह सैनी बने ब्लॉक महासचिव

रेहड़। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान ने संगठन एवं किसानों के हितार्थ संघर्षशील एवं मेहनती किसान नेता राणा सिंह सैनी को भाकियू (टिकैत) की अफजलगढ़ ब्लॉक इकाई का महासचिव नियुक्त किया है। शैलेंद्र सिंह चौहान ने राणा सिंह सैनी को मनोनय पत्र सौंपते हुए उनसे संगठन की मजबूती एवं किसानों के हितार्थ हर संभव प्रयासों की अपेक्षा की है। अपने इस मनोनयन पर किसान नेता राणा सिंह सैनी ने ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान सहित समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की अपेक्षा के अनुरूप कार्य करने का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि राणा सिंह सैनी इससे पूर्व भाकियू (टिकैत) के ब्लाक अध्यक्ष रहे मदन सिंह राणा की कार्यकारिणी में भी ब्लॉक महासचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं।

समिति सचिव को सौंपा मांग पत्र

चांदपुर। राष्ट्रीय लोकदल युवा नेता हनी तोमर ने कहा है कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा से ही किसान हितैषी रहा है और किसानों की हर लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि आज शुगर मिलों द्वारा अनावश्यक रूप से किसानों को उनकी अर्ली गन्ना फसल होने के बावजूद रिजेक्ट गन्ना फसल बताकर परेशान किया जा रहा है जो कि गलत है। उन्होंने रोष जताते हुए इसी बाबत आज सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड चांदपुर पहुंचकर समिति सचिव जितेंद्र कुमार को एक पत्र देकर किसानों की इस समस्या के समाधान की मांग की। सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव जितेंद्र कुमार ने उन्हें आश्वास्त करते हुए कहा कि वह इस समस्या के समाधान को आज ही संबंधित विभाग अधिकारियों को भेजकर समाधान करने का कार्य करेंगे।

भाकियू जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

बिजनौर। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान के द्वारा जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मंडी समिति किरतपुर धान क्रय केंद्र नजीबाबाद शिफ्ट कर दिया गया है। जबकि ब्लॉक किरतपुर क्षेत्र में धान की अधिक पैदावार है। किरतपुर ब्लॉक के किसानों को धान विक्रय करने में समस्या का सामना करना पड़ेगा। जिसके लिए एक धान क्रय केंद्र किरतपुर में भी रहना चाहिए। जिससे किसानों को धान विक्रय करने में समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। वह आसानी से अपना धान विक्रय कर सकेंगे। यह फैसला किसान हित में होगा और जिला अध्यक्ष के द्वारा किसान संबंधी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

चौड़ प्रबन्धन कार्यशाला का आयोजन

कालागढ़। कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ में डब्लूडब्लूएफ के सहयोग से चौड़ प्रबन्धन कार्यशाला ग्रेसलैंड मैनेजमेंट वर्कशॉप विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। बिन्दर पाल पार्क वार्डन एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ के द्वारा कार्यशाला में आये अतिथियों एवं स्टाफ का स्वागत किया गया तथा कार्बेट टाइगर रिजर्व में चौड़ प्रबन्धन कार्यों पर प्रकाश डाला गया। डॉ. गजानन मुरातकर प्रोफेसर डिप्टी एनवायरनमेंट साइंस अमरावती महाराष्ट्र एवं डॉ. मिराज अनवर कॉर्डिऑर्डिनेटर डब्लूडब्लूएफ इंडिया के द्वारा ग्रासलैण्ड विकास ग्रेसलैंड डिप्लोमेट एवं इसके प्रबन्धन पर विस्तार से चर्चा की गयी। डॉ. गजानन मुरातकर प्रोफेसर के द्वारा चौड़ सुधार के बारे में प्रतिभागियों को प्रस्तुतीकरण के द्वारा भी जानकारी दी गयी। कार्यशाला में बिन्दर पाल पार्क वार्डन उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ भानु प्रकाश हरबोला वन क्षेत्राधिकारी ढेला, नवीन पाण्डेय, वन क्षेत्राधिकारी, बिजरानी, नन्दकिशोर रूबाली, वन क्षेत्राधिकारी झिरना कालागढ़, इन्द्र सिंह बिष्ट वन क्षेत्राधिकारी कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़, नवीन पपनै, महेश चन्द्र जोशी, भारत सिंह रावत वन दरोगा, सुनील कुमार, वनाधिकारी सहित कुल 41 अधिकारियों कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

गुरुवाणी कीर्तन उच्चारण कार्यक्रम

धामपुर। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सामूहिक गुरुवाणी कीर्तन उच्चारण कार्यक्रम एवं विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन गुरमत समागम के रूप में किया गया। इस अवसर पर माता सुंदरी दल के जत्थे मे शामिल गुरु घर के अमृतधारी सेवकों और सेविकाओं ने गुरु वाणी के अमोलक कीर्तन की विभिन्न प्रस्तुतियों से संगत समूह को निहाल किया। गुरुद्वारा के दीवान हाल में मोगा परिवार की संरक्षक माता राजरानी मोगा के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में सरदार भजन प्रीत सिंह मोगा एवं जितेंद्र कौर मोगा, सरदार मनप्रीत सिंह मोगा एवं बीवी गुरप्रीत कौर मोगा, तरलीन कौर मोगा, कीरत मोगा, सरदार जगप्रीत सिंह मोगा आदि सहित सभी मोगा परिवारों का समर्पित एवं सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में माता सुंदरी दल के जत्थेदार ज्ञानी जसवीर सिंह खालसा ने मोगा परिवार द्वारा परिवार की लाडली बिटिया के जन्मदिन को गुरु घर में आकर मनाने तथा विशेष कीर्तन दरबार सजाते हुए लंगर का आयोजन करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो भी गुरमुख परिवार अपने पारिवारिक और व्यक्तिगत आयोजनों को गुरु घर में पहुंचकर आयोजित करते हैं उन पर सच्चे पातशाह वाहेगुरु जी की अपार कृपा बनी रहती है और संबंधित परिवार प्रगति तथा उन्नति के पथ की ओर अग्रसर रहते हुए अनेकों प्रकार की उपलब्धियां भी अर्जित करते हैं। कार्यक्रम का समापन गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह द्वारा की गई सामूहिक अरदास तथा माता राजरानी मोगा के परिवार की ओर से आयोजित विशाल लंगर से किया गया। कार्यक्रम की सफलता में गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरु चरण सिंह चावला सहित प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का समर्पित योगदान रहा।

एक नजर

गन्ना क्रय केंद्र का उद्घाटन

बुंदकी। अपना दल एसके जिला अध्यक्ष चौधरी शैलेंद्र सिंह ने ग्राम कोटकादर में स्थित नजीबाबाद सहकारी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि केंद्र पर किसी तरह की किसानों के साथ मनमानी की जाती है, तो उसको वह मिल प्रशासन से वार्ता कर किसानों को सम्मान दिलाने का कार्य करेंगे। घटतौली किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर उनके साथ चौधरी सागर, घनश्याम शर्मा, अफसर अहमद, डॉ. आदित्य आदि उसके बाद चौधरी शैलेंद्र सिंह ग्राम में पहुंचे। जहां पर उनके कार्यकर्ताओं ने पार्टी का पटका पहना कर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा गरीब जनता के लिए वह स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए ग्राम में कैंप की व्यवस्था करेंगे। ताकि गरीब बीमार व्यक्ति को घर बैठे उपचार मिल सके। लगातार चौधरी शैलेंद्र के तूफानी जनसंपर्क से लोगों में उनके प्रति और पार्टी के प्रति उत्साह देखने को मिलता है।

पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

धामपुर। प्रदेश सरकार के निर्देश पर और पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार यातायात सुरक्षा माह के तहत धामपुर में पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे एवं कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार के नेतृत्व में नगर के के.एम. इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित 150 विद्यार्थियों, 15 शिक्षकों तथा स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सावधानियों और सुरक्षित ड्राइविंग के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करना, अत्यधिक गति (ओवर स्पीडिंग) से बचना, नशे की हालत में वाहन न चलाना और पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सीओ अभय कुमार पांडे ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। कार्यक्रम में उप निरीक्षक धर्मपाल सिंह, देवेंद्र राठी, महिला आरक्षी सपना, हिना खान सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन

कोतवाली देहात। पं दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज बेनीपुर कोपा में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। मेले में छात्र और छात्राओं द्वारा आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिनमे पृथ्वी का निर्माण, डिफेंस सिस्टम मॉडल आकर्षक रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत कुमार ने छात्रों को कैरियर के बहुत से विकल्प के बारे मे विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कई बच्चों द्वारा कबाड़ से बने मॉडल प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने चंद्रयान का मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे उड़ाकर दिखाया गया। इसके अतिरिक्त पन चक्की, झूला, पृथ्वी की उत्पत्ति जैसे मॉडल प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कैलाशचंद, देवेन्द्र कुमार, हरिराज सिंह, अवनीश कुमार, रवि कुमार, लोकेश उपाध्याय, भानु प्रताप, अरुण भारती, राजेन्द्र कुमार, नेहा एवं मोहित कुमार उपस्थित रहे।

सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित

हल्दौर। गांव अम्हेड़ा के पास मुरादाबाद-बिजनौर हाईवे पर अचानक एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर जाने से यातायात बाधित हो गया। इससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को घंटों जाम में फंसकर परेशानी झेलनी पड़ी। राहगीरों का कहना है कि सूचना देने के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी समय पर मौके पर नहीं पहुंचे, जिसके कारण पेड़ को हटाने में देरी हुई। इससे यात्रियों में विभागीय लापरवाही को लेकर आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क से पेड़ को तत्काल हटाया जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए पेड़ों की समय-समय पर छंटाई कराई जाए।

मजदूरी के पैसे मांगने पर बनाया बंधक

युवक को बेरहमी से पीटा, चाकू से हमला कर किया लहूलुहान

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव जैतरा में मजदूरी के पैसे मांगने गए एक युवक के साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक को गांव के ही कुछ लोगों ने घर में बंधक बनाकर पहले बेरहमी से पीटा और फिर उस पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

ग्राम निवासी सरोज देवी पत्नी गंगाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा गौतम (24 वर्ष) राजेश के यहां मजदूरी करता था। बीते 10 नवंबर की शाम वह अपनी मजदूरी के बकाया पैसे लेने राजेश के घर गया था। देर रात तक गौतम के घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने आसपास के गांवों और रिश्तेदारों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगली सुबह मंगलवार को जब परिजन राजेश के घर पहुंचे, तो वहां गौतम बेहोशी की हालत में खून से लथपथ पड़ा मिला। उसके चेहरे और शरीर पर चाकू के कई गहरे घाव थे। परिजनों का कहना है कि गौतम को राजेश, राकेश, तरुण, नितिन और मुकेश ने घर के अंदर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा और चाकू से घायल किया।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। किसी तरह घायल गौतम को बाहर निकालकर परिजनों ने एंबुलेंस के जरिए धामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बिजनौर जिला अस्पताल रैफर कर दिया। सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि पीड़िता सरोज देवी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। गांव में इस वारदात के बाद दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि मजदूरी के पैसे मांगने पर इस तरह की दरिंदगी बेहद शर्मनाक है। वहीं परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मजदूरी के पैसों को लेकर गौतम और राजेश के बीच पहले भी कहासुनी हुई थी, जिसके चलते यह विवाद बढ़ गया।

पालिका सभागार में गजेटियर सर्वे बैठक

स्योहारा। नगर की लोक संस्कृति प्रतिभाओं और ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने एवं उन्हें भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका सभागार में गजेटियर ट्रेनिंग प्रोग्राम की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विजेंद्र पाल सिंह ने की जबकि संचालन मुख्य लिपिक देवेंद्र कुमार ने किया। बैठक में अधिशासी अधिकारी विजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि मुरादाबाद मंडल आयुक्त आनंजय कुमार के निर्देशानुसार यह सर्वे नगर की ऐतिहासिक सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को दस्तावेजी रूप में संजोने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि स्योहारा नगर के सभी 25 वार्डों में 13 नवंबर से सर्वे की शुरुआत की जाएगी, जिसमें प्रत्येक वार्ड में दो-दो कर्मचारियों की टीम कार्य करेगी। यह सर्वे 15 दिनों के भीतर पूरा कर रिपोर्ट मंडल आयुक्त को भेजी जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य नगर की उन छिपी हुई प्रतिभाओं, कलाकारों, लोक गायकों, चित्रकारों, कारीगरों और परंपरागत सांस्कृतिक धरोहरों को खोजकर सामने लाना है जो स्योहारा की पहचान बन सकते हैं। साथ ही नगर के ऐसे स्थलों का भी विवरण एकत्र किया जाएगा, जो धार्मिक ऐतिहासिक या सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वे के दौरान सामाजिक दृष्टिकोण से भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। यदि किसी वार्ड में कोई ऐसा व्यक्ति पाया जाता है जो वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन का पात्र है लेकिन किसी कारणवश वंचित है तो उसकी रिपोर्ट अलग से तैयार की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य लिपिक देवेंद्र कुमार, हरी ओम, पंकज कुमार, अमित कुमार, मौहम्मद शान, चांदनी अदनान सहित समस्त नगर पालिका कर्मचारीगण एवं नगर के एनजीओ प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

लालकिले पर बम धमाके से व्यथित हुए भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा

निर्दोषों के हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। नगर के प्रमुख समाजसेवी भाजपा नेता एवं व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले पर हुए बम धमाके की घटना पर गहरा शोक और रोष व्यक्त किया है। उन्होंने इस कायराना आतंकी हमले को देश की अस्मिता और शांति के साथ की गई एक भयानक साजिश बताया।

अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि लालकिला केवल एक ऐतिहासिक धरोहर ही नहीं बल्कि भारत की आन-बान और शान का प्रतीक है। इस पर हमला पूरे देश की अस्मिता पर हमला है। उन्होंने कहा कि देश के दुश्मन कभी भी भारत की एकता और अखंडता को तोड़ नहीं सकते। भारतीय जनता और देशभक्त नागरिक एकजुट होकर ऐसे आतंकवादियों के मंसूबों को हमेशा नाकाम करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि यह अत्यंत दुखद और निंदनीय है कि कुछ आतंकी संगठन अपने स्वार्थ और घृणा की राजनीति के चलते निर्दोष नागरिकों की जान से खिलवाड़ करते हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना में मारे गए सभी निर्दोष नागरिकों के परिजनों के प्रति वे अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि इस घटना में शामिल दोषियों को जल्द से जल्द पहचानकर ऐसी सख्त से सख्त सजा दी जाए जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बन जाए। देश में कोई भी व्यक्ति ऐसा दुस्साहस न कर सके कि वह निर्दोषों के खून से अपने नापाक इरादों को पूरा करे। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि भारत जैसे महान राष्ट्र में आतंकवाद की कोई जगह नहीं है। हमारे सैनिक और सुरक्षाबल हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और आपसी एकता एवं भाईचारे को बनाए रखें।

शेरकोट में सूदखोरी का अवैध कारोबार

बिना लाईसेंस के चल रहा धंधा, कर्ज के कुचक्र में पिस रहा गरीब

शाह टाइम्स संवाददाता

शेरकोट। कस्बे में सूदखोरी का अवैध कारोबार बेकाबू होता जा रहा है। गली-गली फैले सूदखोर अपने जाल में फंसा कर आम गरीब जनता को कर्ज के बोझ तले दबा रहे हैं। ब्याज दरें इतनी अधिक हैं कि लोग अपनी जमा-पूंजी और जीवनभर की कमाई तक गंवा बैठते हैं। बिना किसी लाइसेंस के चल रहे इस धंधे में दलाल खुलेआम मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि गरीब आदमी रोज-ब-रोज कर्ज के कुचक्र में पिसता जा रहा है। इतना ही नहीं बहारी लोग कस्बे में आकर ब्याज पर रुपये देकर बाद में उनका शोषण कर रहे है।

नगर के गली मौहल्लो सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सूदखोरों ने पूरे तरीके से जाल बिछा रखा है। जो अवैध रूप से जरूरतमंदों को पांच से दस प्रतिशत की ब्याज दर पर रकम उधार दे रहे हैं। यह सूदखोर बेहद ही शातिर है। गरीब लोगों के द्वारा रकम लेट देने पर उनका आर्थिक व मानसिक शोषण करते है। इसी तरह कई ऐसे सूदखोर भी है, जो मोटी रकम देने पर जमीन का रजिस्टर्ड इकरारनामा व बैनामा भी करा लेते हैं। रकम वापस न कर पाने पर मजबूरन बैनामा करना पड़ता है। सूत्रों का कहना है कि पूरे नगर में सूदखोरों का जाल फैला हुआ है। इस अवैध कारोबार को करने वाले खूब मालामाल हो रहे हैं। वह लगातार सम्पत्तियां खरीद रहे हैं। कई लोग तो ऐसे भी है, जो खुद सामने नहीं आते है और जगजाहिर सूदखोरों व दलालों के माध्यम से अपनी रकम को इस अवैध कारोबार में लगाते हैं। इन्होंने करोड़ों रुपए इस अवैध कारोबार में लगा रखे हैं। इस कारोबार में सबसे ज्यादा फायदा हो रहा है। यह बेहद गरीब व भूमिहीनों को सूद पर रकम नहीं देते है। बेहद शातिर सूदखोर कोई भी खतरा नहीं उठाते है। वह अपनी शर्तो पर रकम देते है। इनके बारे में सभी जानते है और इनके अत्याचारों से पीड़ितों की संख्या भी हजारों में है। मगर इनके खिलाफ कोई भी आवाज नहीं उठाता है। जब कोई घटना हो जाती है, तो इनके अत्याचारों की चर्चा होती है। वक्त गुजरने के साथ ही सब घटना को भूल जाते है। प्रशासन व पुलिस भी इस तरह के रैकेटों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए शिकंजा नहीं कसती है। यदि प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो पिछले दिनों नगीना में एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या करना जैसा मामला हो सकता है। इन सूदखोरों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए। आय से अधिक संपत्ति रखने एवं अवैध कारोबार से संपत्ति जुटाने को लेकर इनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। इनकी अवैध सम्पत्तियों पर बुलडोजर चला कर उन्हें गरीबों को बांटा जाए। मगर सरकार शायद ही ऐसा कर पाएगी। कुछ सूदखोर अपनी अवैध कमाई को सफेद करने एवं बढ़ाने के लिए उसे जमीन खरीद कर कालोनी काटने में लगा रहे है। वही धामपुर व नजीबाबाद सहित आदि जगहों से शेरकोट में आकर सूदखोरों ने मोटी रकम ब्याज पर बांट रखी है। इतना ही नहीं इन बहारी सूदखोरों ने गरीब लोगों का जमकर शोषण कर रखा है। लोगों द्वारा समय से रकम न लौटाने पर उनकी जमीनों के बैनामे तक करा रखे है।

धामपुर के दो सूदखोर भाई ब्याज के काम से बने करोड़पति

शेरकोट। धामपुर के दो सूदखोर भाईयों की जोड़ी ने बाजार में कपड़े की दुकान खोलकर उसकी आड़ में लाखों रुपये ब्याज पर बांटकर लोगों को ब्याज के जाल में फंसा रखा है। यदि समय रहते रकम वापस नहीं दे पाते तो उनके ऊपर ब्याज का छियाज लगा देते हैं। इतना ही नहीं इन दोनों भाईयों की जोड़ी ने रकम के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों व नगर के गरीब लोगों के घरों मे होने वाली शादी समारोह या त्यौहारों के समय कपड़े की रकम ब्याज में तब्दील कर देते हैं। यह आज के समय में करोड़ों रुपये की सम्पत्ति के मालिक बन बैठे हैं। प्रशासन को चाहिए कि इन दोनों भाईयों की सम्पत्ति की जांच कर कड़ी कार्यवाही करे।

नजीबाबाद के सूदखोर ने शेरकोट में फैला रखा है जाल

शेरकोट। नजीबाबाद के रहने वाले सूदखोर ने कस्बे में लाखों से लेकर करोड़ों रुपये की रकम बांटकर गरीब लोगों का जमकर शोषण कर रखा है। इस सूदखोर की वजह से कुछ वर्ष पहले शेरकोट के निवासी व्यक्ति को चंद रुपये देकर समय से रकम न लौटने पर इस सूदखोर व इसके परिवार के अन्य सदस्यों ने उस व्यक्ति पर दबाव बनाकर उससे कुछ जगह अपने रिश्तेदार के नाम बैनामा कर लिया था। जिस कारण सदमे में व्यक्ति की मौत हो गयी थी। यह सूदखोर हर माह शेरकोट में आकर वसूली व ब्याज पर रकम बांटता है। प्रशासन को चाहिए की इस सूदखोर पर भी कार्यवाही होनी चाहिए।



सम्भल। उप नगरी सराय तरीन के मोहल्ला भूड़ा में हुए अग्निकांड की जानकारी लेते उपजिलाधिकारी।

सम्भल। केमिकल कारखाने में पड़ोसी की दीवार तोड़कर आग बुझाता दमकलकर्मी।

केमिकल रखे हैंडीक्राफ्ट कारखाने में भीषण आग

- तीन तहसीलों से आए वाहनों ने स्थानीय लोगों की मदद से दो घंटे बाद पाया काबू
- आसपास के मकानों को कराया गया खाली
- पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे
- घनी आबादी के बीच चल रहा था कारखाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। आबादी के बीचो-बीच चल रहे कैमिकल के हैंडी क्राफ्ट कारखाने में आग लग गई। पैट्रोल से भी अधिक तेजी से आग पकड़ने वाले ज्वलनशील पदार्थ ने रौद्र रूप ले लिया। भीषण आग के धुंअे के गुब्बार दूर-दूर तक दिखायी देने लगे। भयंकर अग्निकांड की सूचना से हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के वाहनों ने मौके की और दौड़ लगा दी। लगभग तीन घंटे बाद स्थानीय लोगों और अग्निश्मन दस्ते के अथक प्रयासों से आग के रौद्र रूप पर काबू पाया गया। अग्निकांड में कारखाने में रखा सामान राख बन गया जबकि मशीनें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयीं।

उप नगरी सराय तरीन के होली चौक मंगलपुरा निवासी अजीम और वसीम पुत्रगण यूनुस का मौहल्ला भूड़ा दौलतपुरी रोड पर मुल्लाजी इंतेज़ार के मकान को किराये पर लेकर उसमें कैमिकल से हैंडी क्राफ्ट आईटम बनाने का कारखाना लगा रखा है। कारखाने में मशीनों और बिजली चलित अन्य उपकरणों से हैंड्री क्राफ्ट के आईटमों को तैयार किया जाता है। बुधवार की दोपहर घनी आबादी के बीचो-बीच संचालित कैमिकल के कारखाने में कारीगर काम का रहे थे। अचानक कारखाने में रखो ज्वलनशील पदार्थ में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते रौद्र रूप ले लिया। आग का भयंकर रूप से धुंअे के गुब्बार दूर-दूर तक दिखायी देने लगे। जबकि आसपास के लोग सहम गए। अगिनकांड की जानकारी मिलने पर सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ आलोक कुमार भाटी व हयात नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के अलावा एफएसओ ए के ओझा दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंच गए। इससे पूर्व स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग का रौद्र रूप बढ़ता जा रहा था। मौके पर पहुंचे दमकल के वाहनों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस बीच आग भयंकर होते ही चन्दौसी और गुन्नौर से भी दमकल के वाहनों को बुलवा लिया गया। सभी वाहनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग से घिरे कारखाने के अंदर जाने का रास्ता न होने से काबू में नहीं आ पा रही थी। कारखाने के अंदर रखा ड्रम में ब्लास्ट होते ही आसपास के लोगों की दहशत और बढ़ गयर। बढ़ती जा रही आग पर काबू पाने को पड़ोसी घरों की ओर से दीवार आदि को तोड़ा गया। दमकल कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की मदद से करीब दो घंटे के अथक प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक आग में कारखाना पूरी तरह जल चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कारखाने में लगी मशीनों पर कारीगर काम कर रहे थे अचानक मशीन पर रगड़ से निकली चिंगारी/शार्ट सर्किट से कैमिकल ने आग पकड़ ली और उसने रौद्र रूप ले लिया। अग्निकांड में हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आबादी के बीच ज्वलनशील पदार्थ के कारखाने संचालित होने से बड़े सवाल खड़े कर दिये है। सूचना मिलने के बाद ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी और उपजिलाधिकारी ने पहुंचकर जानकारी ली।

सम्भल। केमिकल से आइटम बनाने के कारखाने में भीषण आग के कारणों की जानकारी करती पुलिस।

आग के घेरे में है उप नगरी सरायतरीन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। उप नगरी सरायतरीन में हैंडीक्राफ्ट उद्योग का बड़ा जाल फैला हुआ है। लगभग तीन से चार हज़ार छोटे और बड़े कारखाने तंग गलियों में बने मकानों में संचालित हैं। जब-जब भी कोई बड़ा अग्निकांड उप नगरी में हुआ है तब बड़ी समस्या दमकल के वाहनों के पहुंचने पर होता है। इतना ही नही कैमिकल से बनने वाले आईटम के आसपास ज़रा सी चिंगारी भी शोला बनकर भड़क उठती है। हर समय उप नगरी आग के घेरे में रहती है। इससे पूर्व भी आग की भीषण घटनाएं हो चुकी है। लेकिन रोजगार और देश विदेशों को निर्यात होने वाले आईटमों बनाने पर हर समय आग लगने का खतरा भी बना रहता है। घनी आबादी के बीच चल ाहे कैमिकल के कारखानों में सुरक्षा व अनिशमन के कोई प्रबंध नहीं किये जाते है। इससे होने वाले बड़े नुक्सान को रोकने के लिए न तो कारखाना संचालक ही जागरूक हैं और न ही अग्निशमन विभाग को ही कोई फिक्र रहती है। आखिर ज्वलनशील पदार्थ वाले कारखाने आबादी के बीच कैसे संचालित हैं इसकी जांच भी ज़रूरी है।

भीषण आग ने अग्निशमन विभाग की सतर्कता की खोली पोल

- उप नगरी के हर गली और मोहल्लों में संचालित हैं कारखाने

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। घनी आबादी के बीच ज्वलनशील पदार्थ से आईटम बनाने वाले कारखाने में लगी भयंकर आग ने अग्निशमन विभाग की सर्तकता की पोल खोलकर रख दी है। किसी बड़ी घटना के बाद ही कदम उठाता अग्निशमन विभाग की ओर से आबादी के बीच बिना एनओसी के संचालित कारखानों पर कोई कार्रवाई नहीं किया जाना बड़े सवाल पैदा कर रहा है।

जब-जब भी आग की कोई बड़ी घटना हुई है तब तब अग्नि शमन विभाग हो या पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी नियम और कायदे याद आने लगते हैं। बडे हादसे होने के बाद विभागीय और पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर नियम विरूद्व कार्य करते आ रहे लोगों पर कार्रवाई की कलम चलती है। उप नगरी सराय तरीन में आग की घटनाएं ऐंसा नहीं है कि पहली बार हुई हों। इससे पूर्व भी कई बड़ी आग की घटनाएं सामने आ चुकी हैं लेकिन घटना के समय नियम और कानून की याद दिलाने वाले अधिकारी वहां से आकर सब भूल जाते हैं। इसी का नतीजा रहा कि मौहल्ला भूड़ा में लगी आग ने एक बार फिर से अधिकारियों और अग्नि शमन विभाग की सर्तकता की असलियत सामने ला दी है। जबकि कैमिकल से निर्मित होने वाले आईटमों के कारखाने एक नहीं दर्जनों हैं। जिनमें खतरनाक कैमिकलों से तरह-तरह के आईटमों को तैयार कर उन्हे देश और विदेशों में भेजकर लाखों-करोड़ों कमाते हैं। मगर कारखाना संचालक अगिनशमन के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं करते न ही अग्निशमन विभाग से ही इसकी कोई अनुमति नहीं ली जाती है। जबकि यह कारखाने उप नगरी सराय तरीन के हर गली और मौहल्लों में संचालित होते देखे जा सकते है। बड़े पैमाने पर कैमिकल से ज्वलनशील पदार्थ (कैमिकल) से बनने वाले आईटमों के कारखाने संचालित हैं लेकिन आग से बचाने के कोई इंतेजाम नहीं है। इसके लिए अग्नि शमन विभाग की ओर से यदि पहले ही जांच आदि कर कार्रवई की जाये तो ऐंसे हादसों को रोका जा सकता है अन्यथा किसी दिन बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

धुएं के गुबार से सांस लेना हुआ दूभर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। कैमिकल के हैंडीक्राफ्ट कारखाने में लगी आग से उठे धुंअे के गुब्बार ने आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लियज्ञ। आसमान छूता धुंअे का गुब्बार गली और मौहल्लों में रहने वालों की आंखो में जलन होने के साथ सांस लेना भी दूभर हो गया था। जबकि मौके पर आग बुझाने में जुटे स्थानीय लोगों और कवरेज करने पहुंचे मीडिया कर्मियों की आंखो में जलन होने के साथ सांस नहीं लिया जा रहा था। बढ़ते धुंअे के गुब्बार से सांस लेने में होती परेशानी से बचने के लिए आनन-फानन में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने स्वयं मास्क लगाये जबकि मीडिया कर्मियों को भी मास्क दिए। इसके अलावा किसी अनहोनी से बचने को आसपास के घरों को खाली कराया गया। दो घंटे तक हुए आग का रौद्र रूप शांत होने के बाद ही लोग सही से सांस ले सके। जब तक आग लगी रही तब तक सांस भी गले में ही अटकी रही।

जान पर खेलकर विधायक पुत्र सुहैल ने बढ़ाया लोगों का हौंसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। कैमिकल से आईटम बनाने वाले हैण्डीक्राट कारखाने मे लगी आग से आसपास के इलाके मे दहशत फैल गसी थी। आग का गुस्सा शांत करने को स्थानीय लोगों के अलावा अग्निशमन दस्ता पूरी तरह से जुटा हुआ था। जबकि आग का रौद्र रूप देखकर आसपास के लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पहुंच रहे थे वहीं आग की सूचना पर पहुंचे सदर विधायक पुत्र सुहैल इकबाल ने आग बुझाने को अपने कदम बढ़ा दिये। मौके पर विधायक पुत्र सुहैल इकबाल लोगों और दमकल विभाग के साथ बुझाने मे जुट गये। आग इतनी भयंकर थी की पास जाने को भी कोई तैयार नहीं थी। लेकिन कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाई और आग बुझाने का काम किया। वहीं आग की लपटो की परवाह न कर विधायक पुत्र सुहैल इकबाल ने भी आग बुझाने के लिए समरसेबिल से पाइप थामे बुझाते नजर आये। धुंऐ के आग कुछ देर को तो पास टिक पाना बड़ा ही मुश्किल था लेकिन खुद की जान की परवाह न करते हुए सुहैल इकबाल ने जिस तरह आग को बुझाने के लिए आगे बढ़े तो लोगों का हौंसला बढ़ गया और वह भी आग बुझाने के लिए तमाम साधन मे जुट गये। कहीं से दीवार तोड़ी गई तो कहीं छत के जरिये पानी भकर बाल्टीयां फैंकी गई। बमुश्किल कई घण्टो बाद आग पर काबू पाया गया वरना आग दूसरे मकानों को भी अपनी चपेट मे ले सकती थी।

संचालकों को करें मोटीवेट अग्निकांड की जानकारी और निरीक्षण करने पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने विधायक पुत्र सुहैल इकबाल से कहा कि आबादी में कारखाना चलाने वालों को मोटीवेट करें। जागरूक होने के बाद भी नहीं माने और कारखानों को आबादी दूर नहीं ले जाया गया तो मजबूरन कड़े कदम उठाये जायेंगे।

केमिकल कारखाने में लगी आग की होगी गहनता से जॉंच

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। आबादी के बीच संचालित कैमिकल से आईटम बनाने के कारखाने में हुए अग्निकांड की सूचना पर पहुंचे चीफ फायर ऑफिसर ए के ओझा आग पर काबू पाने तक मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान उनसे आबादी में ज्वलनशील पदार्था के कारखाने का संचालन के लिए विभाग की किसी अनुमति की जानकारी चही तो उन्होने किसी अनुमति होने से इंकार किया। उन्होने कहा कि इसके लिए अग्निश्मन विभाग से कोई अनुमति ली गई होगी समीव नहीं लगता। उन्होने कहा कि कारखाने में आग कैसे लगी और अग्निकांड में कितना नुक्सान हुआ है इसकी जानकारी जांच करने के बाद ही दी जायेगी। उन्होने कहा कि आबादी में खतरनाक कैमिकल से आईटम बनाने वाले कारखाने बिना अग्निशमन विभाग से एनओसी लिए कैसे संचालित हैं इसकी भी गहनता से जांच करायी जायेगी। यदि आबादी और बिना अनुमति के कारखाने संचालित मिले तो उन पर कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए जांच करायी जायेगी।

देशभक्ति का जुनून पैदा करता है वंदे मातरम्: शर्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। पूर्व माधयमिक विद्यालय भवानीपुर में छात्र-छात्राओं, शिक्षक मंडल एवं ग्राम प्रधान के साथ भारतीय इतिहास संकलन समिति ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम को गाकर इसे देशभक्ति का जुनून पैदा करने वाला गीत बताया।

भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम करोडो भारतीयों में देशभक्ति का जुनून पैदा करने वाला राष्ट्रीय गीत है। उन्होंने कहा कि आजादी के दीवाने परवाने वंदे मातरम गाते हुए फांसी के फंदे पर झूल गए। भवानीपुर के ग्राम प्रधान विष्णु कुमार ने कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ संपूर्ण देश में धूमधाम से मनाई जा रही है। हम सबको राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझकर सीखकर निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कर्तव्य पालन को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म बताया। प्रभारी प्रधानाध्यापक अतुल कुमार शर्मा ने वंदे मातरम को भारत भारतीयता का प्रतीक बताकर इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अतुल कुमार शर्मा, ग्राम प्रधाान विष्णु कुमार तथा अभिभावक चौधरी किशन वीर सिंह, चरन सिंह आदि ने भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा तथा लेखक प्रमुख उमेश सैनी को शौल ओढ़ाकर माल्यार्पण करके तथा पुस्तक भेंट करके अभिनंदन स्वागत किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं अभिभावक शिक्षक मंडल ग्राम प्रधान एवं इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने आस्था श्रद्वा के साथ गर्व और गौरवपूर्ण अंदाज में राष्ट्रीय गीत सामूहिक रूप से गाया। कार्यक्रम में उमेश सैनी, चौधरी विष्णु सिंह, सेवाराम सिंह यादव, अतुल कुमार शर्मा, चौधरी किशनवीर सिंह, चरन सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका तृषा लोधी ने किया।

पचास लाख के खोए मोबाइल पुलिस ने मालिकों को सौंपे

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। पुलिस की बड़ी पहल से दो सप्ताह में खाये पचास लाख के मोबाईल को बरामद हो गया। पुलिस ने उन्हे उनके मालिकों को सौंप दिए। मोबाईल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल गए।

जिले में चल रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने सीआईआर सिटीजन इनफॉरमेशन पोर्टल के माध्यम से केवल दो सप्ताह में 50 लाख रुपये कीमत के 113 मोबाइल फोन बरामद कर लिये। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में उन्हे उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा गया। इस दौरान अपने खोए मोबाइल दोबारा पाकर लोगों ने खुशी दौड़ गयर। लोग पुलिस का आभार व्यक्त करते रहे। एएसपी ने बताया कि जिले में खोए या चोरी हुए मोबाइल की बरामदगी के लिए सीआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की तकनीकी निगरानी की गई। पुलिस की साइबर टीम ने आईएमईआई नंबर ट्रैक कर मोबाइल फोन को विभिन्न जिलों और राज्यों से बरामद किया। अभियान के तहत लगातार मॉनिटरिंग करते हुए हर थाने में विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि कोई भी व्यक्ति अपने कीमती मोबाइल से वंचित न रहे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत सीआईआर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करें, जिससे त्वरित कार्रवाई सम्भव हो सके।

शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध बनाने का आरोपी दबोचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। शादी का झांसा देकर शारिरिक सम्बंध बनाने और शादी करने के लिए आठ लाख की नकदी मांगने के आरोपी का पनुलिस ने धर दबौच लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

हयात नगर थाना क्षेत्र के मौहल्ला नवाबखेल निवासी युवती को शादी के ढांसे में लेकर युवक ने शारिरिक सम्बंध बनाये। जबकि शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी की मां और बहने व बुआ शादी करने के लिए आठ लाख की नकदी कीम ंग करने लगे। पीडित्रा ने इसकी रिपोर्ट थाना हयात नगर में दर्ज करायी। एपी के निर्देश पर जिले में अपराधियों की धर पकड़ को चल रहे अभियान में आरोपी आकाश पुत्र रामरतन सैनी निवासी बंगलागांव गली नं. 07 थाना नगफनी जनपद मुरादाबाद को को धर दबौच लिया। आरोपी का चालान कर दिया गया।

भाकियू नेताओं ने धान क्रेय केन्द्रों पर गड़बड़ी के लगाए आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। धान क्रय केंद्रों पर किसानों की फसलों की खरीद में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर धान खरीद प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं पर नाराजगी जताई।

अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भाकियू नेताओं ने आरोप लगाया कि जिले के विभिन्न धान क्रय केंद्रों पर वास्तविक किसानों की उपज नहीं खरीदी जा रही, जबकि केंद्रों के प्रभारी और माफिया तत्व व्यापारियों की 7सलें खरीदने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि पीआर-2626 प्रजाति का धान केंद्रों पर लिया ही नहीं जा रहा, जिससे किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। संगठन ने बताया कि कागजातों के सत्यापन के नाम पर किसानों को बेवजह परेशान किया जा रहा है, जिससे समय और पैसे दोनों का नुकसान हो रहा है। जबकि सरकार की खरीद नीति के दावे जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं।भाकियू नेताओं ने धान केंद्रों पर भ्रष्टाचार, मनमानी और अधिकारियों की मिलीभगत चरम पर होने के भी आरोप लगाये जबकि सभी धान क्रय केंद्रों की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई तथा किसानों की फसल का उचित मूल्य व समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की।

अधिवक्ता मेडिकल सुविधा का लें लाभ: शिरीष मेहरोत्रा

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। बार कौन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चैयरमेन शिरीष कुमार मेहरोत्रा ने कहा कि अब अपराधी वकालत के पेशे में नहीं आएंगे। उनका रजिस्ट्रेशन नहीं किया जायेगा। वह अपने पद की गरिमा को बनाए रखें। साथ ही किसी को नि:शुल्क परामर्श न दें। क्योंकि इससे आपको ही नुकसान है। परामर्श शुल्क लेना डाक्टर की तरह वकील को भी आवश्यक है।

वह गुन्नौर की बार वेलफेयर एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुन्नौर बार वेलफेयर एसोसिएशन के कोई भी मेडिकल केस पेंडिंग नहीं है। जो मदद चाहते हैं वह मेडिकल सुविधा का फार्म ले सकते हैं। अब नए नियम में 70 साल से नीचे अधिवक्ता को 5 लाख रुपया मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक और स्कीम जिसमें 5 लाख रुपये मिलते हैं।इस प्रकार 10 लाख की मदद अधिवक्ता की होती है। विगत 16 जून 2010 के बाद बकालत पास करने के बाद एवीआई परीक्षा पास करना जरूरी हो गया है। तब सीपीओ नंबर मिल जाता है और आप प्रैक्टिस कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब अपराधी वकालत के पेशे में नहीं आएंगे।उनका रजिस्ट्रेशन नहीं होगा। अधिवक्ताओ को अपने काम कराने में पुलिस और प्रशासन से न्यूनतम दवंगई जरूरी है। इस दौरान बार वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, महासचिव सुरेश यादव,श्रीकृष्ण भारद्वाज, भगवान सिंह यादव, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव महासचिव मोहित यादव, हेमंत दीक्षित,अजय पाल गुप्ता,धनेश चंद गोड, राजेन्द्र सिंह यादव,भानुप्रकाश यादव, वीरेश यादव,अनुराग यादव आदि मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर में बाइक सवार दो घायल

बबराला। आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुन्नौर नेहरू चौक पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गये।गंभीर रूप से घायलों को पुलिस की मदद से गुन्नौर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

बाइक सवार शैलेंद्र सिंह पुत्र नन्नू निवासी बक्सर बढ़िया थाना सहसवान जिला बदायूं व पीछे बैठे सूरजपाल पुत्र हेतराम सिंह निवासी नगला थाना सिकंदरपुर जिला कासगंज दोनो राजस्थान से काम करके वापस लौट रहे थे। तभी ट्रक ने बाइक में साइड मार दी।जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। गुन्नौर पुलिस एसएसआई संदीप मलिक मौके पर पहुंचे और अपनी गाड़ी से दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया।जहाँ डाक्टर ने हालात गम्भीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य जल्द हो आरम्भ

- 167 किमी लाइन के लिए 2227 करोड़ हुए मंजूर

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। बरेली से अलीगढ़ ट्रक के दोहरीकरण को स्वीकृति मिल जाने के बाद इस पर जल्द कार्य आरम्भ होना चाहिए। बजट में 167 किलोमीटर लम्बी लाइन के लिए 2227 करोड़ मंजूर किये गये हैं।लोगों को इससे आस जगी लेकिन अभी कार्य शुरू नहीं हो सका है। इसके बनने से अलीगढ़ बरेली मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन ठीक प्रकार हो सकेगा।इस मार्ग पर ट्रेनें भी बढ़ जाएंगी।इस समय ट्रेन के आमने सामने एक साथ आने पर ट्रेनों को स्टेशनों पर रुकना पड़ता है। इससे निजात मिल जाएगी।

नगर गुन्नौर के सदर बाजार में हुई बैठक में सुनील वार्ष्णेय ने कहा कि बरेली चंदौसी अलीगढ़ 167 किलोमीटर दोहरीकरण की सौगात महत्वपूर्ण है ।इसकी घोषणा भी हो चुकी है।अब इस पर कार्य आरम्भ होना चाहिए।इससे ट्रैक दौहरा हो जाएगा। ट्रेनों के गुजरने में आसानी होगी। नन्हें वार्ष्णेय बरेली अलीगढ़ रेल लाइन जब से बनी है ,सिंगल ट्रैक ही है। इसके दोहरीकरण की मांग काफी समय से हो रही थी। इससे यात्रियों को परेशानी होती है। आमने-सामने ट्रेन आ जाने से ट्रेन को स्टेशन पर रुकना पड़ता है। यात्रियों को उसके गुजरने तक करना पड़ता है। इसमें समय काफी लगता है। अब दोहरीकरण की प्रक्रिया जल्द पूंर्ण होनी चाहिए। घोषणा के बाद इस पर अमल होना चाहिए। इस पर कार्य आरम्भ होना चाहिए। इस दौरान सुनील कुमार, नन्हे वार्ष्णेय, किशनपाल, प्रेमपाल सिंह,राजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

समिति अध्यक्ष को मातृ शोक

असमोली। विकास दिव्यंग सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मां का हृदयाघात से इंतकाल हो गया। उनके निधन पर संगठन में शोक फैल गया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आस मोहम्मद की वालिदा का अचानक हृदयाघात हुआ। परिजन उन्हे चिकित्सक के यहां ले जाते लेकिन उन्होने दम तोड़ दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष की मॉ के इंतेलकाल की सूचना मिलते ही संगठन और समाज के अन्य लोग उनके निवास पर पहुंच गए। लोगों ने आस मौहम्मद को सांत्वना दी।मृतका को उनके कब्रिस्तान में नम आंखो के साथ सुपुर्दे खाक कर दिया।

बाल विवाह रोकने को एसपी ने दिए निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने एक अनूठी पहल की है। जिसके तहत जिला प्रोवेशन अधिकारी, पंचायती राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विधालय निरीक्षक और समस्त क्षेत्रधिकारी तथा सभी थाना प्रभारियों को एक आधिकारिक पत्र जारी कर बाल विवाह की रोकथाम कोआवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिसमें बाल विवाह को सामाजिक कुप्रथा बताते हुए इसे रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई पर जोर दिया गया है। और सम्भल में वर्तमान समय में भी ऐसे तथ्य संज्ञान में आ रहे हैं कि लगातार बाल विवाह हो रहे हैं। इसके लिए उपर्युक्त विषय के संबंध में जनपद में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम हेतु ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधाानधसचिवधआशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं चाइल्डलाइन के द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। बाल विवाह के खिलाफ प्रयत्न संस्था (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन) के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने पिछले दिनों अपर पुलिस अधाीक्षक दक्षिणी अनुख्रति शर्मा के साथ सभी थानों एवं जिला स्तरीय अधिकारीयों के साथ बैठक कर एक कार्ययोजना तैयार की थी जिसमें ग्राम प्रधान, सचिव, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं चाइल्ड लाइन टीम व बाल संरक्षण अधिकारियो द्वारा ग्राम सचिवालयों में आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, बाजार चौराहों में एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया था। जनपद में होने वाले बाल विवाहों की सूचना सम्बन्धित थानों पर नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी/चाइल्ड लाइन नंबर 1098/डायल-112 या प्रयत्न संस्था जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की टीम को देने का सुझाव दिया था जिससे बाल विवाह के खिलाफ प्रभावी रोकथाम की जा सके। साथ ही सभी विभाग प्रत्येक माह आयोजित होने वाली मासिक मीटिंग में उक्त विषय पर प्रगति आख्या एस पी कार्यालय स्थित थाना एएचटी को प्रेषित करना सुनिश्चित करे। जिससे अभियान को गति मिल सके। सम्भल पुलिस की इस पहल को सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने सराहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्राम स्तर पर जागरूकता और समन्वित कार्रवाई से बाल विवाह जैसी कुरीति पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

नगीना सांसद चन्द्रशेखर ने डीएम को लिखा पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। छेड;-छाड; एपं दुष्कर्म करने के प्रयास के आरोप ओर पुलिस पर पक्षपतातपूर्ण व्यवहार एवं अनुचित दबाव करने के आरोपों का मामला गहराता जा रहा है। जबकि मामला राजनेतिक तूल पकड़ने लगा है। बाजाद समाज पाटी कांशीराम के अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चन्द्रशेखर ने इस मामले को लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखते हुए कहा है कि उन्हे नखासा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती का पत्र मिला हैं जिसमें उसने बताया है कि वह अपनी नाबालिग बहन के साथ छेड़-छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास की रिपोर्ट लिखाने गयी थी लेकिन स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने उसके साथ पक्षपात पूण व्यवहार किया। जबकि उस पर अनुति दबाव बनाकर जतिसूचक शब्दों का भी प्रयोग कर मारपीट और झूठे मुकदमे दर्ज करने के आरोप लगाये हैं। पत्र में शिकायत के अनुसार पुलिस द्वारा मारपीट करने से पीड़िता को गम्भीर चोटें आयीं और उसे खून की उल्टियां हो रही है। जबकि वह उपचाराधीन है। सांसद ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर चिकित्सा उपलब्ध कराने ओर निष्पक्ष कार्रवाई करने को कहा।

हाइवे किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

कुन्दरकी। मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र के डोमघर इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब हाइवे के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सुबह राहगीरों ने सड़क किनारे शव देखा तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुंदरकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है ताकि मृतक की पहचान की जा सके फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। थानाध्यक्ष कुंदरकी ने बताया कि शव की पहचान होते ही परिजनों से पूछताछ की जाएगी।

घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

मारपीट, तीन तलाक और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में महिलाओं सहित 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कांठ (शाह टाइम्स)। छजलेट पुलिस ने दहेज को लेकर महिला का उत्पीड़न करने तीन तलाक देने जान से मारने की धमकी देने और अन्य गंभीर धाराओं में एसएसपी के आदेश से 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। छजलैट थाने के गांव सलावा खेड़ा निवासी नसरीन पुत्री शमीम का निकाह शराफत पुत्र छिद्दा निवासी कमालपुर थाना असमौली जिला सम्भल के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। ससुराल वाले शराफत पुत्र छिद्दा (पति) नजाकत पुत्र छिद्दा (जेठ) रफी पुत्र छिद्दा (देवर) मुनाजरी पत्नी छिद्दा (सास) सारवा पुत्री छिद्दा (ननद) राहेमीन पुत्री छिद्दा (ननद) ताहिर पुत्र नामालूम (ननदोई) जैनव पत्नी ताहिर (ननद) दहेज में एक बुलैट मोटर साईकिल व पाँच लाख रूपये की मांग कर रहे थे। मना करने पर उक्त लोगो ने विवाहिता को मारपीट करके घर से निकाल दिया वह अपने पिता के घर सलावा खेडा में रह रहने लगी 08 नवम्बर को करीब 3 बजे उसके ससुराल वाले घर के अन्दर घुस आये और कहने लगे कि तूने हमारे खिलाफ मारपीट व दहेज मांगने के सम्बन्ध में थाने में प्रार्थना पत्र दिया है पुलिस हमें परेशान कर रही है और तूने अभी तक अपने मांयके वालो से हमें दहेज मे पाँच लाख रूपये व एक बुलैट मोटर साईकिल नही दिलवायी है।

आज हम तूझे जान से ही मार देते है। गालिया देने से मना किया तो उक्त लोगो ने जान से मारने की नियत से लात घूसो व लाठी डन्डो व बैल्टो से काफी मारा पीटा और गले में दुपट्टा डालकर गला घोटने लगे, नजाकत रिफाकत, रफी व ताहिर ने कोली भरकर जमीन पर गिरा दिया और अश्लील हरकते की व कपडे फाड दिये चीख पुकार सुकर गांव के लोग आ गए और बामुश्किल उक्त लोगो से बचाया। पति शराफत ने एक बार में ही तीन बार तलाक तलाक तलाक कहकर तलाक दे दिया। पीड़िता थाने पहुंची और पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई पुलिस द्वारा सुनवाई न करने पर उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को आप बीती बता कर कार्रवाई की मांग की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने महिलाओं सहित 10 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

आज चार घंटे बंद रहेगा बेरनी बिजली घर

बिलारी। 132 केवी बिजली घर चंदौसी से बेरनी बिजली घर को जाने वाली 33 केवीए विद्युत लाइन को बाधित कर रहे पेड़ों की छंटाई के कारण आज बृहस्पतिवार को दिन में 11 से 3 बजे तक बेरनी बिजली घर से जुड़े सभी फीडरों पर बिजली बाधित रहेगी। विद्युत उपखंड अधिकारी सहसपुर राम मनोहर यादव ने बताया उपभोक्ता जरूरी कार्य इससे पहले ही निपटा लें।

एक नजर

सपा सांसद धर्मेंद्र यादव और आदित्य यादव ने हाजी हाफिज के निधन पर जताया शोक

कुन्दरकी (शाह टाइम्स संवाददाता)। मुरादाबाद की कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान के भाई हाजी हाफिज के आकस्मिक निधन पर सपा नेताओं का शोक जताने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आज समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद धर्मेंद्र यादव तथा आदित्य यादव मुरादाबाद पहुंचे। उन्होंने हाजी रिजवान के आवास जाकर परिवारजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। दोनों नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि हाजी हाफिज एक मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति थे, उनके निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दौरान स्थानीय सपा नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे जिन्होंने पूर्व विधायक हाजी रिजवान को ढांढस बंधाया। समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव और आदित्य यादव का उनके पुत्र मुहम्मद अजीम पाशा ने शुक्रिया अदा किया।

टीएमयू में 'क्लीन मुरादाबाद-ग्रीन मुरादाबाद' सामाजिक एवं पर्यावरणीय अभियान का आयोजन

मुरादाबाद। टिमिट-कॉलिज ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने "क्लीन मुरादाबाद - ग्रीन मुरादाबाद" नामक एक दिवसीय सामाजिक एवं पर्यावरणीय अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों में स्वच्छता और हरियाली का संदेश देते हुए रैलियाँ निकालीं तथा बैनरों के माध्यम से लोगों को शहर को स्वच्छ एवं हराभरा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ एवं हरित मोरादाबाद के निर्माण में योगदान देना था। विद्यार्थियों ने "स्वच्छ शहर, स्वस्थ जीवन", "हरियाली है तो खुशहाली है" जैसे संदेशों के साथ जनसामान्य को प्रेरित किया। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों और कार्यक्रम संयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व, सहयोग और सामाजिक संवेदनशीलता का भी विकास करती हैं। उन्होंने कहा कि टिमिट सदैव समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसी पहलों को प्रोत्साहित करता है, ताकि विद्यार्थी अपने ज्ञान के साथ-साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बन सकें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एमबीए विभाग के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान का समापन सभी प्रतिभागियों के संकल्प के साथ हुआ कि वे "क्लीन मुरादाबाद, ग्रीन मुरादाबाद" को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

दिल्ली ब्लास्ट पर आक्रोश, युवाओं ने फूंका आतंकवाद का पुतला

चन्दौसी। दिल्ली में हुए ब्लास्ट की घटना पर रोष व्यक्त करते हुऐ अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने सीतारोड पर नगराध्यक्ष अनुज

वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला फूंका और मृतक निर्दोष लोगों के लिए 02 मिनट का मौन धारण करते हुए घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि राजधानी में इस तरह के हमले ने सुरक्षा की भावना को झकझोर दिया है जो भी आतंकी घटना में लिप्त है उनको किसी भी हाल में बख्शा नही जाए ऐसी सजा दी जाए जो आतंकियों को नाजीर बन जाये। भारत सरकार से अपील है जो भी दिल्ली की आतंकी घटना में शामिल है उसका इलाज तुरन्त कर दिया जाये। इस दौरान कमल वार्ष्णेय, विमल वार्ष्णेय, राजीव, नवनीत शर्मा, हृदेश, रमाकांत शर्मा, रितिक वार्ष्णेय आदि शामिल रहे।

टीएमयू स्टुडेंट्स में देशभक्ति की अलख जगा गए ले. जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में लीडरशिप बियोंड यूनिफार्म: लेसंस फ्रॉम द आर्म्ड फोर्सज फॉर प्रोफेशनल एक्सीलेंस पर लीडरशिप टाक सीरीज का 16वां सत्र, लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत ने टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन से की शिष्टाचार भेंट भारतीय सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी एवम् विशिष्ट विचारक सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी ने कहा, नेतृत्व केवल पद नहीं, बल्कि चरित्र, सहानुभूति और दृष्टिकोण से जन्म लेने वाली जिम्मेदारी है। उन्होंने सैन्य जीवन से जुड़ी अनेक प्रेरक घटनाए साझा करते हुए बताया, संकट की घड़ी में लिए गए निर्णय ही असली नेतृत्व की परीक्षा होते हैं। उन्होंने अनुशासन और सत्यनिष्ठा, अनुक. ूलनशीलता और निर्णय क्षमता, टीमवर्क और विश्वास, मानसिक दृढ़ता और सेवा सर्वोपरि को नेतृत्व के पांच प्रमुख सूत्र बताए। लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत ने कहा, नेतृत्व का आधार नैतिक साहस और आत्म नियंत्रण है। बदलते हालातों में शीघ्र और विवेकपूर्ण निर्णय लेना सफलता की कुंजी है। कमांड एंड कम्पैशन की भावना से ही टीम मजबूत बनती है।

सबसे बड़ी लड़ाइयां अक्सर मन के भीतर लड़ी जाती हैं। सच्चा नेता हमेशा दूसरों की भलाई को अपने हित से ऊपर रखता है। ले. जनरल श्री चतुर्वेदी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से लीडरशिप बियोंड यूनिफार्म: लेसंस फ्रॉम द आर्म्ड फोर्सज फॉर प्रोफेशनल एक्सीलेंस पर लीडरशिप टाक सीरीज के 16वें सेशन में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स प्रो. अमित कंसल, फार्मेसी के प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके टॉक सीरीज का ऑडी में शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता को बुके देकर स्वागत और पोट्रेट देकर सम्मानित किया गया। टाक सीरीज के दौरान स्टुडेंट्स ने मुख्य वक्ता से सवाल करके अपनी जिज्ञासा को व्यक्त किया। अंत में लेफ्टिनेंट जनरल श्री विष्णु कांत ने टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन से शिष्टाचार भेंट भी की। लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी ने कारगिल युद्ध का जिक्र करते हुए कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन मनोज पांडे के अदम्य साहस और बलिदान का भावपूर्ण स्मरण करते हुए स्टुडेंट्स को देश भक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। उन्होंने सैन्य नेतृत्व के सिद्धांतों को पेशेवर जीवन में सफलता के सूत्रों से जोड़ते हुए कहा, देश भक्ति से बढ़कर कोई भक्ति नहीं है। देश सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है और देश प्रेम से बढ़कर कोई प्रेम नहीं है। उल्लेखीनय है, लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत ने भारतीय सेना में चार दशकों से अधिक सेवाओं में नीति निर्माण, मानव संसाधन प्रबंधन और संगठनात्मक सुधारों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में बतौर डिफेंस बैंकिंग एक करोड़ से अधिक सैनिकों के लिए वित्तीय सेवाओं में सुधार हेतु महत्वपूर्ण नवाचार किए हैं। टॉक सीरीज में डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, एसोसिएट डीन रिसर्च डॉ. ज्योति पुरी, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन, चीफ लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन के संग-संग डेंटल, फिजियोथेरेपी, एजुकेशन और फार्मेसी कॉलेजों के स्टुडेंट्स मौजूद रहे। संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर अकेडमिक्स डॉ. नेहा आनन्द ने किया।

अखंड जोत लाने को रवाना हुआ जत्था

कांठ (शाह टाइम्स) रामल. ीला मैदान कांठ में बम बटक एकता मंच के तत्वाधान में 15 नबम्बर को होने वाले मां भगवती के 17 वें भव्य विशाल जागरण में मां ज्वाला देवी मंदिर हिमाचल प्रदेश से अखंड ज्योत लाकर स्थापित किए जाने को लेकर 18 सदस्यों का जत्था हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हुआ।

रामलीला मैदान से बम बटक एकता मंच के अध्यक्ष डॉ. देवराज सिंह द्वारा जत्थे में शामिल डॉ. त्रिवेद, कुमार, निशांत कुमार, वीरेंद्र विश्नोई, अमित कुमार, गणेश कुमार, मनोज कुमार, पुनीत कुमार, रणवीर सिंह, अरविंद कुमार, अनुभव कुमार, गौरव भुइयार, सुकन्या पांडे, अरुण कुमार, कपिल विश्नोई, राजेंद्र सैनी आदि को फूलमलाएं पहनकर रवाना किया गया। यह जत्था 15 नवंबर की प्रात: ज्वाला देवी मंदिर हिमाचल प्रदेश से

अखंड जोत लेकर भूड़ मंदिर कांठ पहुंचेगा। यहां से रामलीला मैदान तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। जत्थे को रवाना करने में हेमंत कुमार, जितेंद्र चौहान, बृजवाला चौहान, सोनू, अमित कुमार, विनोद कुमार, सचिन सुशांत आदि मंच के पदाधिकारी व सदस्यो का सहयोग रहा।

अब्दुल्लाह शाह मियां का सालाना उर्स शुरू

गुल व चादर पोशी कर मांगी मुल्क व कौम की तरक्की की दुआएं

शाह टाइम्स संवाददाता

कुंदरकी। हाथीपुर चित्तू स्थित हजरत अब्दुल्लाह शाह का 89वां उर्स गुल व चादर पोशी कर मुल्क व कौम तरक्की की दुआ के साथ शुरू हुआ। गौरतलब है कि हाथीपुर चित्तू स्थित हजरत अब्दुल्लाह शाह की दरगाह पर उर्स के मौके पर मोहम्मद जान तुर्की पत्रकार व रियासत हुसैन की ओर से गुल वा चादर पोशी करने के साथ उर्स का आगाज हुआ। हजरत अब्दुल्लाह शाह का यह 89वां उर्स मनाया जा रहा हैं। हजरत अब्दुल्लाह शाह दरगाह के सज्जादा नशीन हाजी नौशे मियाँ की मौजूदगी में इमाम कमरे आलम ने दुआ कराई। इस मौके पर मुख्य रूप से रियासत हुसैन मासूम अली मासूम अली मोहम्मद हनीफ फिरासत चौधरी मुन्न वाजिद अरहान पाशा हनीफ चाचा सलीम नेताजी मुन्न हुसैन हाजी यूसुफ

हुसैन हाजी हाफिज अबरार हुसैन साबिर हुसैन नन्हे हुसैन हाफिज हसनैन जफीर कल्लू हुसैन अख्तर हुसैन आदि मौजूद थे । इस मौके पर सज्जादा नशीन हाजी नौशे मियां ने बताया कि उर्स के मौके पर कौमी जलसे का भी आयोजन किया जाएगा और बृहस्पतिवार को सुबह 11.30 बजे चादर व गुलपोशी करने के साथ साथ शाम 3 बजे कुल शरीफ होगा। बृहस्पतिवार को दरगाह शरीफ आने वाले जायरीनों के लिए लंगर का भी एतमान किया गया है।

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने किया अच्छे खेलों का प्रदर्शन

कांठ (शाह टाइम्स)। हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी में चल रहे पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के तीसरे दिन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओ ने टग ऑफ वार,कबड्डी , खो खो,बैलेंसिंग रेस, सिंपल रेस, सैक रेस जैसे मनोरंजक एवं उत्साहवर्धक खेलों का आयोजन। खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कबड्डी में रेड हाउस प्रथम, ग्रीन हाउस द्वितीय एवं ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

टग आफ वार छात्र प्रतियोगिता में रेड हाउस प्रथम एवं छात्राओं प्रतियोगिता में भी रेड हाउस प्रथम स्थान पर रहा इसके साथ बैलेंसिंग रेस में कक्षा 8 की छात्रा अक्षा ने प्रथम कक्षा 7 अ की छात्रा वजीहा ने द्वितीय एवं कक्षा 7 में की छात्रा अरबा मुमताज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में हुई छात्र सैक रेस में कक्षा 6 के छात्र माविया बदर ने प्रथम स्थान एवं कक्षा 7 के छात्र फैज ने द्वितीय स्थान एवं कक्षा 8 के छात्र सादान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

छात्राओं के बीच हुई सैक रेस के अंतर्गत कक्षा 7 की छात्रा असना ने प्रथम स्थान, कक्षा 6 की छात्रा कनिष्का ने द्वितीय स्थान एवं कक्षा 6 की ही छात्र हंसिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

छात्रों के बीच हुई बैलेंसिंग रेस में कक्षा 7 छात्र केशव कुमार ने प्रथम स्थान एवं कक्षा 7 के छात्र जीशान ने द्वितीय स्थान एवं हसान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । छात्र-छात्राओं के बीच हुई साधारण रेस में कक्षा 6 की छात्रा हंसिका ने प्रथम, हमदा ने द्वितीय एवं कनिष्का ने तृतीय स्थान और कक्षा 8 के छात्र जीशान ने प्रथम,फैजान ने द्वितीय एवं अनस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह ने सभी क्रीडा प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनका खेलों के प्रति मार्ग दर्शन किया। खेलों को सफल बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम से निजी चिकित्सकों को जोड़ने की पहल

■ बैठक में टीकाकरण की रिपोर्टिंग पर भी हुई विस्तार से चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जनपद में चलाये जा रहे 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम से निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और निजी चिकित्सकों को भी जोड़ने की एक पहल की गयी है। इस सम्बन्ध में बुधवार को मुख्य चिकत्सा अधिकारी कार्यालय में एक बैठक हुई, जिसमें निजी क्षेत्र के अस्पतालों के प्रति. निधियों और निजी चिकित्सकों ने भाग लिया। बैठक में निजी चिकत्सकों के पास आने वाले डायरिया केस के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। चिकित्सकों ने सहमति भी जताई कि वह इस दिशा में हरसम्भव सहयोग करेंगे ताकि डायरिया केस की सही रिपोर्टिंग हो सके और उसके निदान की दिशा में उचित कदम उठाये जा सकें। बैठक में 23 निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों और 15 निजी चिकित्सकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. शर्मा ने सर्दियों में होने वाली

डायरिया के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी। उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल और चिकित्सक क्लिनिक पर ओआरएस कार्नर बनायें ताकि लोगों की डायरिया की स्थिति में ओआरएस की उपयोगिता की सही जानकारी आसानी से मिल सके। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. सी.पी. सिंह ने कहा कि जो निजी अस्पताल एचएम आईएस पर मैप नहीं हैं उनको मैप करने में सहयोग किया जाये। उन्होंने ओआरएस कार्नर बनाये जाने के प्रमुख बिन्दुओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केस की सही रिपोर्टिंग होने से सरकार स्वास्थ्य सेवाओं का आकलन कर उनकी गुणवत्ता में सुधार के लिए नीतियां तैयार करती है और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुबीर सिंह, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक चंद्रशेखर, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर प्रमोद कुमार, एचएम आईएस से राजीव, जेएसआई से रजनी त्यागी एवं राबिया एवं पी एस आई इंडिया से मोहम्मद रिजवान एवं ममता सैनी आदि उपस्थित रहे।

बालवाटिका के ईसीसीई एजुकेटर की ऑनलाइन दर्ज होगी हाजिरी

कांठ(शाह टाइम्स) बालवाटिका में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ईसीसीई एजुकेटर की तैनाती की जा रही है।विभाग ने निर्देश दिया है कि ईसीसीई एजुकेटर की उपस्थिति 15 नवंबर से प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन लगेगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्री प्राइमरी शिक्षा के तहत को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों, बालवाटिका में शिक्षा मंत्रालय की सहमति से लगभग 8000 एजुकेटरों की तैनाती की जा रही है। जिला स्तर पर अलग-अलग इनकी तैनाती की जा रही है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि चयनित ईसीसीई एजुकेटर की तैनाती के साथ ही प्रेरणा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रेरणा पोर्टल पर ईसीसीई एजुकेटर का रजिस्ट्रेशन करने के साथ ही संबंधित की उपस्थिति ऑनलाइन मोड पर की जाएगी।

बेदखली सूचना

हमने अपनी पुत्री कु0 प्रीति को गलत संगत/गलत आचरण व अपनी मर्जी से शादी करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में कु. प्रीति व उसके पति टिंकू के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। दिनांक: 14.10. 2025 से हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **बलवीर सिंह पुत्र स्व० गोकुल सिंह व श्रीमती गुलाबो देवी पत्नी बलवीर सिंह निवासीगण ग्राम नगला बनवीर, पोस्ट व थाना पाकबडा, तहसील व जिला मुरादाबाद। मो0 नं0-7983751939**

बाइक चोरी कर बेच देते थे उनके पार्ट्स, पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुरादाबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना पाकबड़ा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी कर उनके पार्ट्स बेचने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रदीप यादव पुत्र रूपचंद यादव निवासी मोहल्ला सावी थाना कोतवाली काशीपुर (उत्तराखंड) और एजाज मोहम्मद पुत्र अली असगर निवासी ग्राम नौगांवा थाना शहजादनगर जनपद रामपुर, वर्तमान पता सुभाष कालोनी थाना कोतवाली रुद्रपुर, जिला

उधमसिंहनगर (उत्तराखंड) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें, एक अधकटी मोटरसाइकिल, चोरी की गई बाइकों के कटे हुए पार्ट्स और चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी संगठित तरीके से मुरादाबाद और आसपास के जिलों में मोटरसाइकिलें चोरी करते थे।पुलिस पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि चोरी की गई बाइकों को अलग-अलग करके उनके पार्ट्स कबाड़ी बाजार में बेच दिए जाते थे। बरामदगी में चोरी में प्रयुक्त औजारों का बड़ा जखीरा भी शामिल है, जिनमें एक प्लास, तीन चाबियाँ, दो पाना, एक टीन कटर, एक पेचकस, गोटी खोलने वाले दो पाना (दो मुखा व चार मुखा), एक लोहे की छेनी, दो हथौड़ी और एक आरी ब्लेड लगी हुई शामिल है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना पाकबड़ा पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई अपराधियों में भय पैदा करती है और जनता में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करती है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है और गिरोह से जुड़े नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है।

बाबा आमिल कामिल शाह चिश्ती रह. सालाना उर्स मेले में प्रशासन ने नहीं लगने दी दुकानें

ठाकुरद्वारा। तहसील परिसर मे स्थित बाबा आमिल कामिल शाह चिश्ती रहमतुल्ला की मजार पर लगने वाले वार्षिक उर्स मेले की भूमि को प्रशासन ने सरकारी संपत्ति होने का हवाला देते हुए मेले में लगने वाले दुक.

ानों को नहीं लगने दिया । जिससे अकीकत मन्दो व वह बाहर से आने वाली दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कमेटी के सदर साबिर खान व सरताज चेंगेजी व कमेटी के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को हवाला दिया कि यह उर्स वर्षों से होता चला आ रहा है । बाबा के स्थान पर लोगों की आस्था है । उधर उप जिला अधिकारी प्रीति सिंह का तहसीलदार प्रवीण सिंह ने बताया कि किसी भी सरकारी संपत्ति पर कोई धार्मिक कार्य किया जाना असंवैधानिक है । सरकारी भूमि पर कोई धार्मिक मेले का आयोजन नहीं होने दिया जाएगा । यह तहसील की भूमि है और नहीं कोई लाउडस्पीकर की अनुमति मिलेगी । उधर नगर पालिका ने यह कहकर एनओसी देने से इनकार कर दिया कि वह संपत्ति नगर पालिका की नहीं बल्कि तहसील परिसर की है । जिसको लेकर कमेटी के लोगो मे प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि यह उनकी धार्मिक भावनाओं के प्रति आघात है । उक्त स्थान पर सभी धर्म के लोग बरसों से आस्था रखते चले आए हैं। प्रत्येक बृहस्पतिवार को दूर दराज के अनुयायी आकर दुंआ करते हैं । उधर मजार के गद्दी नशीन अख्तर हुसैन ने बताया कि प्राचीन समय से उक्त स्थान पर वर्ष में एक बार मजार पर कव्वाली व मेले का आयोजन होता चला आ रहा है। लेकिन प्रशासन अधिकारियों के आदेश के बाद अनुयायियों में मायूसी छा गई है उधर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है।

एक नजर

समय से गन्ना भुगतान को लेकर राणा शुगर मिल बेलबाड़ा पर किसानों ने किया प्रदर्शन

भगतपुर। बुधवार को वेलवाड़ा स्तिथ राणाशुगर मिल के गेट पर गन्ना डायेक्टर डॉ अभिषेक सांगवान के नेतृत्व में भारी संख्या में किसानों ने एकत्र होकर समय से गन्ना भुगतान एवं घटतोली की शिकायत को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए कहा है कि मिल प्रबंधन 14 दिनों में किसानों के गन्ने का भुगतान एवं गन्ने की ट्राली पर घटतौली कम करें अन्यथा किसान अपना गन्ना किसी अन्य मिल को भेजने पर मजबूर होंगे। गेट पर प्रदर्शन को देख मिल प्रबन्ध तंत्र के प्रबन्धक गजेंद्र सिंह ने किसानों के बीच पहुँचकर उनकी मांगो को सुना और कहा कि पेड़ी ,नॉलक गन्ने का नियमानुसार 14 दिनों के अंतराल में भुगतान सहमति के साथ किया जायेगा लेकिन किसान मौखिक आश्वासन पर सहमत न होकर लिखित में सहमति मांगने लगे जिस पर मिल प्रबंधन ने लिखित रूप में अस्वासन देकर सहमति जताई ।जिस पर किसानों ने प्रबन्धक गजेंद्र सिंह का धन्यवाद कर खुशी जाहिर करते हुए धरने को शांति पूर्वक समाप्त कर मिल के बाहर गन्नो से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को मिल के अंदर ले जाकर तोल कराई।

प्रदर्शन के दौरान अखिल भारतीय प्रधान संघ जिला अध्यक्ष करनवीर सिंह , चौधरी बहोरन सिंह ,राजेंद्र सिंह , सोमवीर सिंह,धूम सिंह सहित भारी संख्या में किसान और पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

तहसील गेट के बाहर से बाइक हुई चोरी

बिलारी। तहसील गेट के बाहर से बाइक चोरी हो गई। इस मामले को लेकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी गई है। जिला रामपुर के तहसील शाहबाद के गांव सैफनी के रहने वाले शाहिद हुसैन ने तहरीर दी कि वह बुधवार को एक मुकदमे की तारीख पर बाइक से तहसील आए थे और बाइक को लॉक लगाकर तहसील के बाहर खड़ा कर दिया, जहां अन्य बाईके भी खड़ी हुई थी। जब वह अंदर गए तो कुछ देर बाद आकर देखा कि बाइक वहां से गायब थी। आसपास तलाश किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका, बताया कि बाइक उनके रिश्तेदार दिलशाद पुत्र नवीशेर की है। जिसे वह मांग कर लेकर आया था। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग उठाई है।

महिला को मारपीट कर दी धमकी

बिलारी। क्षेत्र के गांव जसरथपुर की रहने वाली सुनीता पत्नी उदयवीर सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी कि 12 नवंबर को सुबह 6 बजे उसके घर में आग जल रही थी। उसका 5 साल का लड़का अभी आग ताप रहा था। इसी बीच मोहल्ले की सुमन पुत्री हरवीर सिंह ने उसके बेटे के ऊपर ईंट फेंककर मारी। जिससे उसका बेटा बाल बाल बच गया। जब इस बात की शिकायत की तो सुमन, नीरज, राममूर्ति व पूजा उसके साथ गाली-गलौज करने लगे, जब गाली देने से मना किया तो मारपीट पर उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर तहरीर दी गई है।

बिलारी के डॉक्टर आमिर बने एमडी

बिलारी। नगर के मोहल्ला ठाकुरान निवासी डॉक्टर आमिर अंसारी को श्रीनगर से न्यूरोसायक्रेटिक में एमडी की डिग्री मिली है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालों का घर पर तांता लग गया। बिलारी के मोहल्ला ठाकुरान निवासी फखरुद्दीन के बेटे आमिर अंसारी ने अलीगढ़ से एमबीबीएस न्यूरो साईकेट्रिक में किया था। अब उन्होंने श्रीनगर से न्यूरो साईकेट्रिक में एमडी की डिग्री हासिल की है। वह बिलारी में डॉक्टर जमीर अंसारी के भांजे भी हैं। उनके घर पर सभी ने पहुंच कर बधाइयां दी।

न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर पोल खड़े कर कब्जा करने का प्रयास

ठाकुरद्वारा। अदालत के स्पष्ट आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए कमालपुरी रोड स्थित करोड़ों करोड़ों रुपए की कीमत की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा एक विवादित भूमि पर अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया। शिकायती पत्र मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया। थाना डिलारी के गांव ग्राम

श्योदासपुर निवासी यासीन पुत्र इसरा. इल ने कोतवाली ठाकुरद्वारा में तहरीर देकर कहा कि उसकी गाटा संख्या 69, रकबा 1.64 एकड़ भूमि उसकी पैतृक संपत्ति है। उक्त भूमि का विवाद पूर्व में न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय ने 7 फरवरी 2024 को भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया था। यासीन का आरोप है कि इसके बावजूद 12 नवंबर 2025 को विपक्षीगणों ने जबरन मौके पर पहुंचकर पॉल (खंभे) लगाकर उक्त भूमि पर कब्जा करना शुरू कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्यायालय का आदेश दिखाते हुए कब्ज रोके जाने की मांग की । पीड़ित का कहना है कि यह भूमि करोड़ों रुपये कीमत की है और लंबे समय से इस पर कब्जे के अनेकों बार प्रयास किया जा चुके हैं। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया गया है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि अदालत के आदेश की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति न्यायालय की मर्यादा का उल्लंघन न कर सके सके।

दिल्ली में हुए बम धमाके के पीड़ितों की श्रद्धांजलि में मशाल जुलूस निकाला

ठाकुरद्वारा। दिल्ली में हुए बम धमाके में मारे गए निर्दोष नौजवानों की

श्रद्धांजलि और केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए महिला कांग्रेस ने बुधवार को एक मशाल जुलूस निकाला। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद, सोफिया खादीजा, सबाना, अरविंद चंद्रशेखर सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मशाल जलाकर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वच्छता में महिलाओं की भूमिका पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी है। महिलाएं न केवल अपने घरों में स्वच्छता की नींव रखती हैं, बल्कि समाज में कचरा प्रबंधन, खुले में शौच से मुक्ति, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ वातावरण के लिए भी जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उनके नेतृत्व और भागीदारी से स्वच्छ भारत अभियान को नई दिशा मिली है। महिलाओं का यह योगदान लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण से भी गहराई से जुड़ा है, क्योंकि स्वच्छता से महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, गरिमा और सुरक्षा की रक्षा होती है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए मिशन शक्ति-5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 10 से 13 नवंबर 2025 तक 'महिलाओं का स्वच्छता में योगदान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को इस श्रृंखला के तहत

नगरपालिका चंदौसी में कई विद्यालयों की सहभागिता के साथ प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसके अतिरिक्त अक्रूरजी कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित स्वच्छता पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता और जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अनुष्का ने प्रथम स्थान, स्तुति मिश्रा ने द्वितीय स्थान तथा कृतिका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, आईटीसी मिशन से अर्बन कोऑर्डिनेटर करण सिंह, कॉलेज प्रधानाचार्या अंजू गुप्ता तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह समाज के समग्र विकास का आधार है, जिसमें महिलाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'हॉस्पिटल एंड इन्वेंटरी मैनेजमेंट' विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) एवं फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के संयुक्त तत्वावधान में ''हॉस्पिटल एंड इन्वेंटरी मैनेजमेंट'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस सेमिनार में विश्वविद्यालय के बी. फार्मा 2008 बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में ईएसआईसी हॉस्पिटल, बरेली में फार्मेसी ऑफिसर के पद पर कार्यरत श्री प्रवीण कुमार दुबे ने बतौर मुख्य वक्ता अपने वक्तव्य मे 'हॉस्पिटल एंड इन्वेंटरी मैनेजमेंट' की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य वक्ता श्री दुबे ने बताया कि अस्पताल इन्वेंटरी प्रबंधन की प्रमुख विशेषताओं में वास्तविक समय ट्रैकिंग, मांग का पूर्वानुमान, स्वचालित खरीद, कुशल भंडारण और वितरण, दक्षता और लागत अनुकूलन और सुरक्षा तथा अनुपालन शामिल हैं। इस मौके पर आईयूएए अध्यक्ष डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता श्री दुबे को सेतिनार के दौरान अति ज्ञानवर्धक

प्रस्तुति के लिए धन्यवाद देते हुए विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों की वैश्विक उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने कहा कि इन्वेंटरी वह सारा स्टॉक है जो आपने अपनी कंपनी में बिक्री के लिए जमा किया है। अस्पताल के दृष्टिकोण से देखें तो वहाँ उपयोग होने वाली दवाओं, उपकरणों और अन्य चिकित्सीय सामग्रियों का सटीक रिकॉर्ड रखने के लिए प्रभावी हॉस्पिटल इन्वेंटरी प्रबंधन अत्यंत आवश्यक होता है। सत्र के संयोजक एवं डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने ऐसे विषयों की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को उनसे अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी। सत्र का संचालन सुश्री ऋतिका सक्सेना ने किया, जबकि सेमिनार के सफल आयोजन में डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव आदि फैकल्टी मैम्बर्स की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में फार्मेसी संकाय के सभी शिक्षकों के अलावा बी.फार्मा और एम.फार्मा के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

गन्ना समिति के धान तौल केंद्र पर लेखपाल की निगरानी में होगी तौल एसडीएम ने किसानों से की वार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के गहरे विरोध और रोष के बाद में अब बिलारी एसडीएम ने गन्ना समिति में धान की तौल लेखपाल की मौजूदगी में करने के आदेश दिए हैं। इसको लेकर किसान यूनियन के पदाधिकारियों को तहसील पर वार्ता के लिए बुलाया गया। किसानों ने गन्ना समिति में होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी गन्ना समिति में स्थित तौल केंद्र पर प्रभारी विजय राज के व्यवहार को लेकर बुरी तरह से गुस्सा थे। उनका आरोप था कि तौल केंद्र प्रभारी किसानों को परेशान करते हैं और उनकी तौल नहीं कराते, इसको लेकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन भी दिया गया था। जिसमें कहा गया था कि तौल प्रभारी पर कार्यवाही नहीं हुई तो वह गन्ना समिति में धरना प्रदर्शन करेंगे। किसानों का धरना प्रदर्शन प्रस्तावित था। इसको लेकर एसडीएम बिलारी ने किसानों की मंशा देखते हुए तौल केंद्र पर लेखपाल की तैनाती की है। उन्हीं की मौजूदगी में किसानों के धान की तौल कराई जाएगी। किसी भी किसान को होने वाली परेशानी को लेकर एसडीएम बिलारी ने कहा कि किसी को परेशान नहीं होने दिया जाएगा, जरूरत पड़ने पर केंद्र प्रभारी पर कार्यवाही भी की जाएगी। वहीं भारी तादाद में किसान यूनियन के पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां एसडीएम बिलारी से वार्ता के बाद किसान लेखपाल की मौजूदगी में तौल से संतुष्ट दिखाई दिए। इस मौके पर मुरादाबाद जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी, तहसील अध्यक्ष बिलारी विक्की चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष मुरादाबाद अंकुर चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी मनवीर सिंह यादव, राजवीर सिंह यादव, सत्येंद्र सिंह, विशाल कुमार, मोहित चौधरी, अंकुश चौधरी, बबलू आदि सहित अनेकों किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

महानगर में यातायात माह के अंतर्गत चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

शाह टाइम्सा ब्यूरो

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में यातायात माह नवम्बरख्र2025 के तहत बुधवार को यातायात पुलिस और थाना पुलिस द्वारा जनपद में व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर जनता को शिक्षित करने के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी की गई।कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुभाष चंद्र गंगवार ने पाकबड़ा स्थित सीएनजी पंप का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को रोड का स्पेस बढ़ाने के लिए डिवाइडर को 10-10 मीटर पीछे शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। वहीं, निरीक्षक यातायात अशोक तोमर के नेतृत्व में प्रकाश नगर चौराहे पर सड़क पर लगे फल-सब्जी ठेलों को हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।यह अभियान शहर के विभिन्न इलाकों में प्रतिदिन जारी रहेगा। इसके अलावा पुलिस उपाधीक्षक (हाईवे) राजेश कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में लगभग 500 छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। उपनिरीक्षक जयप्रकाश ने हरिद्वार, मेरठ, बिजनौर और सहारनपुर जाने वाली रोडवेज बसों में बैठे करीब 250 यात्रियों व 150 वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी तथा 400 पंपलेट वितरित किए।उपनिरीक्षक राजीव तोमर ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गुलाबबाड़ी में 100 छात्रों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। शहर के प्रमुख चौराहों पर ऑटो-रिक्शा चालकों को अतिरिक्त सीटें हटाने और नियमों का पालन करने की सलाह दी गई।

शांतिभंग के आरोप में छह अभियुक्त गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा। क्षेत्र से पुलिस ने छह अभियुक्तों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों का चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश कर दिया गया है। कोतवाली पुलिस ने शांति भंग के आरोप में नगर के मोहल्ला

हाजी नगर, वार्ड नंबर 21, निवासी, जाहिद हुसैन पुत्र अब्दुल रशीद, नावेद पुत्र नाजिर हुसैन, बिलाल पुत्र नाजिर हुसैन, फरियाद हुसैन पुत्र अब्दुल रशीद, व कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर निवासी गुफरान पुत्र मौ. फारुख, वसीम पुत्र महमूद हसन, को गिरफ्तार किया है। बुधवार को पुलिस ने सभी आरो. पितों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत सत्ती खेड़ा
विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 12.11.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत सत्ती खेड़ा विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 27.11.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.11.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य तथा स्थल का नाम	सामग्री का विवरण	कार्य की ल० मी० में	अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में)	निविदा मूल्य	जमानत धनराशि	कार्य पूर्ण कराने की अवधि
1	विजयपाल के घर से सुशील के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य।	सीमेंट, बजरी, रेत, ईंट टाईल्स आदि।	55 मी0	112395/-	500	2%	6 माह
2	सुरजीत के घर से सूरजपाल के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य।	सीमेंट, बजरी, रेत, ईंट टाईल्स आदि।	71 मी0	195752/-	500	2%	6 माह

प्रतिबंध/शर्तें:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सत्ती खेड़ा
विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद

कार्यालय ग्राम पंचायत लौंगी कलां
विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2025-26 दिनांक: 12.11.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत लौंगी कलां में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत महेशपाल के घर से विजेन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 13.11.2025 से 28.11.2025 तक अपराहन 3.00 बजे पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जायेगी। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	सामग्री की अनुमानित लागत	जमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य अवधि
1	महेशपाल के घर से विजेन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य।	सीमेंट, रेत, रोड़ा, सीसी टाईल्स आदि।	260922/-	5218/-	500/-	2 माह

प्रतिबंध/शर्तें:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-लौंगी कलां
विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

सम्पादक
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

अदालत के आदेश के बावजूद भी भूमाफियाओं ने महिला की जमीन पर कब्जे का प्रयास, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। भूमाफियाओं द्वारा एक गरीब महिला की भूमि पर जबरन कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाना ठाकुरद्वारा में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।नगर के मोहल्ला फतेहउल्लागंज निवासी भगवान देई पत्नी स्वर्गीय खुशहाली ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि वह मौजा फतेहउल्लागंज की गाटा संख्या 129, रकबा 0.5640 हेक्टेयर भूमि की मालिक हैं। उक्त भूमि पर कुछ दबंग भूमाफिया लंबे समय से कब्जा करने की नीयत से विवाद उत्पन्न कर रहे हैं। भगवान देयी का कहना है कि इस विवाद को लेकर उन्होंने पहले सिविल न्यायालय मुरादाबाद में वाद दायर किया था, जिसके बाद न्यायालय ने विपक्षियों को भूमि पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने से मना किया था। न्यायालय के आदेश पर सरकारी कर्मचारियों द्वारा भूमि पर तारबंदी कराई गई थी और उस कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित रखी गई थी। पीड़िता ने बताया कि इसके बावजूद दबंग विपक्षियों ने 11 नवंबर 2025 की रात उनकी तारबंदी को उखाड़कर फसल को नुकसान पहुंचाया। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तेरी हत्या कर देंगे और जमीन पर कब्जा ले लेंगे। पीड़िता ने बताया कि वह गरीब और बेसहारा महिला हैं, उनके पति का देहांत हो चुका है और केवल दो पुत्रियाँ ही हैं। ऐसे में दबंग लोग उनकी असहायता का फायदा उठाकर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर डायल 112 पुलिस को मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद पुलिस ने स्थिति को संभाला। इससे पूर्व भी दबंग लोग तारबंदी तोड़ने और कब्जा करने का प्रयास कर चुके हैं। भगवान देई ने थाना प्रभारी ठाकुरद्वारा से शिकायत करते हुए मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच कर अदालत के आदेश की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति गरीबों की जमीन पर कब्जा करने की हिम्मत न जुटा सके।

रैंकिंग में कोहली ने बाबर को पछाड़ा

टी-20 में तिलक वर्मा को हुआ 2 स्थान का नुकसान, टेस्ट टीम में इंग्लैंड नंबर-2 पर आया

दुबई, वार्ता। विराट कोहली ने आईसीसी वनडे बैटर्स की रैंकिंग में पाकिस्तान के बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को 37 साल के विराट 725 रैंकिंग पाइंट्स के साथ 5वें स्थान पर आ गए हैं।

वहीं बाबर आजम (709 अंक) दो स्थान के नुकसान के साथ 7वें नंबर पर खिसक गए। रोहित शर्मा (781 अंक) के साथ पहले और कप्तान शुभमन गिल (745 अंक) चौथे स्थान पर हैं। इसके अलावा, टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में तिलक वर्मा को दो स्थान का नुकसान हुआ है। वे 761 अंक के साथ 5वें नंबर पर आ गए हैं। श्रीलंका के पथुम निसांका (779 अंक) तीसरे और जोस बटलर (770 अंक) चौथे स्थान पर हैं।

सलमान और अबरार करियर बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे पाकिस्तान के सलमान आगा और स्पिनर अबरार अहमद ने वनडे में करियर की बेस्ट रैंक हासिल की है। दोनों को साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के खिलाफ वनडे में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। सलमान ने रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में 87 गेंदों पर नाबाद 105 रन बनाए। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 69 बनाए थे। वे रैंकिंग में 14 स्थान ऊपर उठकर बैटर्स की सूची में 16वें नंबर पर पहुंच गए हैं। टी-20 बैटर्स में गिल को 8 अंक का फायदा टी-20 बैटर्स रैंकिंग शुभमन गिल को 8 रैंक का फायदा हुआ है। वे 22वें नंबर पर आ गए हैं। गिल ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 46 और नाबाद 29 रन की पारियां खेली थीं। न्यूजीलैंड के टिम राबिन्सन 18 स्थान के फायदे के साथ 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के रोवमैन पावेल को 4 स्थान का फायदा हुआ है। वे 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी-20 बालर्स में जैकब डफी को 8 स्थान का फायदा बालर्स रैंकिंग में न्यूजीलैंड के जैकब डफी 6 स्थान ऊपर आए हैं। वे तीसरे स्थान पर हैं। मिचेल सैंटनर 5 स्थान के फायदे के साथ 23वें स्थान पर आ गए हैं। वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज 32वें नंबर पर हैं। अबरार अहमद ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ क्रमश: 3/53 और 4/27 के आंकड़े हासिल किए। इससे वे गेंदबाजों की रैंकिंग में 17 स्थान ऊपर चढ़कर 20वें नंबर पर आ गए हैं। वे पाकिस्तान के टाप वनडे गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी (16वें स्थान) से अब सिर्फ चार पायदान दूर हैं। टेस्ट की टीम रैंकिंग में इंग्लैंड नंबर-2 पर आया, टेस्ट की टीम रैंकिंग में इंग्लिश टीम नंबर-2 पर आ गई है। बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लिश टीम ने वर्ल्ड चैंपियन द. अफ्रीका को पीछे छोड़ा। इस लिस्ट में आस्ट्रेलियाई टीम नंबर-1 पर है। कंगारुओं के 124 रेटिंग पाइंट्स हैं। वहीं, इंग्लैंड 112 और द.अफ्रीका 111 अंक के साथ दूसरे व तीसरे स्थान है। भारत 108 अंक के साथ चौथे नंबर पर हैं।

दीप्ति के स्वागत को आगरा तैयार

आगरा, वार्ता। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी दीप्ति शर्मा कल 13 नवम्बर को आगरा पहुंच रहीं हैं। महिला विश्व कप क्रिकेट को जीतने के बाद पहली बार दीप्ति शर्मा गुरुवार को आगरा अपने घर अवधपुरी आ रहीं हैं। दीप्ति शर्मा के स्वागत के लिए तैयारियां जोर- से शुरू हो गई हैं। पूरे शहर में जगह-जगह पर होर्डिंग और पोस्टर लगा दिए गए हैं। गुरुवार को दिल्ली से सीधे कार द्वारा आगरा पहुंचेंगी और दोपहर 12 बजे से रोड शो शुरू होगा। तकरीबन 10 किलोमीटर लंबा रोड शो प्रस्तावित है।

होटल क्लार्क इन से रोड शो शुरू होकर और दोपहर के बाद उस क्रिकेट एकेडमी में पहुंचेगा जहां पर दीप्ति शर्मा अभ्यास करती हैं। रोड शो के दौरान जगह जगह पर स्वागत किया जाएगा। फूल मालाओं से स्वागत के लिए लोग रास्ते में खड़े होंगें। दीप्ति शर्मा के सम्मान में रोड शो महज 10 किलोमीटर का जरूर होगा लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि भारी भीड़ दीप्ति को देखने और स्वागत के लिए उमड़ेगी। रोड में शो में आगरा के स्थानीय क्रिकेटर भी शामिल होंगें इसके अलावा कई सामाजिक संगठनों की भागीदारी रहेगी। दीप्ति के आगमन को लेकर क्रिकेट एकेडमी में भी तैयारियां हो रहीं हैं। एकेडमी में भी कई होर्डिंग और पोस्टर लगा दिए गए हैं। क्रिकेट ग्राउंड पर एक मंच बनाया जा रहा है जिस पर दीप्ति का स्वागत किया जाएगा। एकेडमी के जूनियर खिलाड़ी भी काफी उत्साहित हैं।

जूनियर खिलाड़ियों के लिए दीप्ति अब एक रोल मॉडल बन गई हैं। विश्व कप जीतने के बाद जूनियर खिलाड़ी दीप्ति का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल दीप्ति जब भी आगरा में होती हैं तो अपनी ही एकेडमी में ही अभ्यास करती हैं। इसलिए रोड शो का अंतिम पड़ाव एकेडमी में रखा गया है।

संक्षिप्त खेल समाचार

भारत-द. अफ्रीका के बीच कल होगा टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला

नई दिल्ली, वार्ता। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैचों की सीरीज शुरु होने जा रही है और इसका पहला टेस्ट शुक्रवार से कोलक.ाता के इडेन गार्डंस स्टेडियम में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर एकदिवसीय सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद टी-20 सीरीज जीतकर भारतीय टीम उत्साहित हैं। इससे पहले पिछले महीने भारत ने घरेलु मैदान पर वेस्टइंडीज को एकतरफा मुक.ाबले में हराया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के तय कार्यक्रम के अनुसार भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। गांधी-मंडेला ट्रॉफी का पहला मैच 14 नवम्बर से कोलकाता के इडेन गार्डंस स्टेडियम में शुरू होगा।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान के लोगो शुभंकर, मशाल जर्सी और राष्ट्रगान का शुभारंभ

जयपुर, वार्ता। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर के ऐतिहा.सिक आमेर किले में एक भव्य कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने राजस्थान सरकार और राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) के सहयोग से आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 के लिए आधिकारिक लोगो, शुभंकर, मशाल, जर्सी और राष्ट्रगान का अनावरण किया। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान का शुभंकर राज्य के आधिकारिक पशु - ऊँट - और पारंपरिक अभिवादन 'खम्मा घानी' से प्रेरित हैं। वे राजस्थान की गर्मजोशी, लचीलेपन और आतिथ्य का प्रतीक हैं।

बधिर ओलंपिक में जर्लिन होंगी भारतीय ध्वजवाहक

नई दिल्ली, वार्ता। बधिर ओलंपिक में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले जर्लिन जयरातचागन 15 से 26 नवंबर तक टोक्यो में होने वाले आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों में भारत की ध्वजवाहक होंगी। इस बार रिकॉर्ड 111 सदस्यीय भारतीय दल बधिर ओलंपिक में भाग लेगा। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में खेल सचिव हरि रंजन राव ने भारतीय दल को गर्मजोशी से विदाई दी। भारतीय दल की आधिकारिक किट का भी अनावरण किया गया। भारतीय एथलीटों का पहला जत्था गुरुवार को टोक्यो के लिए रवाना होगा। मांडविया ने भारतीय दल को दिए संदेश में कहा कि विशेष एथलीटों के लिए वैश्विक आयोजनों में भारत की तीव्र प्रगति गर्व की बात है। खेलों के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देने और स्वस्थ पहुँच को बढ़ावा देने का प्रयास है।

अगली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 12 टीमें और वनडे सुपर लीग शुरू करने की सिफारिश

दुबई, वार्ता। अगली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2027-29 चरण में सभी 12 पूर्णकालिक सदस्य एक ही डिवीजन में शामिल करने और एकदिवसीय सुपर लीग फिर से शुरु करने की सिफारिश की गई है।

न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज की अगुवाई में एक कार्य समूह ने पिछले हफ्ते दुबई में हुई तिमाही बैठकों के दौरान आईसीसी बोर्ड और मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) को इस संदर्भ में अपनी सिफारिशें सौंपी। इस समूह को को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से जुड़े जरूरी मुद्दों पर ध्यान देने का काम सौंपा गया है। कार्य समूह ने अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2027-29) चक्र के लिए सभी 12 पूर्णकालिक सदस्यों की एक स्तरीय प्रणाली लागू करने की सिफारिश की गई।

● रोजर की अगुवाई में एक कार्य समूह ने दुबई में हुई तिमाही बैठकों के दौरान आइसीसी बोर्ड और सीईसी को इस संदर्भ में अपनी सिफारिशें सौंपीं

अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड के अगले चक्र में शामिल होने की संभावना है।

इस दौरान सदस्य देशों के साथ द्वि-स्तीय प्रणाली पर व्यापक चर्चा हुई। श्रीलंका, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान जैसे देशों ने द्वि-स्तरीय प्रणाली का विरोध करते हुए कहा कि अगर बड़े देशों के खिलाफ मैच नहीं हुए तो उनके बोर्ड पैसे नहीं कमा पाएगा। अभी केवल नौ देश विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल रहे है। बोर्ड के एक निदेशक ने क्रिकइन्फो को बताया कि इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है। जो लोग वास्तव में इस प्रारूप में खेलना चाहते हैं, उनके पास अब अवसर हैं और अन्य टीमों के लिए भी उन्हें खेलने का प्रोत्साहन है। इसके अलावा 2023 में रद्द हुई एकदिवसीय सुपर लीग को फिर से शुरू की सिफारिश की गई। 13 टीमों की यह लीग जुलाई 2020 में ही शुरू हुई थी। कार्य समूह के प्रस्ताव में यह नहीं बताया गया है कि 2028 में फिर शुरु होने वाली लीग में कितनी टीमें हिस्सा लेंगी। ऐसा माना जा रहा है कि 50 ओवरों के विश्व कप में टीमों की संख्या बढ़ाने पर कोई जोर नहीं दिया जा रहा है। 2027 में यह प्रतियोगिता 14 टीमों की होगी, जबकि पिछले दो संस्करणों में यह केवल दस टीमों तक सीमित थी। टी-20 विश्व कप में भी 20 टीमें ही रहेंगी।

मंथ के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने वोलवार्ट-सेनुरन

नई दिल्ली, वार्ता। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अक्टूबर के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ियों के नाम का एलान कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अवार्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने ही जीते हैं। महिला वनडे विश्व कप 2025 में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाली एल. वोलवार्ट ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता जबकि दक्षिण अफ्रीका के ही स्पिन गेंदबाज सेनुरन मुथुस्वामी ने आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार अपने नाम किया।

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेले गए महिला वनडे विश्व कप 2025 में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल. वोलवार्ट ने

● दिलचस्प बात यह है कि दोनों अवार्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने ही जीते हैं

शानदार प्रदर्शन किया था और अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ प्लेयर अवार्ड से नवाजा गया। वोलवार्ट ने इस महीने में खेले कुल आठ वनडे मैचों में 97.91 के स्ट्राइक रेट से कुल 470 रन बनाए।

दाएं हाथ की बल्लेबाज ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार हासिल करने के बाद कहा कि भारत में हुए विश्व कप में टीम के प्रदर्शन के बाद यह पुरस्कार जीतना सम्मान की बात है। आईसीसी ने अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुस्वामी को चुना है। उन्होंने पाकिस्तान के नोमान अली और अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़कर यह अवार्ड जीता। मुथुस्वामी को दक्षिण अफ्रीका के पाकिस्तान दौरे के दौरान बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए यह अवार्ड मिला है। मुथुस्वामी ने कहा कि आईसीसी द्वारा महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा।

योगी ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप-2025 की ट्रॉफी का किया स्वागत

लखनऊ, वार्ता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का बुधवार को भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आह्लादित करने वाला क्षण है। ‍‍‍ष जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा ले रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना यूपी के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। हॉकी इंडिया में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है। योगी ने हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद को भी याद किया। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने उत्तर प्रदेश की धरती में जन्म लिया था। उनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने तीन ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने में सफलता प्राप्त की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण कर रही है। इस वर्ष से पहला सत्र प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री ने हॉकी के यशस्वी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह भी उत्तर प्रदेश में जन्मे थे। उनकी स्मृति को जीवंत रखने के लिए बारा. बंकी में उनके निवास को एक म्यूजियम के रूप में बनाया जा रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश हॉकी खिलाड़ियों का भी जिक्र किया और कहा कि प्रदेश ने अनेक ऐसे खिलाड़ी दिए हैं, जिन्होंने हॉकी इंडिया को सम्मान दिलाया। योगी ने पद्म पुरस्कार से सम्मानित शाहिद, अशोक, रवींद्र पाल, सैयद, आरपी सिंह आदि रहे।

BCCI का रोहित-कोहली को सख्त संदेश

● कहा: अगर वे वनडे टीम में बने रहना चाहते हैं, तो उन्हें घरेलू वनडे टूर्नामेंटों में हिस्सा लेना होगा

मुंबई, वार्ता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देश के दो दिग्गज क्रिकेटरों विराट कोहली और रोहित शर्मा को साफ तौर पर संदेश दिया है।

बोर्ड ने इन दोनों से कहा है कि अगर वे वनडे टीम में बने रहना चाहते हैं, तो उन्हें घरेलू वनडे टूर्नामेंटों में हिस्सा लेना होगा। दोनों खिलाड़ी अब टेस्ट और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं और सिर्फ वनडे टीम में सक्रिय हैं। ऐसे में बोर्ड और टीम प्रबंधन चाहते हैं कि वे घरेलू क्रिकेट के माध्यम से अपनी मैच फिटनेस और फार्म बनाए रखें। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस दिशा में पहला कदम 24 दिसम्बर को खेले जाने वाले विजय हजारे ट्रॉफी मैच के रूप में देखा जा रहा है। यह मुक.ाबला दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन से नौ दिसम्बर के बीच होने वाली वनडे सीरीज और 11 जनवरी से शुरू होने वाली न्यूजीलैंड सीरीज के बीच घरेलू कैलेंडर का एकमात्र वनडे मैच है। जानकारी के मुताबिक, रोहित शर्मा ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को सूचित कर दिया है कि वह विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं, विराट कोहली की उपलब्धता को लेकर फिलहाल कोई स्पष्टता नहीं है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बोर्ड और टीम प्रबंधन ने दोनों को स्पष्ट कर दिया है कि अगर उन्हें भारत के लिए खेलना है, तो उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। चूंकि उन्होंने दो प्रारूपों से संन्यास ले लिया है, इसलिए फिटनेस और लय बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है।श पिछले महीने ही चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने भी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में भाग लेने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था, शहमने पहले भी स्पष्ट किया था कि जब भी खिलाड़ी उपलब्ध हों, उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। यही तरीका है खुद को शार्प रखने का, खासकर जब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लंबा ब्रेक हो।

कार्लोस ने एटीपी फाइनल्स में टेलर को हराया

इटली, वार्ता। विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज एटीपी फाइनल्स में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। इसी जीत के साथ ही वह अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए है। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी अल्काराज ने मंगलवार को एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए टेलर फ्रिट्ज को 6-7 (2), 7-5, 6-3 से हराया।

उत्तर रेलवे

ई निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या	230-DRM-MB-25-26 dt. 12.11.2025	231-DRM-MB-25-26 dt. 12.11.2025
कार्य का नाम	Provision of Cold Weather Patrolman companion in the section of ADEN/HW	Provision of Cold Weather Patrolman companion in the section of ADEN/RK
कार्य/सर्विस	Service	Service
सिंगल/टू पैकेट	Single Packet	Single Packet
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक	05.12.2025	05.12.2025
टेन्डर क्लोसिंग समय	16:00 hrs	16:00 hrs
अनुमानित लागत	24,46,959.60	44,62,102.80
धरोहर राशि	48,900.00	89,300.00
टेन्डर फार्म की लागत	3,000.00	3,000.00
कार्य पूर्ण करने की अवधि	03 Months	03 Months
बिडिंग आरंभ तिथि	21.11.2025	21.11.2025
आफर की वैधता	90 Days	90 Days

टेन्डर नं. 75/W/2/3/WA/DEN/T/T. Notice दिनांक 12.11.2025 3516/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पाक ने श्रीलंका को छह रन से हराया

रावलपिंडी, वार्ता। आगा सलमान (नाबाद 105), हुसैन तलत (62) के बाद हारिस रउफ (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को छह रन से हराया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

श्रीलंका ने मंगलवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 299 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में सैम आयुब (छह) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बाबर आजम फखर जमान के साथ दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। 18वें ओवर में वानिदु हसरंगा ने फखर जमान (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मोहम्मद रिजवान (पांच) और बाबर आजम (29) का भी वानिदु हसरंगा ने शिकार किया। एक समय पाकिस्तान ने 95 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए थे। ऐसे संकट के समय आगा सलमान और हुसैन तलत की जोड़ी ने छठे विकेट के लिए 138 रन जोड़ कर पाकिस्तान की पारी को संभाला। 44वें ओवर में महीश तीक्षणा ने हुसैन तलत (62) को आउट कर श्रीलंका को पांचवी सफलता दिलाई। आगा सलमान ने 87 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 105 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। श्रीलंका के लिए वानिदु हसरंगा ने तीन विकेट लिए। असिता फर्नांडो और महीश तीक्षणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 300 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पुथम निसंका और कामिल मिशारा की सलामी जोड़ी ने 85 रन जोड़ कर अच्छी शुरुआत की। 12वें ओवर में हारिस रउफ ने पहले कामिल मिशारा (38) और फिर कुसल मेंडिस (शून्य) को आउट कर श्रीलंका को दोहरा झटका दिया। रउफ का अगला शिकार पुथम निसंका (29) बने। इसके बाद सदीरा समराविक्रमा और कप्तान चरित असलंका ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 57 रन जोड़े।

उत्तर रेलवे

प्रोफार्मा 10-1

"सार्वजनिक अधिसूचना"

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्ट्ज, ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

खंड: उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के देहरादून स्टेशन की लोको आउट पिट लाइन स्थान DDN/2019 (च: 78/21.00) से स्थान DDN/2032 (च: 78/471.00) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन

TKM (दिनांक): 0.670 (30.11.2025)

प्रोफार्मा 10-2

भारतीय रेल

25 के.वी. ए.सी. कर्षण का परिचय

"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में "उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के देहरादून स्टेशन की लोको आउट पिट लाइन स्थान DDN/2019 (च: 78/21.00) से स्थान DDN/2032 (च: 78/471.00) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन" हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है. जो सड़क की ऊंचाई से 4.78 मीटर की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है. अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:- i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में बाधा। ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा। iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता निर्माण, उ.रे., मुरादाबाद

No. 17-Elect/C/TRD/MB/124 Dated: 11.11.2025 3505/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

पत्रांकः- 7000/ई-निविदा-मु0वृत्त/25-26 दिनांक :- 04.11.2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

1 महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से कॉलम-8 के अनुसार अर्ह एवं पंजीकृत (पान्टून सेतु कार्यो में अनुभवी) निविदादाताओं से दिनॉक 14.11.2025 प्रातः 10 बजे से 20.11.2025 समय दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कॉलम 5 तथा 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनॉक 20.11.2025 को समय दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित/अधीकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेशियल बिड खोले जाने के दिनॉक व समय पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत है-

क्र सं	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित रू0 में	ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी (पान्टून सेतु कार्यो में अनुभवी)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मुरादाबाद	जनपद मुरादाबाद में कांठ के नगर पंचायत अगवानपुर से रामगंगा के नदी के ऊपर ग्राम चटकाली तक पान्टून पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण का कार्य।	122.54	8.13	03 माह	300+2000 +54=2354	"ए. बी. (मार्ग श्रेणी)

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश सं0-879(1)/23-7-2020-176(सा)/06 दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग लखनऊ के पत्रांक 4650/4एन-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

UPID-240216, DATE-11/11/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

(एस0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)
ई-मेलः semoradabad14@gmail.com

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मंडलायुक्त ने मंडल के विभिन्न जनपदों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा के दौरान सीएमओ बिजनौर के शिथिल पर्यवेक्षण और स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर सुविधाओं को विकसित कराने में लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करेंगे और सभी सीएमओ स्वास्थ्य से जुड़ी प्रत्येक योजना, कार्यक्रम और अभियान की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने वीएचएसएनडी के उद्देश्यों को सख्ती से प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड सहित अन्य स्वास्थ्य जरूरतों पर इन वीएचएसएनडी सत्रों के दौरान खुलकर चर्चा हो ताकि महिलाएं और किशोरियां अपनी स्वास्थ्य जरूरतों के प्रति संवेदनशील हों। झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पूरे मंडल में अभियान चलेगा। मंडलायुक्त ने कहा कि इन झोलाछाप लोगों द्वारा दी जाने वाली गैरजरूरी दवाओं की वजह से आमजन को काफी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए इन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। आयुर्वेद दवाओं के आधार पर उपचार करने वाले क्लिनिकों पर भी औचक रूप से टीमें पहुंचकर आयुर्वेद डॉक्टरों द्वारा दी जाने वाली दवाओं की जांच होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीयूजी नम्बर पर आने वाली फोन कॉल अनिवार्य रूप से रिसीव होनी चाहिए। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा इस संबंध में सख्त निर्देश दिए गए हैं इसलिए सीयूजी पर आने वाली फोन कॉल रिसीव न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। ग्राम्य दिवस के आयोजन को लेकर भी मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए और कहा कि इस दौरान विकास और राजस्व के साथ ही सभी प्रकार की शिकायतों और समस्याओं का चिन्हीकरण किया जायेगा। ग्राम्य दिवस में गांव की सार्वजनिक संपत्ति, सार्वजनिक भूमि और उनके उपयोग की वर्तमान स्थिति, कुपोषित बच्चे और शांति एवं कानून व्यवस्था से जुड़े मामले भी चिन्हित होंगे। उन्होंने धान खरीद प्रक्रिया को अधिक प्रभावी ढंग से लागू कराने और नियमित रूप से मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केंद्रों पर बाल मैत्री शौचालयों का निर्माण कराने और बच्चों की उपस्थिति दुरुस्त करने के लिए भी

मंडलायुक्त ने निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने कहा कि मार्गों के किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण की वजह से यातायात व्यवस्था बाधित होती है इसलिए पूरे मंडल में अभियान चलाकर मार्ग के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया जाए साथ ही अतिक्रमण करने वालों पर नियमानुसार जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई भी होनी चाहिए। मुरादाबाद शहर से होकर बहने वाली रामगंगा नदी में इस वर्ष आई बाढ़ के आधार पर फ्लड जोन निर्धारित करते हुए नदी के तटीय क्षेत्र को सिंचाई विभाग और नगर निगम संयुक्त रूप से अतिक्रमण/ अवैध कब्जा मुक्त कराए। मंडल में राजस्व अभिलेखों के अनुसार नदियों के पुनरुद्धार कार्य के साथ ही नालों को भी अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए सभी जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए।

कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में जनसुनवाई और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मा. मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए आमजन की समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कीटनाशी बिक्री केंद्रों पर कृषि रसायनों और बीजों की बिक्री में निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन हो, इसके लिए नियमित रूप से चेकिंग करने के लिए भी निर्देशित किया। गौ-शालाओं में निर्धारित मानक के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें गौवंश की देखरेख में कोई लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विभागीय अधिकारी गौशालाओं का भ्रमण करते रहें और भ्रमण के दौरान चिन्हित कमियों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए।

हर घर जल योजना के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकियों और पाइप लाइन बिछाने के दौरान मानकों का गंभीरतापूर्वक पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों से शिकायतें मिल रही हैं वहां स्थलीय निरीक्षण करके जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए। मंडलायुक्त ने ग्राम पंचायतों में रिक्त पंचायत सहायकों के पदों को नियमानुसार भरने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि ग्राम पंचायतें और स्थानीय निकाय अपनी आय के स्त्रोतों में वृद्धि करें। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री अनुज सिंह, जिलाधिकारी बिजनौर श्रीमती जसजीत कौर, जिलाधिकारी रामपुर श्री अजय कुमार द्विवेदी एवं जिलाधिकारी सम्भल श्री राजेंद्र पैंसिया के साथ-साथ सभी मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

भाकियू की बैठक में अगैती गन्ने का सामान्य में सर्वे करने पर किसानों में रोष

कांठ (शाह टाइम्स)। भारतीय किसान यूनियन की बैठक किसान भवन पर संपन्न हुई। किसानों की अगेती गन्ना प्रजाति को सामान्य प्रजाति में सर्वे किए जाने का विरोध तथा धान खरीद नहीं होने का मुद्दा उठाया। अगवानपुर मिल के एजीएम गंभीर सिंह को मौके पर बुलाकर हिदायत दी गई । एजीएम ने किसानों को भरोसा दिलाया कि दोबारा सर्वे कराकर किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष छजलैट देवेंद्र सिंह प्रधान के निधन के बाद खाली चल रहे पद पर चौधरी समरपाल सिंह निवासी शिमला व चौधरी नागेंद्र सिंह निवासी रम्पुरा के नाम के प्रस्ताव पारित किए गए। दोनों प्रस्ताव जिला अध्यक्ष घनेन्द्र शर्मा के पास प्रेसित किए जाएंगे। अंतिम निर्णय जिला कमेंटी तय करेगी।

पंचायत में राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौ सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुदेश मुखिया, नीटू पहलवान , युवा महानगर अध्यक्ष मोहित चीमा , सचिन चौधरी, वीरेंद्र सिंह, समरपाल सिंह नागेंद्र सिंह , सुशील मुखिया, राजेंद्र सिंह , कृष्ण पाल सिंह, राहुल चौधरी,बिक्रम सिंह, अरुण चौधरी,हरिचरन सिंह,अजय पाल सिंह, मिंटू चौधरी, हरिकेश सिंह,पूरन सिंह सैनी,सोनू सैनी,आदि किसान उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता वीर सिंह ढाका तथा संचालन जिला महा सचिव चौधरी यशपाल ने किया।

ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल के आह्वान पर रेलवे स्टेशन पर किया धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल (AIGC) की सेंट्रल कमेटी के आह्वान पर बुधवार को देशभर के साथ मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेन मैनेजर्स (गार्ड्स) ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। यह आंदोलन पूरे भारत में एक साथ आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों से जुड़ी पुरानी और नई समस्याओं के समाधान की दिशा में ध्यान आकर्षित करना था।धरना प्रदर्शन के दौरान ट्रेन मैनेजरों ने दस प्रमुख मांगें रखीं। इनमें प्रमुख रूप से किलोमीटर भत्ते की दर में तत्काल वृद्धि, नई पेंशन प्रणाली को समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग, नाइट ड्यूटी भत्ता को पुनः बहाल करने की अपील, तथा 1 जनवरी 2024 से रनिंग भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि शामिल रही। इसके अलावा उन्होंने सभी ट्रेन मैनेजरों को एमएसीपी का लाभ दिए जाने, रेलवे बोर्ड द्वारा जारी जेपीओ दिनांक 24 जनवरी 2025 को तत्काल रद्द करने, रिक्त पदों को शीघ्र भरने, रेलवे सुरक्षा निदेशालय में आवश्यक बदलाव किए

जाने और सीनियर ट्रेन मैनेजर पदों की कैडर रीस्ट्रक्चरिंग 50:50 के अनुपात में करने की भी मांग रखी। साथ ही, भर्ती प्रक्रिया से ग्रेड पे 4200 वाले सहायक ट्रेन मैनेजर पद को समाप्त करने की भी मांग उठाई गई।धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और ट्रेनों के संच. ालन पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ा। प्रदर्शन के दौरान अनुशासन और संयम का परिचय देते हुए ट्रेन मैनेजरों ने नारेबाजी के माध्यम से अपनी समस्याओं को आवाज दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल के पूर्व महामंत्री आर.एन. श्रीवास्तव ने की, जबकि एआईजीसी मुरादाबाद मंडल के मंडल सचिव जी. सी. शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ट्रेन मैनेजरों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रेलवे गार्ड्स रेलवे संचालन की रीढ़ हैं, लेकिन उनकी मांगों पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एआईजीसी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी जायज मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन देशव्यापी आंदोलन को तेज करेगा। सभी लंबित मुद्दों का जल्द समाधान करने और कर्मचारियों को उनका हक दिलाने की अपील की। धरना स्थल पर एकता और अधिकारों की आवाज गूंजती रही।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर चन्दौसी में निकली भव्य एकता यात्रा

● नगर में गूंजे राष्ट्रभक्ति के नारे, सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को नगर में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देने हेतु भव्य एकता यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा नगर में देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आई, जिसमें नगर और आसपास क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ गांधी पार्क से माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती गुलाब देवी एवं ब्लॉक प्रमुख बनियाखेड़ा डॉ. सुगंधा सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर गांधी पार्क परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों का विशाल जमावड़ा देखा गया। बच्चों ने हाथों में तख्तियां, बैनर और राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए 'एकता में शक्ति है' और 'हम सब एक हैं' जैसे गगनभेदी नारे लगाकर वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। एकता यात्रा में नगर के प्रमुख विद्यालयों एफ.आर. इंटर कॉलेज, मनोकामना इंटर कॉलेज, बीएमजी गर्ल्स इंटर कॉलेज, आर.एस. इंटर कॉलेज, सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रामप्यारी कन्या इंटर कॉलेज, चन्दौसी इंटर कॉलेज, जगदीश शरण सरस्वती इंटर कॉलेज तथा अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों की इतनी अधिक संख्या रही कि नगर के विभिन्न मार्गों पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पुलिसकर्मियों को विशेष व्यवस्था करनी पड़ी। यात्रा गांधी पार्क से शुरू होकर मुंसिफ रोड, बहजोई रोड होते हुए मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज तक निकाली गई, जहाँ इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग में लोगों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया और 'भारत माता की जय' तथा 'वंदे मातरम्' के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने इस अवसर पर कहा कि भारत विविधताओं का देश है, और इसी विविधता में हमारी असली शक्ति छिपी है। सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को जो रूप दिया, वह आज भी सभी के लिए प्रेरणा है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, एकता और सामाजिक सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं। ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने कहा किएकता यात्रा समाज में आपसी सहयोग, सद्भाव और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। बच्चों की यह सहभागिता वास्तव में सराहनीय है और आने वाली पीढ़ी को देशभक्ति की दिशा में प्रेरित करेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मंजू दिलेर, पूर्व एमएलसी पप्पू चौधरी, सुरेश सैनी, राजकुमार ठाकरे, टी.एस. पाल, पुष्पलता पाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक, शिक्षकगण और नगरवासी उपस्थित रहे।

दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज ने महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में मारी बाजी

मुरादाबाद। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के तत्वाधान में दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में महिला टेबल टेनिस अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सीमा रानी के कुशल निर्देशन में हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया, जिनमें रोमांचक मुकाबलों के बाद फाइनल मैच दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज और एस.एम. कॉलेज, चंदौसी के बीच खेला गया।फाइनल मुकाबले में दयानन्द कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-1 से जीत दर्ज की और चौंपियनशिप अपने नाम की।

निर्णायक मैच में दयानन्द कॉलेज की खिलाड़ी कुमारी श्रीका अग्रवाल ने बेहतरीन खेल दिखाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ट्रायल राउंड में हिन्दू कॉलेज की कुमारी राधिका दिवाकर एवं गोकुलद. ास महाविद्यालय की कुमारी मनतशा ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर उमाकांत गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि संतोष रानी गुप्ता रहीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा टेबल टेनिस की सर्विस कर किया गया, जिससे खेल भावना का प्रेरणादायक संदेश मिला। विश्व. विद्यालय की ओर से प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक डॉ. मनीष भट्ट तथा एक्सपर्ट रफीक हुसैन मौजूद रहे।कार्यक्रम को

सफल बनाने में आयोजक सचिव डॉ. नीतू सिंह, प्रो. अनीता फर्स्वाण, प्रो. संतोष सिंह और डॉ. कंचन सिंह का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के ऑफिसियल के रूप में डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव योगेंद्र गौतम ने अपनी सेवाएं दीं।टीम मैनेजर के रूप में प्रो. दीप कुमार श्रीवास्तव, चंद्रजीत कुमार यादव और शिवानी उपस्थित रहे। वहीं, प्रो. रीना मित्तल, प्रो. अर्चना राठौर, प्रो. मनी बंसल, प्रो. कंचन सिंह और प्रो. सुजाता कुमारी सहित सभी प्रवक्ता ने अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम के अंत में विजेता टीम को बधाई देते हुए प्राचार्या प्रो. सीमा रानी ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो न केवल शारीरिक स्फूर्ति बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है।

आईएफटीएम में 'तंबाकू के हानिकारक प्रभावों पर क्षमता निर्माण' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक एवं पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से "तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के व्यापक प्रसार हेतु क्षमता निर्माण'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का नशा सदैव हानिकारक होता है। तंबाकू शरीर के लिए बेहद हानिकारक होने के साथ-साथ थूकने पर गंदगियां और बीमारियां भी फैलाती हैं। डॉ. अग्रवाल ने प्रतिभागियों से अपील की कि वे स्वयं तंबाकू से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें, ताकि एक स्वस्थ, सशक्त और तंबाकू-मुक्त भारत का निर्माण किया जा सके। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि तंबाकू का सेवन आज समाज के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। युवा पीढ़ी को इससे दूर रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ न केवल जागरूकता बढ़ाने में सहायक होती हैं, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। इस मौके पर एनएसएस इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि युवाओं में जागरूकता पैदा करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि वही भविष्य के राष्ट्र

निर्माता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यशाला युवाओं को समाज में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित एवं सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही। वहीं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रसायन विज्ञान विभाग के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. एस.डी. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि तंबाकू सेवन केवल एक बुरी आदत ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक बुराई भी है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति और समाज दोनों को कमजोर करती है। कार्यशाला के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी स्वास्थ्य से जुड़े सभी पहलुओं तथा व्यवहारिक परिवर्तन की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री दीपक शर्मा, श्रीमती रुचि चौधरी, डॉ. समीर चन्द्रा, डॉ. पूजा नारंग और डॉ. शिव प्रताप सिंह आदि फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा। इस कार्यशाला में संकाय सदस्यों समेत 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

एक नजर

अटल आवासीय विद्यालय में बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़े में हुई अनेक प्रतियोगिताएं

बिलारी (शाह टाइम्स संवाददाता)। बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़े का आयोजन एक नवंबर से 15 नवंबर तक अटल आवासीय विद्यालय पीपली में किया गया । इस दौरान अलग-अलग दिनों में भाषण ,निबंध , पेंटिंग रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली के कार्यक्रम में बच्चों ने बिरसा मुंडा से संबंधित मनमोहक रंगोली बनाई। कला शिक्षक एवं अन्य शिक्षकों के सहयोग से यह संपन्न हुआ। प्रशासनिकअधकारी एवं प्राचार्य टीपी सिंह ने छात्र छात्राओं को भगवान विरसा मुंडा की जीवनी से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपश्रमायुक्त मुरादाबाद दीप्तिमान भट्ट ने भगवान विरसा मुंडा से संबंधित संदेश भी छात्र-छात्राओं को सुनाए।

उत्पीड़न से तंग आकर महिला ने लिखाया सास ससुर और पति के खिलाफ थाने में मुकदमा

कांठ(शाह टाइम्स)। कुडामीरपुर निवासी एकता पुत्री सोमपाल की शादी कुलदीप पुत्र छत्रपाल निवासी लाकडी फाजलपुर, थाना मझोला के साथ 2018 में सम्पन्न हुई थी। उसके माता पिता ने हैसियत के अनुसार सभी सामान दिया। लेकिन पति कुलदीप, सास सन्तोष, ससुर छत्रपाल विवाह में दिये गये सामान से खुश नहीं थे और कम दहेज का ताना देकर उसके साथ मारपीट व शारीरिक व मानसिक उत्पीडन करते रहते थे। पति कुलदीप व ससुर छत्रपाल एकराय होकर एक लाख व एक मारुती कार की मांग करते और मांग पूरी ना होने पर उसे छोडकर दूसरा विवाह करने की धमकी देते। पति प्रताडित करने के लिये उसके साथ आप्राकृतिक यौन सम्बन्ध बनाता तथा मना करने पर जान से मारने की धमकी देता 15 मई को ससुराल वालो ने मारपीट कर पुत्री निधि के साथ धक्के देकर घर से निकाल दिया। 02 नबम्बर को कुलदीप उसके मायके आया और विधवा मां को भला बुरा कहने लगा इसका उसने विरोध किया तो बुरी तरह से लात घुसो व बेल्टो से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये वहा से भाग गया। पीड़िता थाने पहुंची लेकिन पुलिस ने अनसुना कर दिया आखिर में वह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सामने पेश हुई और अपनी परेशानी बताई उनके आदेश पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आईटीएसएसओ पोर्टल पर लंबित अभियोगों के निस्तारण को लेकर एसपी ग्रामीण ने की समीक्षा गोष्ठी

मुरादाबाद। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह के द्वारा बुधवार को पुलिस कार्यालय में आईटीएसएसओ (प्ैै्ं) पोर्टल पर लंबित अभियोगों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से एक समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारियों और विवेचकों ने प्रतिभाग किया।गोष्ठी के दौरान एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने सभी लंबित अभियोगों की बिंदुवार समीक्षा की और उनके निस्तारण की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक विवेचक अपने-अपने थानों से संबंधित मामलों की विवेचना समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें ताकि पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से गंभीर अपराधों से जुड़े अभियोगों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने पर जोर दिया।एसपी ग्रामीण ने कहा कि आईटीएसएसओ पोर्टल पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से न केवल विवेचनाओं की निगरानी होती है, बल्कि लंबित मामलों की स्थिति पर नियमित रिपोर्ट भी तैयार की जा सकती है। उन्होंने बताया कि लंबित अभियोगों का शीघ्र निस्तारण पुलिस की कार्यक्षमता और जनता के विश्वास दोनों को मजबूत करेगा।गोष्ठी में विवेचकों को यह भी निर्देशित किया गया कि विवेचना में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक थाने में विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर समीक्षा करेंगे। बैठक के अंत में एसपी ग्रामीण ने सभी अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने और जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए तत्पर रहने की अपील की।

वर्ष 2019 से 2025 तक संभल जनपद में विभागों से हुई रिश्वतखोरी, कई गिरफ्तारी

चन्दौसी। सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए एंटी करप्शन टीम लगातार सक्रिय है। रिश्वतखोरी के मामलों में संलिप्त कर्मचारियों को पकड़ने के लिए टीम बेहद कठिन परिस्थितियों में योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाती है। गवाहों और पुख्ता सबूतों के आधार पर जब किसी सरकारी कर्मचारी को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाता है, तो न केवल उसे जेल भेजा जाता है बल्कि उसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच भी शुरू कर दी जाती है। आज स्थिति यह है कि कुछ विभागों में सही कार्य के लिए भी सिफारिश या योग्यता नहीं, बल्कि सिर्फ पैसे की जरूरत होती है। रिश्वतखोरी अब कई दफ्तरों में काम आगे बढ़ाने का सामान्य माध्यम बन चुकी है। यदि वर्ष 2019 से 2025 तक की अवधि पर नजर डालें, तो संभल जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने कई बड़ी कार्रवाइयां की हैं जिन्होंने भ्रष्ट कर्मचारियों की नींद उड़ा दी। 11 दिसंबर 2019 को चन्दौसी में तैनात रहे इंस्पेक्टर सहदेव सिंह को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में एसआई दीपक कुमार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। गुन्नौर कोतवाली में तैनात एसआई धर्मेन्द्र तोमर को 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। हालांकि उनका बाद में स्थानांतरण थाना बनियाठेर कर दिया गया था। मालती यादव, जो विभागीय पद पर कार्यरत थीं, उन्हें 7000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। इसी तरह सचिव राकेश पाल को भी एंटी करप्शन टीम ने रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया। इन कार्रवाइयों से यह स्पष्ट होता है कि एंटी करप्शन टीम लगातार भ्रष्टाचार की जड़ों तक पहुंचने में जुटी है। टीम की हर कार्रवाई के पीछे लंबी योजना, सबूत एकत्र करना और न्यायिक प्रक्रिया का पालन शामिल रहता है। जिला संभल में इन कार्यवाहियों ने सरकारी कर्मचारियों में भय का माहौल बनाया है, वहीं आम नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि कानून अब चुप नहीं है। एंटी करप्शन टीम की सक्रियता ने साबित कर दिया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, और जो भी रिश्वत लेकर जनता के अधिकारों का हनन करेगा, उसे अब कानून से बच निकलना असंभव होगा।

धमाके का पाक कनेक्शन

दिल्ली के लाल किले के पास हुए भीषण धमाके की धमक पाकिस्तान तक पहुंच गई है। जांच में खुलासा हुआ कि यह एक आत्मघाती हमला था जिसे डा. उमर नबी ने अंजाम दिया। इस हमले के तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल, अल-फलाह यूनिवर्सिटी और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं। इसकी साजिश पुलवामा और पाकिस्तान में रचे जाने की आशंका है। क्योंकि गिरफ्तार महिला प्रोफेसर डा. शाहीन का पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। डा. शाहीन भारत में जैश की महिला विंग की हेड है। जैश की महिला विंग का नाम जमात उल मोमिनात है, जिसे आतंकी मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर हैंडल करती है। सादिया का पति कंधार हाईजैक का मास्टरमाइंड है। गिरफ्तार डा. शाहीन के पास भारत में लड़कियों को भर्ती करने की जिम्मेदारी थी। देश की खुफिया एजेंसी को जानकारी मिली है कि यह धमाका पहलगाम में पर्यटकों की हत्या किए जाने और उसके बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाक में छुपे आतंकियों के अड्डे नेस्तनाबूद करने के विरोध में था। इस बात से साफ है कि पाकिस्तान एक ओर दुनिया को बता र हा है कि वह आतंकवादियों पर कार्रवाई कर रहा है, दूसरी ओर वह आतंकवादियों को पनाह दिए हुए हैं। विपक्ष ने भारत सरकार पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमला बोला था और कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर रोकने की जरूरत क्या थी। वास्तव में अगर भारत सरकार ने विपक्ष की चिंता को गंभीरता से लिया होता, तो शायद यह धमाका नहीं होता। इसका अंदाजा तो उसी समय हो गया था, जब जम्मू कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद में छापा मारकर विस्फोटक सामग्री बरामद की थी। इस भीषण धमाके में कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कईयों की हालत गंभीर है। ये कोई आम धमाका नहीं था, ये धमाका दिल्ली को दहलाने के लिए किया गया, जांच आगे बढ़ी तो चौंकाने वाले पर्दाफाश हुए। ये एक आत्मघाती हमला था। धमाके के लिए भारी मात्रा में विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। सीसीटीवी से निकलकर जो तस्वीर सामने आई है, उसके आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है जिसने इस धमाके को अंजाम दिया है उसका नाम डॉक्टर उमर नबी है। शक है कि डॉक्टर उमर एक आत्मघाती हमलावर था। जांच में इस बात के भी संकेत मिले हैं कि धमाके में अमोनियम नाइट्रेट और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया। फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से तहत पिछले दिनों गिरफ्तार तीन लोग भी इसी अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े रहे हैं। हालांकि भारत दुनिया के अलग-अलग मंचों से इस बात को उठाता रहा है कि पाक ही आतंकियों की पनाहगाह है, लेकिन अब केवल इससे काम चलने वाला नहीं है। जो वादा पीएम मोदी ने किया था कि ऑपरेशन सिंदूर अभी रुका नहीं है, उसी वादे को फिर से शुरू करने की जरूरत है। भारत पहले इस बात को यूएनओ में रखे और पाकिस्तान पर चौतरफा दबाब बनाकर आतंकियों के अड्डों को नष्ट करने की जरूरत है। क्योंकि यह पहली वारदात नहीं है। पिछले 10 साल से भारत में आतंकवादि गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्हें देखते हुए भारत को अपनी विदेश नीति में पैनापन लाना होगा, जिससे पाकिस्तान को घेरा जा सके। देश में आतंकवादी हिंसा की बढ़ती घटनाओं के दृष्टिगत भारत में उभरती हुई एक सर्वसम्मति है कि आतंकवाद से निपटने के लिए एक सुदृढ़ विधायी ढांचा सृजित किया जाना चाहिए। यहां तक कि मानवाधिकारों और संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखते हुए भी आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में सुरक्षा बलों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

मुझे विभाजन नहीं, आशा दिखती है

उनकी सोच का 2047 का ऐसा भारत होना चाहिए जहां न हिंसा हो, न नफरत हो और न लोगों में किसी तरह का भय और गुस्सा हो, देश के जेन-जी की बातें और उनके विचारों की गहराई देखकर उन्हें इन बच्चों से बहुत उम्मीद है, हमें ऐसा भारत बनाना चाहिए जहां भाईचारा हो, हर आदमी खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसे विश्वास रहे कि वह कहीं भी असुरक्षित नहीं है, सबसे बड़ी बात आजादी की है, युवाओं को महसूस हो कि उनकी कल्पना के अनुसार काम करने की इजाजत मिले, जब मैं युवा भारत से बात करता हूं, तो मुझे विभाजन नहीं, आशा दिखती है।

-राहुल गांधी
नेता विपक्ष, लोकसभा

कहां तक बहेगी ज्ञान की अविरल धारा

निर्मल रानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 9 नवंबर 2025 को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में 25वें राज्य स्थापना दिवस के मुख्य समारोह को सम्बोधित किया। गौर तलब है कि उत्तराखंड का गठन 9 नवंबर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर हुआ था। इस समारोह में पीएम मोदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को राज्य की आध्यात्मिक धरोहर से जोड़कर युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के मकसद से इस आयोजन में भाग लेने हेतु प्रदेश के अनेक शिक्षण संस्थानों के छात्रों को लाने की व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री ने यहां अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान से जोड़ें। निश्चित रूप से योग व आयुर्वेद जैसी प्राचीन भारतीय ज्ञान सम्बन्धी कई बातें ऐसी हैं जिन पर देश को गर्व है परन्तु वास्तविक प्राचीन भारतीय ज्ञान की आड़ में पौराणिक कथाओं से प्राप्त ज्ञान को आज के वैज्ञानिक युग में ज्ञान बताते हुए छात्रों को भ्रमित करना, यह कहां तक उचित है? प्रधानमंत्री सहित देश के कई जिम्मेदार लोगों द्वारा समय समय पर देश के भविष्य के कर्णधार छात्रों व युवाओं को सम्बोधित करते हुए ऐसी अनेक बातें की जा चुकी हैं जिनका न केवल मजाक उड़ाया गया बल्कि एक बड़े वैज्ञानिक व शिक्षित वर्ग द्वारा इसका खंडन भी किया गया।

याद कीजिए अक्टूबर 2014 में जब रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के संदर्भ में मुंबई के एक अस्पताल में चिकित्सकों और पेशेवरों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भगवान गणेश के सिर पर हाथी का सिर लगाना प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी का प्रमाण है। हमारे देश ने चिकित्सा विज्ञान में जो हासिल किया था, उस पर गर्व महसूस कर सकते हैं। हम गणेश जी को पूजते हैं, जिनके सिर पर हाथी का सिर लगाया गया था। यह प्लास्टिक सर्जरी की शुरुआत थी। मोदी के इस बयान की न केवल विपक्षी दलों द्वारा बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा भी तीखी आलोचना की गई थी। इस आलोचना का कारण यह था कि मोदी का कथन पूर्णत: अवैज्ञानिक व तर्कहीन था, क्योंकि गणेश हिंदू पौराणिक कथा के चरित्र हैं यह कोई ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं। जबकि प्लास्टिक सर्जरी का आधुनिक विकास 19वीं सदी में जोसेफ कार्प्यू जैसे ब्रिटिश डॉक्टरों द्वारा किया गया था, परन्तु हाथी के सिर का मानव शरीर पर प्रत्यारोपण जैसा कोई पुरातात्विक या चिकित्सकीय प्रमाण कतई नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का यह प्रयास मिथक को इतिहास बनाने का प्रयास है, जोकि सरासर विज्ञान-विरोधी है।

इसी तरह मोदी ने ऐसी ही ज्ञान गंगा बहाने वाली एक पुस्तक की प्रशंसा करते हुए पुस्तक प्रस्तावना में लिखा कि प्राचीन भारत में टेस्ट-ट्यूब बेबी, स्टेम सेल तकनीक, हवाई जहाज और न्यूक्लियर तकनीक आदि मौजूद थी जोकि प्राचीन ज्ञान का प्रमाण थी। इन बातों को भी दुनिया के एक बड़े शिक्षित व वैज्ञानिक वर्ग ने खारिज किया, क्योंकि यह भी अवैज्ञानिक व तर्कहीन दावे थे और यह सभी दावे वेदों और महाभारत की कथाओं व उनकी व्याख्या पर आधारित हैं। इन दावों का भी कोई भौतिक साक्ष्य जैसे अवशेष या यंत्र आदि उपलब्ध नहीं है। सच्चाई यह है कि आधुनिक IVF 1978 में विकसित हुआ, जबकि हवाई जहाज का आविष्कार 1903 में हुआ। प्रधानमंत्री इस तरह की अनेक बातें कर चुके हैं जोकि पूरी तरह से अवैज्ञानिक व तर्कहीन है तथा इतिहास में उनके कोई प्रमाण भी नहीं मिलते।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना द्वारा बालाकोट एयर स्ट्राइक के संदर्भ में दिए गए अपने एक साक्षात्कार में यह दावा करते हैं कि उन्होंने सलाह दी कि खराब मौसम और बादलों का फायदा उठाते हुए भारतीय विमानों को पाकिस्तानी रडार से बचाया जा सकता है, क्योंकि बादल हैं तो रडार से बच सकते हैं। बालाकोट हमले की रणनीति पर चर्चा के दौरान आए मोदी के इस ज्ञान का भी काफी मजाक उड़ाया गया था और विशेषज्ञों ने इसे तकनीकी रूप से गलत बताया, क्योंकि सामान्यत: रडार बादलों से प्रभावित नहीं होते। इसी तरह वे बायोगैस के महत्व को समझाने के लिए किसी चाय वाले की कहानी गढ़कर बताने लगते हैं कि एक छोटे शहर में नाले के पास चाय बेचने वाले व्यक्ति ने नाले से निकलने वाली मीथेन गैस का उपयोग चाय बनाने के लिए किस तरह किया। तो कभी किसी किसान की कहानी सुना डालते हैं जिसने रसोई के कचरे और गोबर से बायोगैस बनाकर पंप इंजन चलाया।

दरअसल जब से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है तभी से प्रधानमंत्री सहित ऊंचे ओहदे पर बैठे अनेक लोग इस तरह की अवैज्ञानिक व तर्कहीन बातें कर हमारे देश के छात्रों का भविष्य चौपट करने पर तुले हुए हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि यह लोग हिंदूवादी विचार के अशिक्षित लोगों को खुश करने के फेर में यह भूल जाते हैं कि यह उस अगली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं जो भविष्य में देश की बागडोर संभालने वाली है। कभी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के पीएम नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर छात्रों के साथ संवाद के दौरान यह ज्ञान साझा करते सुनाई देते हैं कि हनुमान जी पहले अंतरिक्ष यात्री थे। जबकि ऐतिहासिक रूप से पहले अंतरिक्ष यात्री सोवियत संघ के यूरी गागरिन थे। ठाकुर के इस दावे को भी मिथक और अवैज्ञानिक व तर्कहीन बताते हुए खूब आलोचना की गई थी। इसी तरह राजस्थान हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति महेश चंद्र शर्मा ने अपने रिटायरमेंट के अंतिम दिन मई 2017 को मीडिया से बातचीत में अपनी श्ज्ञानगंगाश बहाई। उन्होंने कहा कि ष्मोर आजीवन ब्रह्मचारी रहता है। इसके जो आंसू आते हैं, मोरनी उसे चुगकर गर्भवती होती है।ष उसी समय पक्षी विशेषज्ञों ने इसे गलत व कोरा झूठ बताया था। क्योंकि मोर और मोरनी भी अन्य पक्षियों की ही तरह सामान्य संभोग से ही प्रजनन करते हैं।

सवाल यह है कि आज सूचना व संचार के आधुनिक युग में खासकर ए आई के दौर में ऐसी निरर्थक तर्कहीन व अवैज्ञानिक बातें कर यह महाज्ञानी लोग देश के युवाओं के भविष्य को कब तक अंधकारमय बनाते रहेंगे और कहां तक बहेगी ऐसे ज्ञान की अविरल धारा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

चीनी की जगह मीठी गोलियों का प्रयोग क्यों!

चीनी की जगह इस्तेमाल की जाने वाली मीठी गोलियों का प्रचार कंपनियां बेहतर स्वास्थ्य का वास्ता देकर करती हैं, लेकिन रिसर्चरों का दावा है कि यही मिठास आपको डायबिटीज दे सकती है। इन गोलियों को नॉन कैलोरिक आर्टिफीशियल स्वीटनर एनएएस भी कहते हैं। इनका इस्तेमाल उन पेय पदार्थों में भी किया जाता है जो डायट सोडा के नाम पर बाजार में उपलब्ध हैं। यहां तक खानपान की कई मीठी चीजें भी बाजार में शुगर रहित कहकर बेची जा रही हैं। इनमें भी मिठास इन्हीं एनएएस स्वीटनर से डाली जाती है। वजन के लिए चिंतित लोग इन दिनों बड़े स्तर पर इन गोलियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जुबान पर मिठास छोड़ने के बाद इसके अणु आंतों में सोखे नहीं जाते। साफ है कि चीनी के अणुओं के मुकाबले इन्हें कैलोरी मुक्त क्यों माना जाता है। साइंस की नेचर पत्रिका में छपी रिपोर्ट के मुताबिक रिसर्चरों का कहना है कि जब उन्होंने प्रयोगशाला में चूहे पर और कुछ इंसानों पर जांच की, तो इसके नुकसान पाए। उनके मुताबिक एनएएस आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया की क्रियाशीलता को प्रभावित करती है। रिसर्च पेपर में लिखा है कि हमारी रिपोर्ट में साफ जाहिर है कि एनएएस उसी बीमारी को बढ़ावा देती है, जिससे लड़ना उसका मकसद था। वैज्ञानिकों ने बताया कि कृत्रिम मिठास यानि एनएएस तीन तरह की होती हैं- एसपारटेम, सूक्रालोज और सैकरीन। प्रयोगशाला में जब चूहों को एनएएस दी गई, तो उनके शरीर में ग्लूकोस के लिए इंटॉलरेंस पाई गई, जबकि जिन चूहों को सामान्य पानी या पानी में चीनी घोलकर पिलाया गया, तो उन पर कोई फर्क नहीं पड़ा। अब इन दोनों ही तरह के चूहों के मल को उन रोडेंट्स को खिलाया गया, जिनकी खुद की आंतों में गट बैक्टीरिया नहीं होते। उन्होंने पाया कि कृत्रिम मिठास की गोलियां खाने वाले चूहों के मल को लेने वाले जीवों में ब्लड ग्लूकोस का स्तर तेजी से बढ़ गया। इसी टेस्ट को रिसर्चरों ने मनुष्य पर भी आजमाया। उन्होंने सात ऐसे लोगों को, जो कृत्रिम मिठास का सेवन नहीं करते, सात दिनों तक एनएएस का इस्तेमाल कराया। उन्होंने पाया कि चार से सात दिन के अंदर उनके ब्लड शुगर के स्तर में वृद्धि हो गई और आंतों के बैक्टीरिया भी प्रभावित हुए। आज भारत में 4.5 करोड़ व्यक्ति डायबिटीज (मधुमेह) का शिकार हैं। इसका मुख्य कारण है असंयमित खानपान, मानसिक तनाव, मोटापा, व्यायाम की कमी। इसी कारण यह रोग हमारे देश में बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। डायबिटीज चयापचय से संबंधित बीमारी है। इसमें कार्बोहाइड्रेट और ग्लूकोज का ऑक्सीकरण पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है। इसका मुख्य कारण है इंसुलिन की कमी। इंसुलिन नामक हार्मोन पेनक्रियाज की आइसलैट ऑफ लैगरहैंस द्वारा निकलता है, जो ग्लूकोज का चयापचय करता है। रक्त में ग्लूकोज की मात्रा सामान्य से ज्यादा तथा सामान्य से कम होना दोनों ही स्थितियां घातक सिद्ध होती हैं। इस रोग को प्रारंभिक अवस्था में आहार व्यायाम तथा दवाइयों द्वारा काबू में किया जा सकता है। डायबिटीज में आहार की भूमिका ऐसे रोगियों के आहार की मात्रा कैलोरी पर निर्धारित रहती है, जो कि प्रत्येक रोगी की उम्र, वजन, लिंग, ऊंचाई, दिनचर्या व्यवसाय आदि पर निश्चित की जाती है। इसके आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की अलग-अलग आहार तालिका बनती है। हम यहां पर एक सामान्य डायबिटीज के रोगी की आहार तालिका दे रहे हैं। इसमें भोजन में समय एवं मात्रा पर विशेष ध्यान रखना अतिआवश्यक है। तभी आप इन सब चीजों को जानकर स्वस्थ रह सकते हैं और अपने परिवार को भी स्वस्थ रख सकते हैं।

-स्रोत फीचर्स

जुबान पर मिठास छोड़ने के बाद इसके अणु आंतों में सोखे नहीं जाते। साफ है कि चीनी के अणुओं के मुक. ाबले इन्हें कैलोरी मुक्त क्यों माना जाता है। साइंस की नेचर पत्रिका में छपी रिपोर्ट के मुताबिक रिसर्चरों का कहना है कि जब उन्होंने प्रयोगशाला में चूहे पर और कुछ इंसानों पर जांच की, तो इसके नुकसान पाए। उनके मुताबिक एनएएस आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया की क्रियाशीलता को प्रभावित करती है। रिसर्च पेपर में लिखा है कि हमारी रिपोर्ट में साफ जाहिर है कि एनएएस उसी बीमारी को बढ़ावा देती है, जिससे लड़ना उसका मकसद था। वैज्ञानिकों ने बताया कि कृत्रिम मिठास यानि एनएएस तीन तरह की होती हैं- एसपारटेम, सूक्रालोज और सैकरीन।

कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन भयावह

हालिया जलवायु सम्मेलनों में नेट-जीरो उत्सर्जन काफी चर्चा में रहा। इसमें नेट शब्द का अर्थ है कि हम सिर्फ उत्सर्जन कम करने पर नहीं बल्कि कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण में हटाने पर भी ध्यान दें। एक विचार यह है कि सिर्फ उत्सर्जन कम करके हम 1.5 या 2 डिग्री वृद्धि का लक्ष्य नहीं पा सकेंगे। फिलहाल उड्डयन और नौपरिवहन ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े स्रोत हैं और आगे भी बने रहने की संभावना है। ऐसे में बड़े पैमाने पर कार्बन उत्सर्जन को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता है। इसलिए कार्बन डाईऑक्साइड रिमूवल (सीडीआर) की भी आवश्यकता है। सीडीआर का ऐतिहासिक तरीका पेड़ लगाना रहा है, लेकिन वातावरण से कार्बन डाईऑक्साइड हटाकर भूमि, समुद्र या अन्य स्थानों पर संग्रहित कर देना शायद अधिक टिकाऊ साबित हो।

वर्तमान में कई कंपनियां विभिन्न सीडीआर तकनीकों को जलवायु समाधान के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं। इस विषय में प्राकृतिक कार्बन चक्र और हाल ही में सीडीआर तकनीकों पर काम कर रहे डेविड टी. हो लंबी अवधि के लिए सीडीआर तकनीकों को विकसित करने के पक्ष में तो हैं लेकिन थोड़े संशय में हैं। गौरतलब है कि पूर्व में डायरेक्ट एयर कैप्चर (डीएसी) तकनीक का छोटे स्तर पर प्रदर्शन किया गया था जो रासायनिक तरीकों से कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण से बाहर करती है। इसके लिए 2022 में यू0एस0 बायपार्टीजन इंफ्रास्ट्रक्चर कानून ने चार डीएसी विकसित करने के लिए 3.5 अरब डॉलर का अनुदान देने का भी निर्णय लिया था, लेकिन डेविड के अनुसार यह प्रयास तब तक व्यर्थ है जब तक प्रदूषणकारी गतिविधियों को पूरी तरह से खत्म न कर दिया जाए।

इसको इस तरह से समझें। हमें कार्बन डाईऑक्साइड के स्तर को कई वर्ष पहले की स्थिति में ले जाना है। प्रत्येक डीएसी सुविधा से प्रतिवर्ष 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड वातावरण से बाहर करने की उम्मीद है। अब देखिए कि 2022 में 40.5 अरब टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ है। यदि डीएसी संयंत्र वर्ष भर अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करते हैं तो इससे वातावरण की स्थिति को मात्र 13 मिनट पीछे ले जाया जा सकता है, लेकिन 13 मिनट में जितनी कार्बन डाईऑक्साइड हटाई जाएगी उतने ही समय में बाकी गतिविधियां साल भर की कार्बन डाईऑक्साइड वापस वातावरण में उंडेल देंगी। अब यह देखिए कि यदि हर व्यक्ति एक पेड़ लगाए इन 8 अरब पेड़ों के परिपक्व होने के बाद हमारा वातावरण हर वर्ष 43 घंटे पीछे जा सकता है। कुल मिलाकर इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीडीआर तकनीकों की क्षमता कितनी सीमित है। ऐसे में सीडीआर तकनीकों को तत्काल समाधान के रूप में देखना उचित नहीं है। आने वाले समय में जलवायु समाधानों के लिए काफी धन आवंटित होने की उम्मीद है जिसका सही दिशा में उपयोग करना आवशयक है। यदि हम कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन के मौजूदा स्तर को लगभग 10 प्रतिशत यानी 4 अरब टन प्रति वर्ष तक कम करते हैं तो 10 लाख टन हटाने में सक्षम एक डीएसी संयंत्र हमें 13 मिनट के बजाय 2 घंटे से अधिक समय पीछे ले जाएगी। इस स्थिति को देखते हुए एक निर्धारित वर्ष में नेट जीरो हासिल करने के लिए पूरी तरह से अक्षय ऊर्जा द्वारा संचालित 4000 डीएसी सुविधाओं की आवश्यकता होगी। इस तरह से अवशिष्ट उत्सर्जन संभवत: हमारे वर्तमान कुल उत्सर्जन का 18 प्रतिशत होगा, इसलिए नेट-जीरो तक पहुंचने के लिए कई सीडीआर स्थापित करने होंगे। तकरीबन 7290 डीएसी हब बनाना पर्याप्त होगा। साथ ही, सीडीआर विधियों की खोज के लिए अधिक शोध की आवश्यकता है जो भूमि उपयोग और ऊर्जा खपत को कम करें तथा जिन्हें स्थाई और सस्ता बनाया जा सके। यह जरूरी नहीं कि प्रयोगशाला में सुचारू रूप से काम करने वाली तकनीकें वास्तविक दुनिया में भी वैसे ही काम करेंगी। इनमें से कुछ तकनीकें जैव विविधता और पर्यावरण के लिए हानिकारक भी हो सकती हैं। यह सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है कि सीडीआर वास्तव में कितना काम कर रहा है।

-साभार एसएफ

गौरतलब है कि पूर्व में डायरेक्ट एयर कैप्चर (डीएसी) तकनीक का छोटे स्तर पर प्रदर्शन किया गया था जो रासायनिक तरीकों से कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण से बाहर करती है। इसके लिए 2022 में यू0एस0 बायपार्टीजन इंफ्रास्ट्रक्चर कानून ने चार डीएसी विकसित करने के लिए 3.5 अरब डॉलर का अनुदान देने का भी निर्णय लिया था, लेकिन डेविड के अनुसार यह प्रयास तब तक व्यर्थ है जब तक प्रदूषणकारी गतिविधियों को पूरी तरह से खत्म न कर दिया जाए। इसको इस तरह से समझें। हमें कार्बन डाईऑक्साइड के स्तर को कई वर्ष पहले की स्थिति में ले जाना है। प्रत्येक डीएसी सुविधा से प्रतिवर्ष 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड वातावरण से बाहर करने की उम्मीद है। अब देखिए कि 2022 में 40.5 अरब टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ है। यदि डीएसी संयंत्र वर्ष भर अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करते हैं तो इससे वातावरण की स्थिति को मात्र 13 मिनट पीछे ले जाया जा सकता है, लेकिन 13 मिनट में जितनी कार्बन डाईऑक्साइड हटाई जाएगी उतने ही समय में बाकी गतिविधियां साल भर की कार्बन डाईऑक्साइड वापस वातावरण में उंडेल देंगी।

संक्षिप्त समाचार

फिलीपींस में तूफानों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 259 हुई

मनीला। फिलीपींस में हाल ही में आए दो शक्तिशाली तूफानों से मरने वालों की संख्या बढ़कर 259 हो गई है और लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने बुधवार को कहा कि रविवार को आए शक्तिशाली तूफान फंग-वोंग ने कम से कम 27 लोगों की जान ले ली, जबकि दो अन्य अभी भी लापता हैं। यह तूफान उत्तर-मध्य लूजोन क्षेत्र को पार करते समय काफी कमजोर पड़ गया था।

चीन का 758 मीटर लंबा नया होंगची ब्रिज ढहा

बीजिंग। चीन के सिंचुआन प्रांत में हाल ही में शुरू हुआ होंगची ब्रिज आंशिक रूप से ढह गया। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पुल राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाया गया था और इसकी लंबाई करीब 758 मीटर है। सोमवार दोपहर पुल के आसपास की पहाड़ी ढलानों और सड़कों पर दरारें दिखाई दीं। पहाड़ की जमीन खिसकने लगी तो प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से पुल को तत्काल बंद कर दिया। मंगलवार दोपहर हालात और बिगड़ गए। पहाड़ी से भारी मात्रा में मिट्टी खिसकने के बाद पुल का एक हिस्सा टूटकर ढह गया।

भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व श्रीलंकाई मंत्री गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री प्रसन्ना रणतुंगा को रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए गठित आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आयोग ने एक बयान में कहा कि रणतुंगा को 2021 में उनके कार्यकाल के दौरान कथित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आयोग के अनुसार यह मामला मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले चार संस्थानों के लिए एक नई बीमा योजना की खरीद से जुड़ा है।

यूनान के पूर्वोत्तर द्वीपों बारिश व ओलावृष्टि से भारी क्षति

एथेंस। यूनान के उत्तर-पूर्वी एजियन द्वीपों में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश और ओलावृष्टि होने से बाढ़ आई गई है और इसके कारण घरों, व्यवसायों और फसलों को काफी नुकसान हुआ है। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लेसवोस द्वीप पर कल्लोनी शहर सबसे जयादा प्रभावित हुआ है। त्सिकनियास नदी के उफान पर आने से यहां की सड़कें, घर और कई दुकानें जलमग्न हो गईं। कुछ इलाकों में बाढ़ का पानी 1-3 मीटर तक पहुंच गया, जबकि आपातकालीन दल इमारतों से पानी निकालने के लिए घंटों काम करते रहे।

मुंबई जैसा शहर बन जाएगा न्यूयॉर्क: बैरी

स्टर्नलिक्ट अमेरिकी अरबपति ने ममदानी की जीत पर जताई चिंता

■ कहा: उनके फैसले से शहर बदतर हो जाएगा

वाशिंगटन। न्यूयार्क सिटी के मशहूर रियल एस्टेट अरबपति बैरी स्टर्नलिक्ट ने आशंका जताई है कि ममदानी की लीडरशिप में शहर हालात बदतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि न्यूयार्क भी मुंबई के जैसा बन सकता है। दरअसल ममदानी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कई बड़े वादे किए थे।

इनमें घरों के किराए को फ्रीज करना यानी बढ़ने से रोकना, शहर में मुफ्त बस सर्विस शुरू करना और छोटे बच्चों के लिए मुफ्त चाइल्डकेयर देना शामिल है। इसे लेकर स्टर्नलिक्ट का मानना है कि किराया फ्रीज करने और किरायेदारों को ज्यादा छूट देने से मकान मालिकों की हालत खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा: अगर एक किरायेदार किराया नहीं देता और उसे निकाला नहीं जा सकता, तो बाकी लोग भी नहीं देंगे। धीरे-धीरे पूरा सिस्टम टूट जाएगा और न्यूयार्क, मुंबई जैसा बन जाएगा। स्टारवुड कैपिटल ग्रुप के सीईओ स्टर्नलिक्ट ने कहा कि न्यूयॉर्क में पहले से ही रियल एस्टेट की लागत बहुत ज्यादा है और इसका एक बड़ा कारण मजदूर यूनियनें हैं। इन यूनियनों की वजह से किसी भी प्रोजेक्ट की लागत बढ़ जाती है और आम लोगों के लिए घर बनाना या खरीदना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि न्यूयार्क में हर प्रोजेक्ट यूनियन के साथ करना पड़ता है, जिससे लागत बहुत बढ़ जाती है। यही वजह है कि यहां घर इतने महंगे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ममदानी सही मुद्दों की बात तो कर रहे हैं, जैसे कि शहर में ज्यादा घर बनाना जरूरी है, लेकिन इसे करना आसान नहीं होगा। उनके मुताबिक, अगर सरकार जरूरी मदद नहीं देगी और यूनियनें अपने नियमों में ढील नहीं देंगी, तो नए घर बनाना आर्थिक रूप से असंभव होगा। स्टर्नलिक्ट ने सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने याद दिलाया कि ममदानी पहले पुलिस विभाग के बजट में कटौती की बात कर चुके हैं। अगर लोगों को लगेगा कि उनके बच्चे सड़क पर सुरक्षित नहीं हैं, तो वे शहर छोड़ देंगे। अगर पुलिस को सम्मान और समर्थन नहीं मिला तो हालात बिगड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी पहले ही मिडटाउन मैनहटन से अपना दफ्तर शिफ्ट करने पर विचार कर रही है। आखिर में स्टर्नलिक्ट ने कहा कि उम्मीद है ममदानी इतिहास से सीखेंगे, क्योंकि समाजवाद अब तक दुनिया में कहीं भी सफल नहीं हुआ है। जोहरान ममदानी ने 4 नवम्बर को न्यूयार्क मेयर चुनाव में पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्यूमो को हराया। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे। उनका शपथ ग्रहण 1 जनवरी को होगा। ममदानी खुद को 'डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट' कहते हैं, यानी वे कार्पोरेट्स के बजाय आम लोगों की नीतियों के पक्षधर हैं।

नई दिल्ली। आईएसबीटी के पास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में रहने के कारण राजधानी की सड़कों पर धुंध की मोटी परत छाई।

गाजा सिटी में शेख रादवान क्लीनिक के इलाके से 20 शव बरामद

गाजा। गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग ने कहा है कि उसकी टीमों ने गाजा सिटी स्थित शेख रादवान क्लिनिक के पास 20 शव बरामद किए हैं। विभाग ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि ये शव क्लीनिक की परिधि में बेतरतीब ढंग से दबे हुए पाए गए थे और इनमें से जयादातर अज्ञात हैं। बयान में कहा गया है कि इलाके में लापता बताए गए अन्य लोगों की तलाश जारी है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को अपनी दैनिक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में एन्क्लेव के अस्पतालों में तीन शव और कई घायल लोग आए हैं। अधिकारियों के अनुसार, 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम लागू होने के बाद से 245 लोग मारे गए हैं और 623 अन्य घायल हुए हैं। बचाव दल ने एन्क्लेव के विभिन्न हिस्सों से 529 शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सात अक्टूबर 2023 से गाजा युद्ध में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 69182 हो गई है और 170694 अन्य घायल हुए हैं।

एच-1बी वीजा पर नरम पड़े ट्रम्प के तेवर

कहा: अमेरिका को चाहिए टैलेंट, सिर्फ बेरोजगारों पर निर्भर नहीं रह सकते

■ नई वीजा नीति में लाया गया बड़ा बदलाव
■ अमेरिका को अपने उद्योगों और रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत है: ट्रम्प
■ मैं सहमत हूं कि हमें अमेरिकी मजदूरों की तनख्वाह बढ़ानी चाहिए

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अब तक के सख्त रुख से पीछे हटते हुए कहा है कि देश को विदेशी कुशल लोगों की जरूरत है। उन्होंने माना कि अमेरिका केवल लंबे समय से बेरोजगार बैठे लोगों पर निर्भर रहकर अपनी इंडस्ट्री और टेक्नोलाजी को आगे नहीं बढ़ा सकता। कि देश में कई अहम नौकरियों के लिए पर्याप्त टैलेंटेड लोग नहीं हैं, इसलिए विदेशी स्किल्ड वर्कर्स की जरूरत पड़ती है।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को अपने उद्योगों और रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं सहमत हूं कि हमें अमेरिकी मजदूरों की तनख्वाह बढ़ानी चाहिए, लेकिन हमें यह टैलेंट भी लाना होगा। अमेरिका को दुनिया में आगे बनाए रखने के लिए ये जरूरी है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने सितम्बर महीने में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद एच-1बी वीजा आवेदन की फीस में बड़ा इजाफा किया गया। अब नए वीजा के लिए 1500 डालर की जगह 1 लाख अमेरिकी डालर (लगभग 83 लाख रुपये) फीस देनी होगी। यह नियम 21 सितम्बर के बाद दाखिल किए गए सभी नए आवेदन या 2026 की वीजा लाटरी में शामिल होने वालों पर लागू होगा। हालांकि, जो लोग पहले से वीजा पर हैं या जिनके आवेदन पहले दिए गए हैं, वे इस नए नियम से प्रभावित नहीं होंगे। जब इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि अमेरिका में पहले से काफी प्रतिभाशाली लोग हैं, तो ट्रम्प ने कहा कि नहीं, ऐसा नहीं है। कुछ खास स्किल्स ऐसी हैं जो हमारे पास नहीं हैं। आप बेरोजगारों को सीधा नहीं कह सकते कि चलो, अब मिसाइल बनाना सीखो। उन्हें ट्रेनिंग और अनुभव चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने जार्जिया राज्य का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां एक ह्युंडई बैटरी फैक्ट्री में जब दक्षिण कोरिया से आए कुशल मजदूरों को वापस भेजा गया, तो उत्पादन में भारी दिक्कतें आईं। उन्होंने कहा कि बैटरियां बनाना बहुत जटिल और खतरनाक काम है। कई विस्फोट की घटनाएं होती हैं। कोरिया से आए लोग इस काम में माहिर थे और वहीं से अमेरिकी कर्मचारियों को सिखा रहे थे। जब उन्हें भेज दिया गया, तो पूरी व्यवस्था ठप हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उनके पुराने रुख से बिल्कुल अलग माना जा रहा है।

पहले ट्रम्प विदेशी कामगारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते रहे हैं और कहते थे कि इससे अमेरिकी नौकरियां छिनती हैं। लेकिन अब उन्होंने खुद कहा है कि श्देश में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करने में कई साल लगेंगे। तब तक हमें विशेषज्ञों को लाना ही होगा। अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। ट्रम्प प्रशासन की अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लॉट्स में रुकावट और वीजा रिजेक्शन में अचानक बढ़ोतरी से यह स्थिति बनी है। दिक्कतों के चलते कई छात्र अब दूसरे देशों में पढ़ाई के विकल्प तलाश रहे हैं। विदेश छात्रों को लेकर अपने रुख में यू-टर्न लिया है। ट्रम्प ने कहा है कि विदेशी छात्रों को अमेरिका में पढ़ाई की अनुमति मिलती रहनी चाहिए, क्योंकि वे न सिर्फ देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं बल्कि विश्वविद्यालयों की आर्थिक स्थिति को भी संभालते हैं।

भारत, अमेरिका और जापान के साथ मालाबार 2025 में ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हुआ

नई दिल्ली। भारत, जापान और अमेरिका के साथ मालाबार अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हो गया है। यह एक प्रमुख समुद्री अभियान है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रणनीतिक सहयोग को दर्शाता है। यह अभ्यास क्षेत्रीय साझेदारों के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने और समुद्री क्षेत्र में सामूहिक सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अधिकारिक सूत्रो ने कहा कि मालाबार अभ्यास ऑस्ट्रेलिया और हमारे सहयोगी देशों को साझा चुनौतियों का समाधान कर, सामूहिक क्षमताओं को समन्वित करके और वैश्विक जुड़ाव में कमियों को दूर हिंद-प्रशांत सुरक्षा को मज़बूत करने में सक्षम बनाता है। संयुक्त अभियानों के प्रमुख, वाइस एडमिरल जस्टिन जोन्स एओ, सीएससी, आरएएन ने कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियां तेज़ी से विकसित हो रही हैं इसलिए साझेदारियां और संयुक्त अभ्यास पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

भूटान के चतुर्थ नरेश वांगचुक से मिले मोदी

■ कालचक्र अनुष्ठान का उद्घाटन किया

थिम्पू (भूटान)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां थिम्पू में भूटान के चतुर्थ नरेश जिग्मे सिंग्ए वांगचुक से मुलाकात की और उन्हें 70 वीं जयंती के अवसर पर बधाई दी। दो दिन की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे मोदी ने नरेश वांगचुक को बधाई देते हुए सरकार और लोगों की ओर से नरेश के निरंतर अच्छे स्वास्थ्य एवं कुशलता की कामना की। प्रधानमंत्री ने भारत-भूटान मैत्री को और सुदृढ़ बनाने में उनके नेतृत्व, परामर्श और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने दोनों देशों के लोगों को करीब लाने वाले साझा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों के महत्व पर बल दिया। मुलाकात के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि महामहिम चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो के साथ एक अद्भुत बैठक हुई। भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में वर्षों से उनके व्यापक प्रयासों की सराहना की। ऊर्जा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और संपर्क में सहयोग पर चर्चा की। गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना में प्रगति की सराहना की, जो हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप है। मोदी थिम्पू में चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के एक भाग के रूप में चांगलिमथांग स्टेडियम में कालचक्र दीक्षा समारोह में भूटान नरेश, भूटान के चतुर्थ नरेश और भूटान के प्रधानमंत्री के साथ शामिल हुए और इस का उद्घाटन किया। प्रार्थना की अध्यक्षता भूटान के मुख्य मठाधीश परम पावन जे खेंपो ने की। बाद में मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और महामहिम चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो के साथ कालचक्र 'समय का पहिया' अभिषेक का उद्घाटन करने का सम्मान प्राप्त हुआ। इसकी अध्यक्षता परम पावन जे खेंपो ने की, जिसने इसे और भी विशेष बना दिया। यह दुनिया भर के बौद्धों के लिए महान सांस्कृतिक महत्व वाला एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। कालचक्र अभिषेक चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव का एक हिस्सा है, जिसने बौद्ध धर्म के भक्तों और विद्वानों को भूटान में एक साथ लाया है।

अमेरिकी विमानवाहक पोत कैरिबियन पहुंचा

■ वेनेजुएला के साथ तनाव बढ़ा

वाशिगटन। दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड, कैरिबियन सागर में पहुंच गया है। अमेरिकी नौसेना ने यह जानकारी दी है।

इससे यह अटकलें तेज हो गई हैं कि ट्रंप प्रशासन मादक पदार्थ-आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को निशाना बना रहा है। गेराल्ड आर. फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की तैनाती के साथ कैरिबियन में अमेरिकी सेना की संख्या बढ़कर अब 15000 से अधिक हो गई है जो इस क्षेत्र में दशकों में सबसे बड़ा सैन्य जमावड़ा है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा कि ये सुरक्षा बल मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक संगठनों को कम करने तथा उन्हें खत्म करने के लिए मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाएंगे। लगभग 4000 से जयादा नाविकों और दर्जनों सामरिक विमानों को ले जाने वाला यह प्रथम श्रेणी का वाहक अपने अभियानों में सहायता के लिए दिन-रात एक साथ स्थिर-पंख वाले विमानों को उड़ान भरने और उतरने में मददगार है। बयान में कहा गया है कि गेराल्ड आर-फोर्ड के साथ स्ट्राइक समूह में कैरियर एयर विंग आठ के नौ स्क्वाड्रन, विध्वंसक स्क्वाड्रन दो के आर्ले बर्क-श्रेणी के निर्देशित-मिसाइल विध्वंसक यूएसएस बैनब्रिज और यूएसएस महान, और एकीकृत वायु एवं मिसाइल रक्षा कमान जहाज यूएसएस विस्टन एस. चर्चिल शामिल हैं। अमेरिकी दक्षिणी कमान (साउथकॉम) के कमांडर एडमिरल एल्विन होल्सी ने कहा कि यह तैनाती पश्चिमी गोलार्ध और अमेरिकी भूमि की सुरक्षा के हमारे संकल्प को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। गौरतलब है कि दो सितम्बर के बाद से अमेरिकी सेना ने कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत महासागर के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में कथित तौर पर मादक पदार्थों को ले जा रही 19 नौकाओं को डुबो दिया है। इस अभियान में उनमें सवार कम से कम 76 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रपति मादुरो ने बार-बार अमेरिकी कार्रवाइयों की निंदा करते हुए इसे अपनी सरकार को अपदस्थ करने और लैटिन अमेरिका में अमेरिकी सैन्य प्रभाव का विस्तार करने का प्रयास बताया है।

शटडाउन के बीच गहराया भूख का संकट

■ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम योजना के पूर्ण भुगतान पर लगी अस्थाई रोक को कुछ और दिनों के लिए बढ़ाया-

वाशिंगटन। अमेरिका में जारी सरकारी शटडाउन के चलते अब भूख का संकट गहरा होता दिख रहा है। कारण है कि एक तरफ जहां शटडाउन के जल्दी खत्म होने की बात खूब सुर्खियां बटोर रही हैं।

तो दूसरी ओर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी) यानी खाद्य सहायता योजना के पूर्ण भुगतान पर लगी अस्थाई रोक को कुछ और दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अदालत का यह आदेश गुरुवार रात तक प्रभावी रहेगा। यह फैसला ऐसे समय आया है जब संकेत मिल रहे हैं कि सरकारी शटडाउन जल्द खत्म हो सकता है और इससे करोड़ों लोगों को मिलने वाली फूड सहायता बहाल हो सकती है। एसएनएपी कार्यक्रम के तहत करीब 4.2 करोड़ अमेरिकी नागरिकों को खाने-पीने की चीजें खरीदने में मदद मिलती है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से राज्यों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ राज्यों में लाभार्थियों को पूरा मासिक राशन मिल चुका है, जबकि कुछ को आंशिक या बिल्कुल नहीं मिला। अदालत ने फिलहाल कोई बड़ा कानूनी फैसला देने से परहेज करते हुए स्थिति को अस्थाई रूप से यथावत रखा है। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में कुछ लोगों को नवम्बर का पूरा लाभ मिल गया, लेकिन कई लोगों को अब तक कुछ नहीं मिला। 41 वर्षीय जिम मलियार्ड जो अपनी बीमार पत्नी और बेटी की देखभाल करते हैं, उन्होंने बताया कि उन्हें पिछले दो हफ्तों से 350 डालर की मासिक एसएनएपी सहायता नहीं मिली। अब उनके पास सिर्फ +10 बचे हैं और परिवार चावल व इंस्टेंट नूडल्स पर गुजारा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर रात खर्च गिनता हूं ताकि परिवार का पेट चल सके। चिंता मेरी सबसे बड़ी दुश्मन बन गई है। इस संकट के बीच कई आम नागरिक मदद के लिए आगे आए हैं। न्यूयार्क की शिक्षिका एशली आक्सेनफोर्ड ने अपने घर के सामने 'लिटिल फूड पैंट्री' लगाई ताकि जरूरतमंद पड़ोसियों को खाना मिल सके। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन ने शटडाउन के कारण अक्टूबर के बाद एसएनएपी फंडिंग रोकने का निर्णय लिया था, जिससे देशभर में मुकदमे शुरू हो गए। कुछ अदालतों ने सरकार को कम से कम आंशिक भुगतान करने का आदेश दिया, जिसके बाद प्रशासन ने 65 प्रतिशत तक लाभ देने की बात मानी।

अफगान में फिर हमला कर सकता है पाक

राजधानी इस्लामाबाद में धमाके के बाद रक्षा मंत्री आसिफ बोले: हम कार्रवाई पर मजबूर

■ अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमले को नकारा नहीं जा सकता

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की जा सकती है। ख्वाजा ने यह बयान मंगलवार को इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनख्वा में हुए हमलों के बाद दिया। एक इंटरव्यू में जब आसिफ से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान इन हमलों का जवाब देगा, तो उन्होंने कहा खुदा ने चाहा तो जरूर जवाब देंगे।

अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमले को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मंगलवार को हुए हमलों के बाद पाकिस्तान कार्रवाई करने पर मजबूर है। इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले में 12 लोगों की मौत हो गई और 36 लोग घायल हुए। आत्मघाती बम विस्फोट को लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अलग-अलग दावे किए हैं। पीएम शहबाज ने इस हमले के लिए भारत को जिम्मेदार बताया है। जबकि रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगान सरकार पर हमले का आरोप लगाया। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि अफगानिस्तान की धरती से पाकिस्तान में आतंकियों की घुसपैठ कराई जा रही है। उनके मुताबिक पिछले एक साल में 2500 से 3000 आतंकियों को पाकिस्तान में भेजा गया। अब ये लोग अलग-अलग इलाकों में मौजूद हैं। मरने वाले आतंकियों में 55 प्रतिशत अफगानी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान आश्वासन पर भरोसा नहीं कर सकता, क्योंकि अफगान सरकार पर उनके अपने लोग भी भरोसा नहीं करते। इस्लामाबाद धमाके से एक दिन पहले पाकिस्तानी आर्मी ने खैबर पख्तूनख्वा के वाना शहर में एक आर्मी कालेज पर आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया था। एजेंसी एपी (एपी) के मुताबिक, 6 पाकिस्तानी तालिबान लड़ाके इस कालेज पर हमला करने पहुंचे थे। वाना इलाका लंबे समय से पाकिस्तानी तालिबान, अल-कायदा और अन्य चरमपंथी संगठनों का गढ़ माना जाता है। सेना की कार्रवाई में 2 आतंकी मारे गए थे, जबकि 3 आतंकी कालेज कैंपस में घुसने के बाद एक इमारत में घिर गए।

जॉर्जिया में विमान दुर्घटना, तुर्की के सभी 20 सैनिकों की मौत

अंकारा। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त सी-30 मालवाहक विमान में सवार सभी 20 सैनिकों की मौत हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद तुर्की और जॉर्जिया के अधिकारियों ने समन्वित खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय के अनुसार अज़रबैजान से तुर्की जा रहे इस विमान का जॉर्जियाई हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के 27 मिनट बाद रडार से संपर्क टूट गया और यह अज़रबैजानी सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर जॉर्जिया के सिग्नागी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

कैंसर से लड़ाई में इन्सान को मिल रहा बैक्टीरिया का साथ

नई दिल्ली। शरीर के किसी भाग में बाहर से बैक्टीरिया डालने की बात सुन कर किसको डर नहीं लगेगा? कारण है कि बैक्टीरिया की बात होते ही उससे पैदा होने वाली न्यूमोनिया और हैजा जैसी गंभीर बीमारियां याद आ जाती हैं। लेकिन अब कैंसर जैसी दुस्साध्य बीमारी से लड़ाई में बैक्टीरिया को एक कारगर हथियार के रूप में विकसित किया जा रहा है। वैज्ञानिक कैंसर के इलाज में बैक्टीरिया के प्रयोग पर काम कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे जल्द ही बैक्टीरिया को इस प्रकार साधने में सफल हो जाएगे कि शरीर में डाले गए बैक्टीरिया कैंसरग्रस्त कोशिकाओं को तेजी से ढूंढ-ढूंढ कर नष्ट करने वाली जीती-जागती मशीन बन जाएंगे। यही नहीं, बैक्टीरिया अपना काम पूरा कर बिना कोई और असर छोड़े लुप्त हो जाएंगे। वेबसाइट 'द कन्वर्सेशन' में प्रकाशित जोसेफिन राइट और सुसन वुड्स की एक अनुसंधान रिपोर्ट में बैक्टीरिया से कैंसर चिकित्सा जैसे इस जटिल विषय पर प्रकाश डाला गया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108